E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 220 | गुवाहाटी | शनिवार, 9 मार्च, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



## वन अधिकारी रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**गोलाघाट ( हिंस )।** असम सरकार के वन विभाग के एक अधिकारी को रिश्वत लेते हुए आज रंगे हाथों पकड़ लिया गया। सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जामुगुड़ी क्षेत्रीय वन अधिकारी गोविंद्रा तैद को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह मेरापानी में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा द्वारा फैलाए हुए जाल में रिश्वत लेते हुए फंस गया। शिकायत के अनुसार, वन अधिकारी ने व्यवसायी देबजीत बोरा के पत्थर ले जा रहे डंपर से 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। वन अधिकारी को शुक्रवार की दोपहर उसके कार्यालय में उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह 20 हजार रुपए की रिश्वत ले रहा था। आरोप के अनुसार पूर्व में भी गिरफ्तार अधिकारी क्षेत्र के व्यापारियों को पैसे की मांग करके परेशान करते आ रहा था। गिरफ्तार अधिकारी से घिलाधारी पुलिस और भ्रष्टाचार निरोधक टीम लगातार पूछताछ कर रही है।

# मंत्री दास ने पीएम के साथ संवाद सत्र में भाग लेने वाली असम की लखपति बाईदेओ को दी शुभकामनाएं

**गुवाहाटी ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 11 मार्च को नई दिल्ली में देश के विभिन्न राज्यों की आत्मनिर्भर लखपति बाइदेओ के साथ बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम में असम की 20 लखपति बाइदेओ भाग लेंगी। राज्य के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रंजीत कुमार दास ने आज असम की इन *लखापति बाइदेओ* को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मंत्री दास ने आज गुवाहाटी के पांजाबारी स्थित असम राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय के बैठक कक्ष से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से नई दिल्ली जा रही राज्य के विभिन्न विकास क्षेत्रों की 20 आत्मनिर्भर लखपति बाइदेओ से बात की। मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों से जाना कि कैसे *लखपति बाइदेओ* विभिन्न उत्पादक और आय सृजन गतिविधियों के माध्यम से अपनी आय के स्रोत बढ़ाकर आत्मनिर्भर बन गए हैं। उन्होंने कहा कि असम में एसएचजी के उत्पादन और आय में वृद्धि राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अच्छा संकेत है। यह बताते हुए कि देश में एक करोड़ से अधिक महिलाएं अब आत्मनिर्भर बन रही हैं और लखपति बाइदेओ बन रही हैं, मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने आने वाले वर्ष में 2 करोड़ और महिलाओं को *लखपति बाइदेओ* बनाने के लिए कदम उठाए हैं। असम के स्वयं सहायता समूह के 8 लाख से अधिक सदस्यों के लखपति होने का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में असम राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अन्य 10 लाख महिलाओं को *लखपति बाइदेओ* बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री ने राज्य में लागू होने वाले मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता मिशन का भी उल्लेख किया। मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से विस्तार से यह भी जायजा लिया कि कैसे असम की *लखपति बाईदेओ,* जो 11 मार्च को प्रधानमंत्री के साथ बातचीत में भाग लेने के लिए नई दिल्ली में रहेंगी, अपने उत्पाद कैसे बेच रहे थे या बैंकों, वित्तीय संस्थानों आदि से मदद ले रहे थे। प्रत्येक *लखपति बाईदेओ* अपनी आय और कमाई और सफलता के तरीकों की जानकारी दी। नई दिल्ली पहुंचकर आगामी 11 मार्च को प्रधानमंत्री के साथ चर्चा में हिस्सा लेने वाली असम की लखपति बाइदेओ किस तरह से स्वयं के उत्पादित सामग्री की बिक्री किया या बैंक, वित्तीय प्रतिष्ठान आदि से किस प्रकार से सहायता या सुविधा लिया, इसको लेकर भी मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए विस्तार से जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि ये लखपति बाइदेओ कृषि कार्य, मुर्गी-बत्तख पालन, सब्जियां, डेयरी, मत्स्य उत्पादन, केचुआ खाद तैयार करना, हथकरघा उत्पाद, आभूषण, गामोछा और वस्त्र, नर्सरी, बिस्कुट, पिठा-लारू, अचार, टेराकोटा, बांस-बेंत उत्पाद, सौंदर्यीकरण उत्पाद, बागवानी आदि से संबंधित उत्पादन और कमाई के कार्य के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में सक्षम होने का मार्ग प्रस्सत होने की बात वीडियो कांफ्रेंस के जरिए महिलाओं ने मंत्री का बताए। ज्ञात हो कि इन आत्मनिर्भर *लखपति बाइदेओ* की सालाना आय एक लाख से 10 लाख रुपए से अधिक है। लखपति बाइदेओं ने मंत्री को बताया कि आत्मनिर्भर बनने के अलावा कुछ लोग खुद को स्थापित करने और दूसरों को प्रशिक्षित करने में भी सक्षम हुए हैं। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ बातचीत से लखपति बाइदेओ के साथ-साथ राज्य के स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों को नए उत्साह के साथ उत्पादन और आय उन्मुख गतिविधियों में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रधानमंत्री के साथ संवाद में भाग लेने वाली असम की *लखापति बाइदेओ* कल्पना बर्मन, अंजना बर्मन, मुन्मी सोनोवाल, जोस्ना पाल, सुनैना कर, सुलिका गोगोई, तुलिका गोगोई स्वर्गीयारी, बिंदिया नार्जारी और सोमाइना ब्रह्म, बबी बोरा, चंदना सैकिया कलिता, काजली कुर्मी, कोनिका तालुकदार, रेणु महंत, तनुमाया सोनार विश्वकर्मा, बनिमा ब्रह्म, पदुमी कारदंग, अमृत माधुरी देवी, रीना बरुवा, अनुपमा ठाकुरिया और कुइन चालिहा डेका शामिल हैं। आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लखपति बाइदेओ के साथ बातचीत के दौरान, मंत्री दास के साथ असम राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के राज्य निदेशक मसंदा पार्टीन भी मौजूद थे।

## शिवसागर आमगुड़ी घाट के पुराने दिखाऊ पुल के पास मिला शव

**शिवसागर ( हिंस )।** शिवसागर के आमगुरी घाट पर पुराने दिखाऊ पुल के पास एक व्यक्ति का तैरते हुए मिला। शव को आज सुबह की सैर पर निकले लोगों ने देखा। शव के गले में पंडाल में इस्तेमाल की जाने वाली रस्सी लिपटी हुई मिली। मृत व्यक्ति के पैर में चमड़े की सैंडल, जैकेट, मंकी कैप पहने पुल के निचे पानी में तैरते हुआ दिखा। इस बीच शव के गले में बंधी रस्सी को लेकर रहस्य गहरा गया है। स्थानीय लोगों को संदेह है कि यह सुनियोजित हत्या है। परिजनों ने शव की शिनाख्त कर ली है। व्यक्ति की पहचान मेटेका गांव निवासी जितेन दास (47) के रूप में हुई है। पेशे से कार चालक जितेन दास बीती रात काम से घर नहीं लौटे। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव की जांच की। इस बीच मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## रंगिया : सीएए के विरोध में छात्र संघ ने निकाली बाइक रैली

**रंगिया ( विभास )।** अखिल असम छात्र संस्था के आह्वान पर तथा 30 जनगोष्ठिय छात्र संगठनों के सहयोग से अखिल कामरूप जिला छात्र संस्था द्वारा बृहस्पतिवार को रंगिया में एक विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। अखिल असम छात्र संस्था के कार्यालय सचिव भवज्योति डेका, अखिल कामरूप जिला छात्र संस्था के अध्यक्ष नवज्योति दास, मुख्य सचिव तौफीकुर रहमान के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बाईक रैली के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर रंगिया आँचलिक छात्र संस्था के कार्यालय से रंगिया नगर में एक बाइक रैली निकाली गयी और इसके माध्यम



से सीएए का विरोध जताया गया। इस मौके पर उपस्थित असम छात्र संस्था के कार्यालय सचिव भवज्योति डेका ने कहा कि जाति को ध्वंस करने वाला *सीएए* (का) को हम नहीं मानेंगे और अवैध विदेशियों का बोझ असम नहीं उठाएगा। इसके अलावा उपस्थित अखिल कामरूप जिला छात्र संस्था के मुख्य सचिव तौफीकुर रहमान ने कहा कि असम की भाषा, संस्कृति को ध्वंस व हमेशा के लिए पंगु बनाने वाले इस *का* कानून को जब तक रद्द नहीं किया जाएगा तब तक अखिल असम छात्र संस्था चुप नहीं बैठेगे। छात्र संस्था राजमार्ग पर उतरेगी और कानूनी कार्रवाई के माध्यम से संघर्ष को जारी रखेंगे। उक्त विरोध कार्यक्रम में असम छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष धर्मेश्वर दास, अखिल कामरूप जिला छात्र संस्था के सलाहकार धीरज राजवंशी, गोलोक राजवंशी, अनवर खान आदि उपस्थित रहे।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र प्रभुत्व चलाया गया। सर्च ऑपरेशन के दौरान मैगजीन के साथ एक एम 16 राइफल (एसईआर 15789 नोट), मैगजीन के साथ एक 9 मिमी पिस्तौल, दो नंबर 36 एमके 1 हैंड ग्रेनेड, दो चीनी भारी विस्फोटक हैंड ग्रेनेड, एक सिंगल बैरल बंदूक, एक इम्प्रोवाइज्ड लॉन्ग रेंज मोर्टार, दो कार्ट्रिज 38 मिमी दंगा रोधी रबर बुलेट अम्न एएफके-पुणे, एक टियर स्मोक शेल (एसएआरपी), एक टियर स्मोक शेल (सीएस),



एक टियर स्मोक शेल सॉफ्ट, एक जोड़ी लड़ाकू पोशाक और जूते चुराचांदपुर जिले से बरामद किए गए। सुरक्षा बलों द्वारा पूरे राज्य में छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## गोसाईगांव में मवेशियों से लदा ट्रक जब्त

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** गोसाईगांव में मवेशियों को ले जा रहे एक ट्रक जब्त कर लिया गया। ट्रक पर 10 मवेशी लदे हुए थे। पुलिस ने आज बताया कि तड़के गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में गोसाईगांव के बैसापुर गांव नंबर दो में मवेशियों से भरा ट्रक (एएस-26एसी 0184) जब्त किया गया। ग्राहमपुर थाना पुलिस ने छापा मारकर अंदरुनी रास्ते से जा रहे इस ट्रक को जब्त कर लिया। ट्रक से गायों की दस उन्नत नस्लों को बचाया गया। ट्रक चालक और पशु तस्कर इसी बीच भागने में सफल रहे। पुलिस ने बताया कि मवेशियों से भरा यह ट्रक धुबड़ी जा रहा था।

## मंगलदै में बड़ी संख्या में कांग्रेस, भाजपा में शामिल



**दरंग ( हिंस )।** लोकसभा चुनाव के मौके पर सत्तारूढ़ भाजपा में लोगों के शामिल होने का सिलसिला लगातार जारी है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता राज्य के सभी हिस्सों से पार्टी की बैठकें और संगठनात्मक बैठकें करके पार्टी की नींव मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। इसी संदर्भ में शुक्रवार को मंगलदै में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। दरंग जिले के 300 से अधिक लोग भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से आकर्षित होने के बाद इस राष्ट्रीय पार्टी में शामिल हो गए। आज क्षेत्र से कांग्रेस और पूर्व छात्र संघों के साथ-साथ अन्य दलों से बड़ी संख्या में लोग भाजपा में शामिल हुए। भाजपा नेता और सांसद दिलीप सैकिया, विधायक डॉ. परमानंद राजबंशी, गुरुज्योति दास और अन्य की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय में समारोह आयोजित किया गया था।

## नशीली गोलियों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बंगाईगांव ( हिंस )।** बंगाईगांव जिले के बैटामारी थानांतर्गत तालगुड़ी में भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली गोलियों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आज बताया कि उत्तर सालमारा अनुमंडल पुलिस अधिकारी और बैटामारी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी के दौरान 3312 प्रतिबंधित नशीली गोलियां जब्त कीं गई। नशीली गोलियों के साथ पुलिस ने तस्करी करने वाले दो व्यक्तियों को भी गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनों तस्करों के पास से एक बाइक तथा बिना नंबर प्लेट की एक स्कूटी भी जब्त करने में कामयाबी हासिल की।

## राज्यपाल ने शुक्लेश्वर महादेव के किए दर्शन

**गुवाहाटी ( विभास )।** आज शिवरात्रि के महापर्व के उपलक्ष्य में असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने अपनी धर्मपत्नी अनिता कटारिया के साथ पान बाजार स्थित प्राचीन शुक्लेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान शिव से सपरिवार आशीर्वाद ग्रहण किया। राज्यपाल ने शुक्लेश्वर महादेव की विधि पूर्वक पूजा अर्चना की। इससे पहले शुक्लेश्वर देवालय समिति की तरफ से राज्यपाल व उनकी धर्मपत्नी को फूलाम गमछा और पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। इस उपलक्ष्य में राज्यपाल महोदय ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्हें बताया कि अनादि काल से सृष्टि निर्माण के समय



से ही शिव है। इनको भोले बाबा कहते हैं। ये सब के पिता हैं। भगवान राम जब लंका विजय को गए तब भोले बाबा का आशीर्वाद लेकर ही गए थे। भगवान शिव इतने भोले हैं कि सिर्फ जल चढ़ाने मात्र से ही वे खुश हो जाते हैं। अगर निरंतर ईमानदारी से उनकी तपस्या करें तो सदैव उन पर प्रसन्न रहते हैं। यह भावना से ही भक्त के साथ जुड़ जाते हैं। लेकिन जब रूद्र रूप धारण करते है तो शत्रुओं के विनाश के लिए ही उनका तांडव होता है। ग्वालपाड़ा में स्थित सूर्य पहाड़ के बारे में बोलते हुए राज्यपाल ने कहा कि सूर्य पहाड़ एक ऐसा प्राचीन पावन तीर्थ है जहां एक साथ एक हजार से भी ज्यादा शिवलिंग मौजूद है। आज शिवरात्रि के दिन मैंने भी शिव महादेव से आशीर्वाद लिया है कि पद बड़ा मिले या ना मिले मगर जो भी मिला है उसे ईमानदारी से निभाउ। इसके पश्चात शुक्लेश्वर देवालय की तरफ से राज्यपाल को प्रसाद दिया गया।

## दुर्घटना में हाथी की मौत के बाद हाथियों के झुंड ने किया सड़क जाम

**होजाई ( हिंस )।** जिले के डबका आरक्षित वन क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 36 पर हुई एक सड़क दुर्घटना में एक जंगली हाथी की मौत हो गई। नगांव पुलिस ने आज बताया कि यह दुर्घटना आरक्षित वन के लंबाताना इलाके में आज तड़के उस समय हुई, जब एक तेज रफ्तार डंपर की चपेट में एक जंगली हाथी आ गया। हालांकि, इस संदर्भ में पुलिस कुछ भी निश्चित रूप से बताने की स्थिति में नहीं है। लेकिन, स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि किसी तेज रफ्तार डंपर ने हाथियों के झुंड को टक्कर मार दी। सड़क के बीचों-बीच पड़े मृत हाथी को चारों ओर से घेर कर हाथियों का झुंड सड़क पर बैठ गया। जिस कारण सड़क के दोनों और गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। हाथियों को आज काफी मशक्कत के बाद वहां से हटाया गया। वन विभाग के साथ-साथ पुलिस भी हाथियों को बीच सड़क से हटाने में सहयोग किया। वन विभाग और पुलिस दोनों ही अपने-अपने स्तर से घटना की जांच कर रही है।

## मारवाड़ी हॉस्पिटल ने वॉकथॉन के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**गुवाहाटी ( विभास )।** मारवाडी हॉस्पिटल ने प्रेमी मार्केट इंडस्ट्रियल डिस्पेंसरी (एफबीओडी), अठगांव तक एक वॉकथॉन का आयोजन करके महिला दिवस मनाया वॉकथॉन सुबह 6.45 बजे एफबीओडी से शुरू हुआ और 7.30 बजे हास्पिटल मे समाप्त हुआ। जिसमे कॉलेज और अन्य संस्थान के लगभग 40 कर्मचारियों ने पोस्टर और बैनर के साथ भाग लिया। यह पहली बार है कि मारवाडी हॉस्पिटल्स ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अवसर पर वॉकथॉन का आयोजन किया है। इस तरह के आयोजन से महिला संविधान को प्रोत्साहन, प्रेरणा और विरासत मिलती है। अस्पताल के



अध्यक्ष रोहित उपाध्याय, सुपरमार्केट की अध्यक्ष मिस जुबिदा रिन ज़ा, उप महाप्रबंधक (संचालन) श्रीमती कमला सिंह दास ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस वॉकथॉन के पीछे मुख्य उद्देश्य अस्पताल की महिला कर्मचारियों के साथ-साथ लैंगिक समानता बनाना भी है।

## बोड़ोलैंड में भाजपा-यूपीपीएल की होगी जीत : यूजी ब्रह्म

**बाक्सा ( हिंस )।** असम सरकार के मंत्री यूजी ब्रह्म ने कहा है कि बोडोलैंड में भाजपा-यूपीपीएल गठबंधन की भारी मतों से जीत होगी। उन्होंने कहा कि उसके उम्मीदवार 6 लाख से अधिक वोट प्राप्त करेंगे। मंत्री आज जिले के फतेहाबाद चाय बागान में प्रस्तावित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का शिलान्यास करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र को बहुत अधिक महत्व दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य के सरकारी स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों से अधिक उन्नत बनाए जाने की योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव के मौके पर भले ही इसका आज शिलान्यास कर रहे हैं, लेकिन यह योजना काफी पहले ही बनाई गई है। यह सरकार हर दिन कार्य करती है, इसीलिए चुनाव आने-जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता है। ज्ञात हो कि आज मंत्री ब्रह्म ने क्षेत्र के कई अन्य विद्यालयों की भी आधारशिला रखी। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि 12, 13 मार्च के अंदर कोकराझाड़ लोकसभा सीट से भाजपा-यूपीपीएल गठबंधन के उम्मीदवार की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि योग्य प्रार्थी को चुनाव में टिकट दिया जाएगा। समय पर लोगों को इसकी जानकारी दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सांसद नव शरणिया को इस चुनाव में नॉमिनेशन नहीं करना चाहिए। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून पास होने से पहले ही विपक्षी दलों को इसमें संशोधन करवाना चाहिए था। इसको लेकर बेवजह राजनीति करने की कोशिशें की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो लोग आज आंदोलन कर रहे हैं वे इसको लेकर पहले से ही आंदोलन करते रहे हैं। इससे मतदाताओं पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। भाजपा गठबंधन की सरकार ने जिस तरह से कार्य किया है, उसके आधार पर लोग इसे निश्चित ही वोट देंगे। इस दौरान मंत्री ब्रह्म ने पत्रकारों के कई प्रश्नों के भी सीधे-सीधे उत्तर दिए।

## बाबा भोलेनाथ की बारात में उमड़ा जन-सैलाब

**गुवाहाटी ( विभास )।** मां कामाख्या भक्त मंडल के सौजन्य से 22 वां भोलेनाथ की बारात एवं माता का जगराता कार्यक्रम फैंसी बाजार चार नंबर रेल गेट स्थित साधना मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: पूजा अर्चना के साथ हुई। इस अवसर पर साधना मंदिर के विशाल पंडाल में मां भगवती पार्वती की भव्य प्रतिमा बनाकर पूजा अर्चना के पश्चात ज्योत प्रचलित की गई एवं आरती उतारी गई। दोपहर कन्या पूजन के साथ ही कन्या भोजन कराया गया। शाम को महिलाओं द्वारा माता का मंगल पाठ एवं मांगलिक गीतों का कार्यक्रम किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने लाल चुनरी ओढ़ कर माता का मंगल पाठ किया। इसके पश्चात शुक्लेश्वर मंदिर से साधना मंदिर के लिए भोले बाबा की भव्य बारात निकाली गई जो शुक्लेश्वर मंदिर से एमजी रोड, फैंसी बाजार,



एमएस रोड होते हुए साधना मंदिर आयोजन स्थल पर पहुंची। इस बारात में बैलगाड़ी पर भगवान भोले को विराजमान किया गया। इसके साथ ही भूत प्रेत की जीवंत झांकियां एवं विभिन्न आकर्षक झांकियां भी सजाई गई। बारात का साधना मंदिर में प्रवेश करते ही द्वार पूजा के साथ स्वागत किया गया एवं मंडप में माता पार्वती के साथ शिव विवाह की परंपरा वैदिक पंडितों के मंत्रों के साथ पुरी की गई। बारात का मुख्य आकर्षण दिल्ली के अनुकाली पागल आर्ट ग्रुप द्वारा अघोर नृत्य था। रात्रि को भजन संध्या में चंडीगढ़ के गायक नवी इबादत, अकोला के उमेश शर्मा व नेतल शर्मा, गुवाहाटी के जनरल सिंह ने भजनों की श्रृंखला प्रस्तुत की।

## होम्सटूलाइफ ने अपना पहला स्टोर गुवाहाटी में किया शुरू

**गुवाहाटी।** होम्सटूलाइफ ने भारत के गुवाहाटी में अपना पहला स्टोर शुरू किया है, जो होम फर्नीचर शॉपिंग को एक नया मुकाम देगा। स्टोर को गुवाहाटी के प्रमुख खरीदारी स्थल के खास स्थान पर खोला गया है, जहां बड़ी संख्या में खरीदारों की उपस्थिति देखी जाती है। सिंगापुर का मशहूर प्रीमियम फर्नीचर ब्रांड होम्सटूलाइफ, भारत के गुवाहाटी में स्थित जीएस रोड, स्वराज नगर में अपने पहले स्टोर के शानदार उद्घाटन की घोषणा करते हुए रोमांचित है। यह मील का पत्थर पूरे भारत में ब्रांड के अपने फ्रेंचाईजी नेटवर्क को तेजी के साथ बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि इसके प्रसिद्ध फर्नीचर और बेजोड़ ग्राहक सर्विस देश भर के समझदार घर के मालिकों को आकर्षित करते हैं। होम्सटूलाइफ को परंपरा और आधुनिकता के मेल से बने एक उर्जावान शहर का हिस्सा बनकर बेहद गर्व है। जैसे-जैसे शहर और विकसित




हो रहा है, होम्सटूलाइफ गुवाहाटी के निवासियों को बेहतरीन फर्नीचर उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है, जो उनके अनोखे व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है और उनके निवास स्थान को समृद्धशाली बनाता है। इसके लेदर, प्राकृतिक और परिवार के अनुकूल किस्मों में शामिल हैं, जिसमें लोगों की विविध जीवनशैली और जरूरतों के अनुसार 17 से अधिक लेदर और कपड़े की विविधताएं होती हैं। होम्सटूलाइफ की सबसे बड़ी खासियत इसकी पारदर्शी मूल्य निर्धारण नीति है, जो नए गुवाहाटी स्टोर के साथ सभी शोरूम में समान कीमतें पेश करता है। स्टोर के लांच के अवसर पर होम्सटूलाइफ के वैश्विक ब्रांड प्रमुख सेलेस्टे फुआ ने कहा कि हमारे गुवाहाटी स्टोर का उद्घाटन होम्सटूलाइफ के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हम बेसब्री से इस मनोरम शहर के सम्मानित निवासियों के लिए अपनी पेशकशों और प्रीमियम सेवाओं की व्यापक श्रृंखला पेश करने का इंतजार कर रहे हैं। हम घर मालिकों के घरों के वातावरण को समृद्ध बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, और आश्वस्त हैं कि गुवाहाटी के समझदार ग्राहक, हमारे बारीकी से तैयार किए गये और अपनी खूबसूरती के लिए विख्यात फर्नीचर का गर्मजोशी से चयन करेंगे। गुवाहाटी में खुला होम्सटूलाइफ का नया स्टोर एक विशाल खरीदारी स्थल में आगंतुकों का स्वागत करता है जहां वह सोफे, डाइनिंग सेट, बिस्तर और सजावटी सामानों की विविध रेंज की जानकारी ले सकते हैं। इस मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कंट्री हेड इंडिया होम्सटूलाइफ के वरूण कांत ने कहा कि किफायती कीमत पर गुणवत्तायुक्त फर्नीचर उपलब्ध कराने के हमारे प्रयास के कारण पूरे भारत में होम्सटूलाइफ के तेजी से प्रसार को बढ़ावा मिलता है। वैश्विक स्तर पर अग्रणी सोफा निर्माताओं में से एक के रूप में *मेक इन इंडिया फॉर इंडिया एंड द वर्ल्ड* की नीति के तहत काम करते हुए हम 10 साल की व्यापक गुणवत्ता आश्वासन गारंटी के साथ सबसे नवीन अंतर्राष्ट्रीय स्टाइल को मुहैया करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। होम्सटूलाइफ एवं इसके अद्वितीय फर्नीचर श्रृंखला के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर विजिट करें।

पूर्वांचल केशरी (असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI (ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित



राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 220 | गुवाहाटी | शनिवार, 9 मार्च, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

प्रधानमंत्री की कंटेंट क्रिएटर्स से अपील, क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट की शुरूआत करें पेज 4
जलाभिषेक-रुद्राभिषेक कर योगी ने की लोगों के सुखमय जीवन की कामना पेज 5
पीएम के नेतृत्व में महिला सशक्तीकरण के लिए अनेक निर्णय : दिया कुमारी पेज 8
अब नेपाल में भी भारतीय यूपीआई के जरिए कर सकेंगे ... पेज 9

**सुप्रभात**

*वृद्धजन की सेवा ही विनय का आधार है।*

– आचार्य चाणक्य

## अमेरिका एवं द.कोरिया के खिलाफ युद्ध की तैयारी करो तेज : किम

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के खिलाफ युद्धक क्षमताओं को मजबूत करने का आह्वान किया है। सरकारी मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इससे पहले उत्तर कोरिया ने अमेरिका-दक्षिण कोरिया के संयुक्त अभ्यास के जवाब में कार्रवाई की धमकी दी थी। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएन) ने बताया कि किम ने बुधवार को एक पश्चिमी अभियान प्रशिक्षण सैन्य अड्डे के दौरे पर कहा कि सेना को युद्ध संबंधी तैयारियों के लिए अपनी युद्धक क्षमताओं में तेजी से सुधार लाने के उद्देश्य से वास्तविक युद्ध अभ्यास को लगातार तेज करना चाहिए। केसीएनए के अनुसार, किम ने कहा कि *दुश्मनों के लगातार खतरे को भारी ताकत से नियंत्रित करने के लिए* अत्यधिक तत्परता की आवश्यकता है। उसने बताया कि किम ने सैन्य इकाइयों के युद्धाभ्यास का मार्गदर्शन किया, लेकिन उसने इस बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी।

# विकास का उपहार लेकर फिर असम पहुंचे पीएम मोदी

### *सीएम और केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने किया भव्य स्वागत*

**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा तथा केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को असम के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री का हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया। काजीरंगा नेशनल पार्क में प्रधानमंत्री का सड़क किनारे खड़े लोगों ने भी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के असम आगमन की जानकारी देते हुए कहा कि मैं मोदी परिवार की ओर से मां कामाख्या और महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव गुरुजन की पावन भूमि असम में हार्दिक स्वागत करता हूं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि असम में 17,606 करोड़ के विकास की गंगा प्रवाहित करने के लिए प्रधानमंत्री यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा है कि जब भी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी हमसे मिलने आते हैं, वे विकसित असम के लिए अपने कल्याणकारी उपायों से लोगों में खुशी लाते हैं। प्रधानमंत्री का असम पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व एवं केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने काजीरंगा के कोहरा हेलीपैड पर स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी आज काजीरंगा विश्व धरोहर स्थल पर रात बिताएंगे और इसकी सुंदरता को देखेंगे। जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान पहुंचे विश्व धरोहर स्थल पर मोदी परिवार के सदस्य का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में लोग वहां एकत्र हो गए। कल 9 मार्च को प्रधानमंत्री राज्य में 13 -शेष पृष्ठ आठ पर



## प्रधानमंत्री अरुणाचल को देंगे कई परियोजनाओं की सौगात

**इटानगर (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी शनिवार को अरुणाचल प्रदेश का दौरा करेंगे और सेला सुरंग सहित राज्य के कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। सेला सुरंग अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग और तवांग जिले को जोड़ती है। इस सुरंग के बनने से भारत-चीन सीमा तक सेना के पहुंने के लिए काफी आसान हो जाएगा। तय कार्यक्रम के अनुसार वह कल सुबह करीब 10 बजे पश्चिम कामेंग जिले के बैशाखी में सेला -शेष पृष्ठ आठ पर

## शिवरात्रि के मौके पर राज्य के साथ पूरे देश भर में शिव पूजा की धूम

### *गंगा समेत सभी नदी तटों और शिवालयों में जनसैलाब*

**शिवसागर (हि.स.)।** असम समेत पूरा पूर्वोत्तर राज्य (प्राचीन कामरूप प्रदेश) शिव और शक्ति का जागृत क्षेत्र रहा है। विभिन्न पुराणों और तंत्रों में ऐसा उल्लेख मिलता है कि यहां हर कदम पर शिव और शक्ति विराजमान हैं। यही वजह है कि यहां शिव की आराधना और देवी की पूजा अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक होती है। स्वाभाविक रूप से आज महाशिवरात्रि के अवसर पर राज्य भर में शिव वंदना की ध्वनि के बीच शिव-पार्वती विवाह का शिवरात्रि उत्सव चल रहा है। महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए शिव मंदिरों एवं अन्य पूजा स्थलों पर शिव भक्तों की भारी भीड़ सुबह से ही उमड़ रही है। -शेष पृष्ठ आठ पर



## बर्नीहाट भारत का सबसे प्रदूषित शहर : सीआरईए

**गुवाहाटी।** सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) द्वारा मासिक वायु गुणवत्ता स्नैपशॉट ने पूरे भारत में खतरनाक वायु प्रदूषण के स्तर पर फिर से प्रकाश डाला है। विश्लेषण में फरवरी 2024 के लिए मासिक औसत पीएम2.5 की मात्रा के आधार पर शहरों की रैंकिंग की गयी और पाया गया कि फरवरी 2024 में मेघालय और असम सीमा पर स्थित शहर बर्नीहाट भारत का सबसे प्रदूषित शहर था, इसके बाद अररिया, हापुड़, हनुमानगढ़, नलबाड़ी, मुजफ्फरनगर, भागलपुर, -शेष पृष्ठ आठ पर

## मणिपुर : जेसीओ का अपहरण, सुरक्षा बलों ने कुछ ही घंटों में कराया मुक्त



**इंफाल।** मणिपुर के थौबल जिले में असामाजिक तत्वों ने शुक्रवार को भारतीय सेना में सेवारत जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) का घर से अपहरण कर लिया। घटना की जानकारी पर सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। गत 27 फरवरी को इंफाल में घर में घुसकर मैतेई चरमपंथी संगठन अरामबाई तेंगगोल ने मणिपुर पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का अपहरण कर लिया था। हालांकि कुछ ही घंटों में सुरक्षा बलों ने एएसपी को सुरक्षित मुक्त करा लिया था। अधिकारियों ने बताया कि -शेष पृष्ठ आठ पर

### *कोटा में शिव बारात के दौरान बड़ा हादस*

## करंट की चपेट में आने से 18 बच्चे झुलसे, हालत गंभीर



**कोटा।** राजस्थान के कोटा में महाशिवरात्रि के दिन एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां शिव बारात निकालते समय करंट लगने से 18 बच्चे बुरी तरह झुलस गए। तुरंत सभी घायलों को कोटा के एमबीएस अस्पताल में करवाया गया है। घायलों का हालचाल जानने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भी अस्पताल पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक, कुन्हाड़ी थर्मल चौराहे के पास -शेष पृष्ठ आठ पर

## अमृतपाल के सेल से मिले कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, जेल अधीक्षक गिरफ्तार

**डिब्रूगढ़।** असम के डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल के अधीक्षक को कट्टरपंथी संगठन *वारिस पंजाब* दे के सदस्यों की मदद के लिए शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि वारिस पंजाब दे से जुड़े कैदियों के कब्जे से स्मार्टफोन सहित इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की जब्ती के मामले में गिरफ्तार किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि जेल अधिकारी को लापरवाही के लिए सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल, वह डिब्रूगढ़ सदर पुलिस स्टेशन में हैं। उन्होंने कहा कि यह गिरफ्तारी पिछले महीने जेल में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के बंदियों की इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स कोशिकाओं की जब्ती के संबंध में की गई थी। खालिस्तानी समर्थक कैदियों के कब्जे से जब्त किए गए उपकरणों में एक सिम कार्ड के साथ एक स्मार्टफोन, एक कीपैड फोन, कीबोर्ड के साथ एक टीवी रिमोट, एक स्पाई-कैमरा पेन, पेन-ड्राइव, एक ब्लूटूथ हेडफोन और स्पीकर शामिल थे। पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया था कि डिब्रूगढ़ जेल, असम में एनएसए बंदियों का संदर्भ - एनएसए सेल में होने वाली अनधिकृत गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलने पर, एनएसए ब्लॉक के सार्वजनिक क्षेत्र में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। खबरों के मुताबिक, पुलिस महानिदेशक ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कानूनी कार्रवाई और सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। खालिस्तानी समर्थक संगठन के दस सदस्यों में उनका नेता अमृतपाल सिंह और उसके एक -शेष पृष्ठ आठ पर



## महिला कैदियों के गर्भवती होने पर एचसी ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की विभिन्न जेलों में बंद महिला कैदियों के गर्भवती होने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी है। शुक्रवार को न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची और अजय कुमार गुप्त की खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जो महिलाएं जेल में कैदी हैं, वे प्रेग्नेंट हो रही हैं, इससे बड़ी सुरक्षा चूक नहीं हो सकती। पांच अप्रैल तक राज्य सरकार लिखित में बताए कि आखिर ऐसा कैसे हो रहा है। न्यायाधीश ने कहा कि इस तरह की घटना समाज पर क्या प्रभाव -शेष पृष्ठ आठ पर



## लोस चुनाव : कांग्रेस ने 39 नामों की पहली सूची जारी की, राहुल वायनाड से ही लड़ेंगे

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 39 उम्मीदवारों के नाम की पहली सूची जारी की है। इसमें पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पार्टी नेता शशि थरूर, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित कई नेताओं के नाम हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आज पार्टी मुख्यालय में पार्टी की पहली सूची जारी की है। राजनांदगांव से भूपेश बघेल, दुर्ग से राजेंद्र साहू, तिरुवनंतपुरम से डॉ. शशि थरूर और अलप्पुझा से के.सी. वेणुगोपाल का नाम शामिल है। कांग्रेस की आज जारी सूची के अनुसार जांजगीर-चांपा (एससी) से डॉ. शिवकुमार डहरिया, कोरबा से ज्योत्सना महंत, राजनांदगांव से भूपेश बघेल, दुर्ग से राजेंद्र साहू, रायपुर से विकास उपाध्याय, महासमुंद से ताम्रध्वज साहू बीजापुर (एससी) से एच.आर. अलगुर (राजू), हावेरी से आनंदस्वामी गद्दादेवरा मठ, शिमोगा से गीता शिवराजकुमार, -शेष पृष्ठ आठ पर



## जम्मू-कश्मीर में टूटा गया इंडिया गठबंधन, अकेले चुनाव लड़ेगी पीडीपी

**श्रीनगर।** आई.एन.डी.आई.ए. ब्लॉक की एकता को एक और झटका देते हुए, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की संभावना है। यह घटनाक्रम नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि वे कश्मीर में सभी तीन सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। उमर अब्दुल्ला के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, महबूबा मुफ्ती ने कहा कि उमर अब्दुल्ला ने खुद कहा था कि वे गठबंधन में नहीं हैं। हम चाहते थे कि पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन (पीएजीडी) जारी रहे लेकिन हर कोई जानता है कि इस पीएजीडी को किसने खत्म किया। हम कांग्रेस से बात करेंगे। चूंकि हम आई.एन.डी.आई.ए. ब्लॉक गठबंधन में हैं और देखते हैं कि आगे कैसे बढ़ना है... पीएजीडी एक लोकतांत्रिक और अद्वितीय गठबंधन था लेकिन जिस तरह से इसे बिखेर दिया गया है वह बहुत निराशाजनक है। देश में जो कुछ भी हो रहा है उसके लिए जम्मू और कश्मीर एक प्रयोगशाला है जिसका सामना करना पड़ - शेष पृष्ठ आठ पर



## सड़क पर नमाज पढ़ रहे एक मुस्लिम को पुलिस ने मारी लात, हुआ सस्पेंड

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक पुलिसकर्मी द्वारा सड़क पर शुक्रवार की नमाज अदा कर रहे मुस्लिम पुरुषों को लात मारने के वीडियो ने आक्रोश फैला दिया है। जिसके बाद अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। दरअसल, शुक्रवार को दिल्ली के इंद्रलोक इलाके की एक मस्जिद में भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे भीड़ अधिक होने के कारण कई लोग सड़क पर नमाज पढ़ने लगे। नमाज के दौरान कुछ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और भीड़ को तितर-बितर करने -शेष पृष्ठ आठ पर


## शाहजहां के आवास पर सीबीआई की छापेमारी, कई साक्ष्य मिले

**कोलकाता (हि.स.)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशाखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में शाहजहां शेख के आवास और कार्यालय पर शुक्रवार को छापे मारे। यह जानकारी अधिकारियों ने यहां दी। सीबीआई के अधिकारी हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशखाली स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों में भी गए। इसके बाद अधिकारी उसके कार्यालय गए। शेख को राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल -शेष पृष्ठ आठ पर







# प्रधानमंत्री की कंटेंट क्रिएटर्स से अपील, 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' की शुरूआत करें



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को डिजिटल कंटेंट तैयार करने वालों से एक साथ मिलकर एक क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट की शुरूआत करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने उनसे इसके माध्यम से भारत से जुड़ी कहानियों, संस्कृति और भारत की परंपरा तथा विरासत को पूरी दुनिया से साझा करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। मोदी ने यूट्यूब व अन्य माध्यमों से डिजिटल जानकारी और सामग्री देने वालों से युवाओं को ड्रग्स के प्रति जागरूक करने और इसके सेवन से होने वाले नुकसान समझाने की भी अपील की। साथ ही उन्होंने महिला दिवस पर नारी शक्ति को उनके कंटेंट का हिस्सा बनाने की भी अपील की। प्रधानमंत्री ने इन पुरस्कारों को आगे भी जारी रखने का आश्वासन दिया और कहा कि अगली शिवरात्रि पर भी ऐसा कार्यक्रम करेंगे। उन्होंने कहा कि शिव भाषा, कला और क्रिएटिविटी के जनक माने गए हैं। उन्होंने देशवासियों को महाशिवरात्रि की बहुत बहुत शुभकामनाएं दीं। नए युग के साथ कदम से कदम मिलाने की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कंटेंट क्रिएटर्स के चलते ही सरकार को इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नीतिगत निर्णय या अभियान का समाज पर कितना व्यापक प्रभाव हो सकता है। इसका अहसास आप सभी को देखकर हो सकता है। पिछले 10 वर्षों में, मजबूत होती डेटा क्रांति और सस्ते मोबाइल फोन ने कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक नई दुनिया बनाई है। पुरस्कारों के विषय में प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में ये पुरस्कार बहुत महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध होने वाले हैं। ये पुरस्कार इस नये युग को ऊर्जा दे रहे हैं। कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनेंगे। उन्होंने कहा, आज भारत मंडपम में देश अपने उस दायित्व को पूरा कर रहा है। नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड का आयोजन नए दौर को समय से पहले पहचान देने का आयोजन है। जब सामग्री और रचनात्मकता सहयोग करते हैं तो जुड़ाव बढ़ता है। जब सामग्री डिजिटल के साथ जुड़ती है तो परिवर्तन आता है। जब सामग्री उद्देश्य के साथ मिलती है तो प्रभाव देखा जा सकता है। पहले 'नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड' में प्रधान मंत्री ने कहा, "आपका कंटेंट आज पूरे भारत में जबरदस्त प्रभाव पैदा कर रहा है। एक तरह से आप इंटरनेट के एमवीपी हैं। जब मैं आपको एमवीपी कहता हूं, तो इसका मतलब है कि आप इंटरनेट के सबसे मूल्यवान व्यक्ति एमवीपी बन गए हैं।" प्रधानमंत्री ने इस मौके पर पहले राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार में गेमिंग श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ क्रिएटर का पुरस्कार निश्चय को, सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य और फिटनेस क्रिएटर पुरस्कार अंकित बैयानपुरिया को, डिसरप्टर ऑफ द ईयर पुरस्कार रणवीर अल्लाहबादिया (बीयरबाइसेप्स) को, सांस्कृतिक राजदूत का पुरस्कार मैथिली ठाकुर को और आरजे रौनक (बउआ) को सबसे रचनात्मक रचनाकार-पुरुष पुरस्कार प्रदान किया। अमन गुप्ता को वर्ष के सेलिब्रिटी निमार्ता का पुरस्कार प्रदान किया। पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार में प्रधान मंत्री मोदी ने भारत मंडपम में कामिया जानी को पसंदीदा यात्रा निमार्ता पुरस्कार प्रदान किया। कीर्तिका गोविंदासामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार प्रदान किया।

# राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए तमिलनाडु को 2281.10 करोड़ और जम्मू कश्मीर को 2093.92 करोड़ की दी मंजूरी : गडकरी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने तमिलनाडु के लिए 2281.10 करोड़ और जम्मू कश्मीर को 2093.92 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। यह राशि तमिलनाडु और जम्मू कश्मीर के राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण पर खर्च होगी । केंद्रीय मंत्री ने शुक्रवार को यह जानकारी सोशल मीडिया के एक्स हैंडल पर साझा किया है। गडकरी ने अपनी पोस्ट में कहा है कि जम्मू कश्मीर में राष्ट्रीय राजमार्ग-701 के राफियाबाद-कुपवाड़ा-चौकीबल-तंगधार-चामकोट खंड के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण परियोजना के लिए 1404.94 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। क्षेत्र में रसद के लिए महत्वपूर्ण, बारामूला और कुपवाड़ा जिलों को जोड़ने वाला यह मार्ग अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास उत्तरी कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र के विकास का अभिन्न अंग है। पैकेज क के तहत ईपीसी मोड पर बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में प्रोजेक्ट बीकन के तहत क्रियान्वित इस पहल का लक्ष्य 51 किलोमीटर के मार्ग को पेव्ड, शोल्डर के साथ 2-लेन में बदलना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एसडीए पार्किंग (जबरवान पार्क के पास) से शंकराचार्य मंदिर तक रोपवे के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए 126.58 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। श्रीनगर जिले में 1.05 किलोमीटर तक फैली यह पहल हाइब्रिड एन्यूटी मोड पर संचालित होती है। इसमें 700 पीपीएचपीडी परिवहन की क्षमता के साथ मोनोकेबल डिटेचेबल गोंडोला (एमडीजी) तकनीक का उपयोग किया जाता है। यह परियोजना श्रीनगर शहर और डल झील का मनोरम दृश्य प्रस्तुत करने, एक सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन साधन के लिए डिजाइन की गई है। इससे विकलांग व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए मंदिर तक पहुंच आसान हो जाएगी। यात्रा का समय लगभग 30 मिनट से घटकर लगभग 5 मिनट हो जाएगा । स्थानीय आबादी के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र को आर्थिक लाभ होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-244 के नाशरी-चेनानी खंड के उन्नयन और सुदृढ़ीकरण परियोजना के लिए 562.40 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उधमपुर और रामबन जिलों में 39.10 किलोमीटर तक फैली यह पहल राष्ट्रीय राजमार्ग (ओ) के तहत ईपीसी मोड पर संचालित होती है। पटनीटॉप एक प्रमुख पर्यटन स्थल होने के कारण सड़क के सुधार से पटनीटॉप तक बेहतर कनेक्टिविटी की जाएगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा है कि तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्ग-716 के तिरुवल्लुर से तमिलनाडु व आंध्र प्रदेश सीमा खंड तक मौजूदा 2-लेन पेव्ड शोल्डर के चौड़ीकरण के लिए 1376.10 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। पैकेज-1 के तहत तिरुवल्लूर जिले में पक्के कंधों के साथ 4-लेन कॉनफि गरेशन में यह परिवर्तन 43.95 किलोमीटर तक है। इस विकास का उद्देश्य पूरी तरह से पहुंच-नियंत्रित गलियारा स्थापित करना है, जो तिरुथानी और तिरुपति के पवित्र शहरों को जोड़ने वाले एक महत्वपूर्ण मार्ग का अभिन्न अंग है। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि धर्मपुरी और सलेम जिलों में राष्ट्रीय राजमार्ग के 6.6 किलोमीटर लंबे थोप्पुर घाट खंड के संरेखण को बढ़ाने के लिए 905.00 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। चुनौतीपूर्ण भू-भाग से गुजरने वाले इस खंड में 110 मीटर से कम त्रिज्या वाले तेज एस-वक्र जैसी कमियां हैं, जो दुर्घटनाओं में योगदान करती हैं। बायीं ओर एक ऊंचा गलियारा व पुल सहित प्रस्तावित सुधारों का उद्देश्य इस राष्ट्रीय राजमार्ग-44 खंड पर दुर्घटनाओं को कम करना है, जो तमिलनाडु में उत्तर-दक्षिण गलियारे के बेंगलुरु-कन्याकुमारी खंड का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# होली से पहले सरकारी कर्मचारियों को तोहफा, डीए और एचआरए बढ़ा




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** केंद्र की मोदी सरकार ने होली से पहले आयोजित बैठक में केंद्रीय कर्मचारियों के लिए बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने महंगाई भत्ते में 4 फीसदी बढ़ाने की घोषणा की है। इसके साथ ही केंद्रीय कर्मचारियों के हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) में भी 3 फीसदी की बढ़ोतरी की घोषणा की है। बता दें कि सरकार साल में दो बार डीए और डीआर में बढ़ोतरी करती है। एक जनवरी और दूसरी जुलाई से प्रभावी होती है। सरकार ने अक्टूबर 2023 में डीए 4 फीसदी बढ़ाकर 46 फीसदी किया था। एक बार फिर से सरकार ने महंगाई दर को देखते हुए डीए 4 फीसदी बढ़ाकर 46 फीसदी से 50 फीसदी कर दिया है। इस बढ़ोतरी से लगभग देश के 1 करोड़ कर्मचारी और पेशनहोल्डर्स को फायदा होगा। सरकार ने 50 फीसगी डीए के कारण एचआरए में बढ़ोतरी की है। मोदी सरकार ने एचआरए की दरों को एक्स, वाय और जेड कैटेगरी के शहरों के हिसाब से बेसिक सैलरी रिवाइज की है। यानी एक्स, ववाय और जेड प्रकार के शहरों के लिए एचआरए क्रमशः 27, 18 और 9 फीसदी था, जिसे बढ़ाकर 30, 20 और 10 फीसदी कर दिया है। बता दें कि सरकार कर्मचारियों को दिए जाने वाले हाउस रेंट अलाउंस उस शहर की कैटेगरी के हिसाब से मिलता है, जहां कर्मचारी रहता है। एचआरए में इस बढ़ोतरी के कारण सरकार पर लगभग 9,000 करोड़ रुपये का भार पड़ेगा। डीए में की गई बढ़ोतरी 1 जनवरी 2024 से मानी जाएगी। इसका मतलब है कि मार्च की सैलरी में केंद्रीय कर्मचारियों को दो महीने जनवरी और फरवरी का एरियर भी आएगा। इसका मतलब है कि वित्त वर्ष के अंतिम दिन 31 मार्च को सरकारी कर्मचारियों को बंपर सैलरी मिलने वाली है।

# आखिरकार विधानसभा अध्यक्ष ने स्वीकार किया तापस रॉय का इस्तीफा



**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंद्योपाध्याय ने आखिरकार विधानसभा की सदस्यता से तापस रॉय का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। शुक्रवार को तापस रॉय ने इसकी पुष्टि की है। तृणमूल कांग्रेस के बराहनगर से विधायक तापस बुधवार को आधिकारिक तौर पर भाजपा में शामिल हो गए थे। तापस रॉय ने चार मार्च को इस्तीफा दे दिया था लेकिन, कुछ तकनीकी खामियों की वजह से विधानसभा अध्यक्ष ने इसे आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया था। उसमें त्रुटि का जिक्र कर अध्यक्ष ने उन्हें दोबारा इस्तीफा देने को कहा था। इसके बाद तापस रॉय गुरुवार को एक बार फिर विधानसभा अध्यक्ष से मिले। उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि वह अपनी इच्छा से इस्तीफा दे रहे हैं। इसी बीच तापस रॉय ने उन्हें नया इस्तीफा सौंप दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। इस्तीफा स्वीकार होने के बाद अध्यक्ष और तापस रॉय ने अपनी लंबी दोस्ती को याद किया। अध्यक्ष ने कहा, "हम बहुत समय पीछे जाते हैं। हालांकि, हमें अब अपना काम जारी रखना होगा।" तापस रॉय ने कहा, "हम लंबे समय से दोस्त हैं। हम दोनों ने एक समय में पार्षद के रूप में एक साथ काम किया था।

# दिल्ली एयरपोर्ट को महिलाएं कर रहीं संचालित, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गुलाबी रंग में रंगा



**नई दिल्ली, (ईएमएस)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के खास मौके पर आज दिल्ली एयरपोर्ट के तमाम टर्मिनल पर सिर्फ महिलाएं ही नजर आ रही हैं। यही नहीं एयरपोर्ट को भी गुलाबी रंग में रंगने का उपक्रम किया गया है। इससे पहले एयरपोर्ट संचालित करने वाली कंपनी ने ऑल वुमन शिफ्ट की घोषणा करते हुए कहा था कि दिल्ली एयरपोर्ट का नजारा शुक्रवार को बदला-बदला नजर आएगा। इसके तहत कंपनी ने कहा था कि एयपोर्ट के सभी टर्मिनल पर सिर्फ महिलाएं ही नजर आएंगी। यही नहीं एयरपोर्ट भी गुलाबी रंग में रंगा जाएगा। इसी के साथ कंपनी ने ऑल वुमन शिफ्ट की घोषणा कर दी। इसका मुख्य कारण एविएशन इंडस्ट्री में समानता को बढ़ावा देना है। कंपनी ने महिलाओं के लिए खास व्यवस्था की है और इसे पिंक शिफ्ट नाम दिया है। इस बीच एयरपोर्ट के तीनों टर्मिनल्स पर महिलाएं तैनात रहेंगी। महिला कर्मचारी 8 घंटे की पूरी शिफ्ट संभालेंगी। इस संबंध में दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड का कहना है कि 8 मार्च को पूरे एक शिफ्ट में सिर्फ महिलाएं होंगी। कंपनी का कहना है कि ऐसा करने से संदेश जाएगा कि टर्मिनल संचालन में महिलाओं का विशेष योगदान बराबर रहता है और इस पहल से विमानन सेक्टर में अपना कॅरिअर बनाने की इच्छुक महिला पेशेवरों के लिए यह प्रेरणा का काम करेगा।

# केजरीवाल ने आधी आबादी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार माताओं-बहनों के सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत है। केजरीवाल ने एक्स हैंडल पर लिखा है, " नारी शक्ति को समर्पित "महिला दिवस" की सभी महिलाओं को सम्मान और स्नेह के साथ शुभकामनाएं। हमारी सरकार ने सभी माताओं-बहनों के सशक्तिकरण के लिए हर महीने एक हजार रुपये की सम्मान राशि देने का निर्णय लिया है। आइए, महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए उनका समर्थन करें और उन्हें अधिक सकारात्मक रूप में सामाजिक और आर्थिक स्थिति में बदलाव लाने के लिए उनके साथ कदम मिलाकर चलें।"

# शिक्षाविद एवं लेखिका सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए मनोनीत





**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लेखिका और और समाजसेविका सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महिला दिवस के मौके पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मुझे खुशी है कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विविध क्षेत्रों में सुधा का योगदान अतुलनीय और प्रेरणादायक रहा है। राज्यसभा में उनकी उपस्थिति हमारी 'नारी शक्ति' का एक शक्तिशाली प्रमाण है, जो हमारे देश की नियति को आकार देने में महिलाओं की ताकत और क्षमता का उदाहरण है। उनके सफल संसदीय कार्यकाल की कामना करता हूं। सुधा मूर्ति एक भारतीय शिक्षिका, लेखिका, समाजसेविका और इंफोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष हैं। वह गेट्स फाउंडेशन की सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल पहल की सदस्य भी हैं। मूर्ति ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में मूर्ति क्लासिकल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया की स्थापना की है। सुधा मूर्ति इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी हैं। उनकी बेटी अक्षता मूर्ति ब्रिटेन के वर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी हैं।

# घरेलू रसोई गैस सिलेंडर 100 रुपये हुआ सस्ता, प्रधानमंत्री की महिला दिवस पर घोषणा



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 100 रुपये की छूट देने का ऐलान किया है। इस कटौती के बाद राजधानी दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 903 रुपये से घटकर 803 रुपये हो गई है। भोपाल में अब यह 808.50 रुपये, जयपुर में 806.50 रुपये और पटना में 901 रुपये में मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को 'एक्स' पर लिखा है कि महिला दिवस के अवसर पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रक्षाबंधन के मौके पर केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस 14.2 किलोग्राम सिलेंडर के दाम में 200 रुपये की कटौती की थी।

# ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को खुलेंगे



**रुद्रप्रयाग/उखीमठ, (हि.स.)।** विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम के कपाट इस यात्रा वर्ष 10 मई को प्रातः सात बजे खुलेंगे। शिवरात्रि के पर्व पर बदरीनाथ- केदारनाथ- मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में रावल आचार्य, वेदपाठियों ने ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में पूजा-अर्चना, विधि- विधान, पंचांग गणना पश्चात केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की। इस दौरान ओंकारेश्वर मंदिर को 11 क्विंटल फूलों से सजाया गया था दानीदाताओं ने श्रद्धालुओं के लिए भंडारा और प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने श्रद्धालुओं को शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीते यात्रा काल में रिकार्ड तीर्थ यात्री केदारनाथ धाम पहुंचे। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार और मंदिर समिति यात्री सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। शीघ्र ही मंदिर समिति का दल केदारनाथ पहुंचकर यात्रा पूर्व तैयारियों का जायजा लेगा। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि आज ही भगवान केदारनाथ की पंचमुखी भोग मूर्ति के पंचकेदार गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से केदारनाथ धाम प्रस्थान करने का कार्यक्रम भी घोषित किया गया है। कार्यक्रम के अनुसार 5 मई को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में भैरवनाथ की पूजा होगी। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी भोगमूर्ति 6 मई को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से विभिन्न पड़ावों से होते हुए केदारनाथ धाम प्रस्थान करेगी। 6 मई को प्रथम पड़ाव गुप्तकाशी 7 को द्वितीय पड़ाव फाटा 8 मई को तृतीय पड़ाव गौरीकुंड और 9 मई शाम को पंचमुखी डोली केदारनाथ धाम पहुंच जायेगी। शुक्रवार 10 मई प्रातः 7 बजे सुबह केदारनाथ धाम के कपाट खुल जायेंगे। केदारनाथ द्वितीय केदार मद्महेश्वर मंदिर लिए पुजारी गणों को कार्य दायित्व दिया गया। केदारनाथ धाम के लिए शिवशंकर लिंग पूजा का दायित्व संभालेंगे। जबकि, मद्महेश्वर के लिए टी गंगाधर लिंग पूजा का दायित्व निभायेंगे। बागेश लिंग अतिरिक्त पुजारी के रूप में रखे गये हैं। शिव लिंग चपटा ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में पूजा-अर्चना करेंगे। कपाट खुलने की तिथि तय होने के समय बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय, सीमांत विकास परिषद के उपाध्यक्ष चंडी प्रसाद भट्ट पंचगाई हकहकूकधारी सहित केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग, बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, केदारसभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, कार्याधिकारी आरसी तिवारी, डा.हर्षवर्धन बेंजवाल, धमार्चार्य औकार शुक्ला, वेदपाठी मैठाणी, विश्वमोहन जमलोकी स्वयंबर सेमवाल, पुजारी शिव शंकरलिंग, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, प्रशासनिक अधिकारी रमेश नेगी, प्रमोद बगवाड़ी, विपिन तिवारी, देवी प्रसाद तिवारी,कुलदीप धर्म्वाण, विदेश शैव आदि मौजूद रहे।

# आईआईटी की तर्ज पर विकसित किए जाएंगे प्रदेश के समस्त इंजीनियरिंग कॉलेज: मुख्यमंत्री




**उज्जैन, (हि. स.)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति जीवंत और खोजपूर्ण हैं। खोजपूर्ण संस्कृति में हमारे यहां नित्य निरंतर हजारों वर्षों से रिसर्च को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। हमारा संकल्प है की आईआईटी की तर्ज पर प्रदेश के समस्त इंजीनियरिंग कॉलेज विकसित किए जाएंगे। आईआईटी के समान कैंपस तैयार किए जाएंगे। आईआईटी के माध्यम से हो रहे ज्ञान के प्रसार को इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थी भी सीख सकेंगे। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से भारत को तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी देश बनाने के प्रयासों को गति मिली है। सैटेलाइट परिसर की स्थापना से मध्यप्रदेश में तकनीकी शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव शुक्रवार को उज्जैन के इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित नवाचार, प्रौद्योगिकी एवं उद्यमिता अनुभावतमक विद्यार्जन (डीप-टेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर) केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान वर्चुअल शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेडा, महापौर मुकेश टटवाल, अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव सहित आईआईटी इंदौर के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इंजीनियरिंग कॉलेज उज्जैन परिसर में तीन अत्याधुनिक लैब खगोल विज्ञान एवं अंतरिक्ष अभियांत्रिकी धरोहर तथा नवाचार केंद्र, लेजर इंजिनियरिंग लैब और मेकर स्पेस लैब का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि वैज्ञानिक परंपरा को हमारे यहां ऋषि परंपरा के नाम से जाना जाता है। जिसमें वैज्ञानिकता के आधार पर सुव्यवस्था स्थापित होती है। किंतु हमारी समृद्ध संस्कृति, ऋषि परंपरा को नष्ट करने के अनेक प्रयास किए गए। लेकिन बदलते दौर में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में हमारी संस्कृति का परचम लहरा रहा है। दुनिया यहां आकर शिक्षा ग्रहण करेंगी। हमारी अच्छाई सीखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में डीपटेक एवं रिसर्च सेंटर का उद्घाटन विक्रमोत्सव का अंग हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 29 फरवरी को वैदिक कड़ी के उद्घाटन से इसका शुभारंभ किया गया था। उन्होंने कहा कि आईआईटियन कानपुर द्वारा भारतीय दृष्टिकोण अपनाते हुए ग्रह, नक्षत्र, तारे की गणना के आधार पर एक अद्भुत मॉडल प्रस्तुत किया। जिसके आधार पर आज वैदिक घड़ी हमारे बीच बनकर तैयार है। उन्होंने कहा कि देश का मान पुर्नस्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश ही नहीं बल्कि समूचे भारत वर्ष में भारतीय ज्ञान परंपरा ध्वजा लहरा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी कड़ी में आज खगोल विज्ञान के क्षेत्र में उज्जैन से ही एक बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी समृद्धि ज्ञान पर परंपरा के कई रहस्य निरंतर उद्घाटित होते जा रहे हैं, जिन्हें दुनिया मान रही है। हमारी संस्कृति नित्य निरंतर नवाचारों को प्रोत्साहन देने के साथ उन्हें पुष्पित पल्लवित करती है। उन्होंने कहा कि खगोल विज्ञान के क्षेत्र में उज्जैन का विशेष महत्व है। भगवान महाकाल की नगरी से विज्ञान की धारा प्रभावित हो रही है। उज्जैन विज्ञान की नगरी के नाम से दुनिया में स्थापित होगी। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि मध्यप्रदेश को नवीन ज्ञान परंपरा के केंद्र बनाया जाएगा। इंदौर और उज्जैन कॉरिडोर इसका नेतृत्व करें। उन्होंने कहा कि आईआईटी इंदौर विस्तृत रोड मैप तैयार कर इसका क्रियान्वन कराएं। आज उज्जैन में नवाचार, प्रौद्योगिकी एवं उद्यमिता अनुभावतमक विद्यार्जन केंद्र का उद्घाटन कर इसकी नीव रखी गई हैं। आईआईटी इंदौर का यह डीपटेक रिसर्च सेंटर नई शिक्षा नीति के क्रियान्वन का एक उदाहरण है। जो नवाचारों को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। केंद्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में मध्य प्रदेश के लोगों के रग रग में शोध,खोज और नवाचार समाया हुआ हैं। इन नवाचारों को उचित प्लेटफार्म प्रदान कर उनका भविष्य के उपयोग के लिए क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान एवं अन्य संस्थाओं के निर्देशकों और शिक्षकों से कहा कि भारतीय समृद्ध वैज्ञानिक परंपरा को भारतीय मूल भाषाओं में समझे। 300 से 400 वर्ष पहले किए गए हमारी वर्षा की सटीक गणना, हजारों वर्ष पूर्व की हमारी सटीक काल गणना आदि अनेक खोजों को गहराई से जाने।

# जलाभिषेक-रुद्राभिषेक कर योगी ने की लोगों के सुखमय जीवन की कामना

**– महाशिवरात्रि पर भरोहिया स्थित पितेश्वरनाथ शिव मंदिर में सीएम ने किया दर्शन-पूजन**



**गोरखपुर, (हि.स.)।** देवाधिदेव महादेव भोले शंकर की उपासना के पावन पर्व महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने भरोहिया के पितेश्वरनाथशिव मंदिर में जलाभिषेक तथा गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के लोगों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को सुबह लखनऊ से पीपीगंज के भरोहिया स्थित पितेश्वरनाथ शिव मंदिर पहुंचे। यहां बाबा पितेश्वरनाथ का दर्शन, पूजन व विधि विधान से जलाभिषेक किया। सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति की प्रार्थना की। पांडवकालीन मान्यता वाले पितेश्वरनाथ मंदिर का गोरक्षपीठ से गहरा नाता है। गोरक्षपीठाधीश्वर हर महाशिवरात्रि यहां जलाभिषेक करने आते हैं। जलाभिषेक करने के बाद मुख्यमंत्री ने भरोहिया में शिव मंदिर के सामने स्थित गुरु गोरखनाथ विद्यापीठ के परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों से मुलाकात की। उनका कुशलक्षेम जाना। प्यार से बच्चों का माथा सहला कर आशीर्वाद दिया। कुछ लोगों से हंसी ठिठोली भी की। स्थानीय स्तर पर विकास से जुड़े कुछ मामलों पर उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि विकास में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। भरोहिया में मुख्यमंत्री के आगमन पर विधायक फतेह बहादुर सिंह, भरोहिया के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह, जंगल कौड़िया के ब्लॉक प्रमुख बृजेश यादव, गोरख सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे। फिर, भरोहिया से गोरखनाथ मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया। गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश नवाया। तत्पश्चात गोरखनाथ मंदिर परिसर में मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में उन्होंने भगवान भोले शंकर का दुग्ध, दही, घी, मधु और शर्करा से पंच स्नान कराया तथा गो-दुग्ध और गन्ने के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के पुरोहित एवं वेदपाठी ब्राह्मणों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री ने हवन तथा आरती कर चराचर जगत के कल्याण हेतु महादेव शिव से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में भी पूजन किया। उन्होंने यहां भगवान नंदी का पूजन कर भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। गोरखनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मानसरोवर मंदिर भी गए। यहां उन्होंने भोलेनाथ का दर्शन पूजन और जलाभिषेक किया।

## 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में उप मुख्यमंत्री केशव के आवास का अभ्यर्थियों ने किया घेराव




**लखनऊ, (हि.स.)।** 69 हजार शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद के आवास का घेराव किया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने जोरदार नारेबाजी भी की। केशव प्रसाद के आवास के सामने भारी पुलिस बल तैनात है। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है की बेसिक शिक्षा विभाग और प्रशासन के लोग वादाखिलाफी कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने अभ्यर्थियों की मुलाकात मुख्यमंत्री से कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक उनकी मुलाकात नहीं हो पायी। इसी बात से नाराज अभ्यर्थी एक बार फिर केशव प्रसाद के आवास पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। भारी संख्या में तैनात पुलिस बल ने सभी अभ्यर्थियों को जबरदस्ती बस में बैठकर इको गार्डन धरना स्थल ले जाकर छोड़ दिया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया की लखनऊ हाईकोर्ट के डबल बेंच में 69 हजार शिक्षक भर्ती संबंधित मामले की सुनवाई चल रही है। इस संबंध में शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और विभाग के अधिकारी ने हम अभ्यर्थियों से मीटिंग में जो वादे किए थे, उसके मुताबिक सरकार के वकील कोर्ट में पक्ष नहीं रख रहे हैं बल्कि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का विरोध कर रहे हैं। यह अभ्यर्थी चाहते हैं कि उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करायी जाए। अमरेंद्र पटेल ने बताया की मुख्यमंत्री के ही आदेश से हुई जाँच के बाद 6800 आरक्षित वर्ग की चयन सूची आई थी। अभ्यर्थियों को उम्मीद है कि उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से होने पर पूरे मामले का सही निस्तारण हो जायेगा।

## राजनीतिक उठापटक में प्रियंका वाड्रा की इंट्री, मनोज पाण्डेय छोड़ेंगे रायबरेली




**लखनऊ, (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव 2024 में रायबरेली सीट को छोड़ने वाली कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी ने तमाम सम्भावना को जोर दे दिया है। राजनीतिक उठापटक में रायबरेली लोकसभा सीट पर प्रियंका वाड्रा की इंट्री हो सकती है। वहीं समाजवादी पार्टी खेमे को छोड़कर भाजपा में आये मनोज पाण्डेय अपने लिए सुरक्षित लोकसभा सीट खोजते हुए रायबरेली को छोड़ेंगे, यह चर्चा भी आम है। रायबरेली में उद्यम से जुड़े एस.एल.गुप्ता ने बताया कि सोनिया गांधी के जनता को लिखे पत्र के बाद स्पष्ट हो गया, वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेगी। इसके बाद आईएनडीआईए के गठबंधन में आयी रायबरेली सीट पर स्थानीय नेता के लड़ने की चर्चा हुई। इसी बीच प्रियंका गांधी वाड्रा के रायबरेली के चुनाव मैदान में उतरने की चर्चा जोरों पर है। उन्होंने बताया कि प्रियंका के चुनाव मैदान में आने से पहले ही उनके समर्थक दिनरात एक कर दिये हैं। बूथ समितियों की बैठकें गांव गांव में हो रही है। वहीं दूसरी ओर भाजपा खेमे में आये मनोज पाण्डेय को सुल्तानपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाने की चर्चा रायबरेली के बाजारों में होने लगी है। मनोज पाण्डेय के रायबरेली से लड़ने पर उनका प्रियंका से कड़ा मुकाबला होने की सम्भावना होती। फिर भी प्रियंका वाड्रा अपने पारिवारिक सीट से लड़ती हुई मजबूत स्थिति में रह सकती है। रायबरेली में वरिष्ठ पत्रकार सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि मनोज पाण्डेय अपनी जीत के लिए सुरक्षित सीट चाहते है। रायबरेली में प्रियंका की इंट्री से मनोज पाण्डेय अपने लिए सुरक्षित सीट सुल्तानपुर मांग रहे है। भाजपा की ओर से रायबरेली में कोई गम्भीर नेता को उतारने की तैयारी चल रही है। पिछली बार भी गम्भीर नेता उतारा गया था, जो पार्टी के नीतियों से जुड़ा होना चाहिए। उन्होंने प्रियंका वाड्रा के लड़ने पर कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिए यह सीट हमेशा से जीत दिलाने वाली रही है। बदले माहौल में प्रियंका के चुनाव लड़ने पर किसी भी उम्मीदवार से कांटे की टक्कर ही होगी। वहीं प्रियंका के साथ उनके परिवार का नाम जुड़ा है तो लोकसभा चुनाव में लड़ाई जोरदार तो होनी ही है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष अजय राय ने बीते दिनों एक प्रश्न के उत्तर में प्रियंका गांधी वाड्रा के रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कही थी। अजय राय ने कहा था कि प्रियंका वाराणसी या रायबरेली में कहीं से चुनाव लड़ेगी और जीतेंगी। इसके लिए कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता पुरजोर तरीके से लगे हुए हैं। राज्यसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने वाले मनोज पाण्डेय आजकल उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ दिखायी पड़ रहे है। मनोज पाण्डेय ने रायबरेली में अपनी राजनीतिक जमीन तैयार की है और उन्हें रायबरेली में कद्दावर नेता के रुप में जाना जाता है। मनोज पाण्डेय के पास चुनाव लड़ने और लड़ाने का दोनों ही अनुभव प्राप्त है।

## लोकसभा चुनाव में निर्णायक की भूमिका में होंगे झारखंड के युवा वोटर



**रांची, (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव में राज्य के युवा मतदाता निर्णायक भूमिका निभायेंगे। यही वजह है कि चुनाव आयोग इन युवाओं पर ज्यादा भरोसा दिखा रहा है और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने की कोशिश कर रहा है। इस बार राज्य में 21.67 लाख युवा पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव आयोग की ओर से पांच जनवरी, 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची के आंकड़ों के मुताबिक 21.67 लाख युवा मतदाताओं में 10 लाख 64 हजार 282 युवक और 11 लाख 2 हजार 903 युवतियां हैं जबकि थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 85 है, जो पहली बार वोट डालेंगे। यह संख्या तो पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं की है, जो लोकसभा चुनाव के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करते नजर आएंगे लेकिन यदि 18 से 45 साल के मतदाताओं की संख्या का अनुमान लगाएं तो राज्य में इनकी संख्या 60 लाख के करीब होने की संभावना है। चुनाव आयोग के मुताबिक आने वाले समय में इनकी संख्या बढ़ने की संभावना है। मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद आवेदन करने वाले युवाओं का नाम भी मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। ऐसे में चुनाव आयोग इन मतदाताओं को इस बार आम चुनाव के दौरान मतदान करने के लिए प्रेरित करने में जुटा हुआ है। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए चुनाव आयोग का मुख्य फोकस युवा मतदाताओं पर है। शायद यही वजह है कि उनके बीच लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्कूल-कॉलेजों जैसे शिक्षण संस्थानों में विशेष कार्यक्रम चलाए गए हैं, जिसका परिणाम आगामी चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत में देखने को मिलेगा।

## बिहार विधान परिषद चुनाव में महागठबंधन ने पांच उम्मीदवारों का नाम किया तय




**पटना, (हि.स.)।** बिहार विधान परिषद चुनाव में महागठबंधन की ओर से नामों की घोषणा की गयी है।चुनाव में महागठबंधन की ओर से पांच उम्मीदवार उतारे जाएंगे। इनमें राजद के चार और भाकपा-माले के एक उम्मीदवार अपनी दावेदारी पेश करेंगे। राजद के विधायक रामविशुन लोहिया ने कहा कि पार्टी के तरफ से राबड़ी देवी, पूर्व मंत्री अब्दुलबारी सिद्दिकी, पार्टी प्रदेश प्रवक्ता सह महिला राजद की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. उर्मिला ठाकुर, शिवहर संसदीय क्षेत्र के पूर्व उम्मीदवार फैसल अली को कैंडिडेट बनाया गया है। उन्होंने कहा कांग्रेस ने हमें समर्थन देने का ऐलान किया है। मतलब साफ है की कांग्रेस पार्टी से एक भी कैंडिडेट नहीं होंगे। इन नामों पर मुहर शुक्रवार को राबड़ी आवास में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और नेता विपक्ष तेजस्वी यादव की विधायकों के साथ हुई बैठक में ली गयी है। एमएलसी चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 11 मार्च ही है। ऐसे में अब इस चुनाव में नामांकन दाखिल करने के लिए महज तीन दिनों का ही समय शेष रह गया है। लिहाजा, पार्टी के तरफ से नाम को एलान करने निर्णय लिया जा रहा है। हालांकि,फिलहाल इसकी आधिकारिक जानकारी पार्टी के तरफ से नहीं दी गई है। विधान परिषद की एक सीट पर जीत के लिए विधानसभा के 21 सदस्यों के वोट की जरूरत होती है। ऐसे में संख्या बल के हिसाब से एनडीए छह सीटों पर जीत हासिल करता दिख रहा है। महागठबंधन ने 5 प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है। गठबंधन की सभी 5 सीटों पर जीत को लेकर थोड़ा सस्पेंस बढ़ गया है,क्योंकि अभी तक राजद के 4 विधायक नीतीश की नेतृत्व वाले एनडीए के पाले में जा चुके हैं। विपक्ष को पांच सीटों पर जीत के लिए 105 विधायकों के वोट की जरूरत होगी। ऐसे में महागठबंधन की राह मुश्किल नजर आ रही है।

## महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण देकर सरकार ने बढ़ाया मान

**कासगंज (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने प्रतिभाशाली छात्राओं को लैपटॉप वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार ने 33 फीसद आरक्षण लागू कर महिलाओं का मान सम्मान बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि आज विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं मुकाम हासिल कर रही हैं। कलेक्ट्रेट पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। डीएम सुधा वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने कहा की महिलाएं शिक्षित होकर वर्तमान परिवेश में महिलाएं शिक्षित होकर हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका अदा कर रही है। वे हवाई जहाज से लेकर ट्रेन बस विभिन्न वाहनों का संचालन कर रही है।

साथ ही प्रशासनिक सेवाओं में भी उनकी अहम भूमिका है। राजनीतिक क्षेत्र में भी महिलाओं ने अपना परचम लहराया है। महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत केंद्र सरकार ने तमाम ऐसी योजनाएं लागू की हैं। जिससे महिलाएं स्वावलंबी हो रही हैं। डीएम ने हरी झण्डी दिखा कर महिला कल्याण विभाग से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं से सबंधित प्रचार-प्रसार वाहन को रवाना किया।

## रांची रेल मंडल ने चलाई वूमेन स्पेशल ट्रेन, महिलाओं ने संभाला मोर्चा

**रांची, (हि.स.)।** महिला दिवस पर रांची रेल मंडल ने महिला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया। यह ट्रेन रांची से लोहरदगा होते हुए टोरी तक गई। इस ट्रेन का परिचालन महिला कर्मचारियों ने किया। इस ट्रेन में तैनात टीटी, गार्ड, ड्राइवर और सुरक्षा के लिए आरपीएफ सभी महिला थीं। टिकट बुकिंग तक महिला रेल कर्मियों ने किया। रांची रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं द्वारा परिचालन दक्षिण पूर्व रेल मंडल के आदेश पर किया गया, जहां ट्रेन में पायलट, गार्ड, टीटीई और सभी सुरक्षाकर्मी महिला कर्मचारियों को लगाया गया। बुकिंग काउंटर समेत स्टेशन के दूसरे कार्य भी महिलाओं ने संभाला। महिला रेल कर्मियों की इस पूरी टीम का नेतृत्व सीनियर डीओएम श्रेया सिंह ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि यदि ठान ले तो आज कोई ऐसा कार्य नहीं जो महिलाएं नहीं कर सकती। ट्रेन चला रही लोको पायलट दीपाली अमृत ने कहा कि आज महिलाएं समाज में 50 फीसदी हिस्सेदारी के साथ हर क्षेत्र में काम कर रही हैं। आज यदि महिलाएं समाज में कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं तो इसमें पुरुषों और समाज के अन्य वर्गों का भी बहुत बड़ा योगदान है। साथ ही उन्होंने कहा कि आमतौर पर महिलाओं के बारे में समाज के कई लोगों का मानना है कि वे जिम्मेदारियों से भरा काम नहीं कर सकतीं लेकिन आज महिलाएं मानसिक और शारीरिक रूप से सबल हैं। आज के आधुनिक युग में महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। रांची रेल मंडल के डीसीएम निशांत कुमार ने बताया कि आज पूरी ट्रेन महिलाओं को सौंप दी गई है। रांची से टोरी जाने वाले हजारों यात्रियों की सुरक्षा महिलाओं के जिम्मे है। उन्होंने कहा कि रांची रेल मंडल द्वारा की गयी इस पहल से यह संदेश दिया जा रहा है कि आज महिलाएं कोई भी काम करने में सक्षम हैं। आज समाज के लोग महिलाओं को कमजोर और अबला समझते हैं। रांची रेल मंडल का उन लोगों को संदेश है कि वे अपनी सोच बदलें और समाज में महिलाओं को बराबरी की नजर से देखें।

## महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों में श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब, जगह-जगह निकाली गई कलश शोभायात्रा



**भागलपुर, (हि.स.)।** जिले भर में महाशिवरात्रि पर्व शुक्रवार को धूमधाम से मनाया जा रहा है। सभी शिव मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह भोलेनाथ की आरती हुई। इसके बाद शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जल चढ़ाना शुरू किया। शिव भक्त भोले बाबा के जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुंचते रहे। भागलपुर के सभी शिवालयों में मेला जैसा माहौल बन गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे। एक तरह से पूरा शहर शिव की भक्ति में शिवमय हो गया। हर हर महादेव के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान होता रहा। विभिन्न शिवालयों से कलश शोभायात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। घोड़े और गंजे बाजे के साथ महिलाओं ने कलश में जल भरा और गंतव्य स्थान की ओर प्रस्थान किया। अशोक पंडित ने बताया महाशिवरात्रि का त्यौहार अपने आप में काफी महत्वपूर्ण और अनोखा त्यौहार है। सुबह 4:00 से ही भक्तों का आना शुरू हो गया है। इस दिन भगवान शिव का उपासना रखना काफी फलदाई माना जाता है। शिवरात्रि के दिन भगवान भोले अपने भक्तों की भक्ति से प्रसन्न होकर उनकी हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। उधर महाशिवरात्रि को लेकर शहर के सभी शिवालयों के बाहर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। बूढ़ानाथ मंदिर, भूतनाथ मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, बरारी पिपली धाम, मानस कामना नाथ मंदिर के अलावा सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ देखी जा रही है।

## योगी मोदी सरकार कर रही है सभी का कल्याण : अफरोज

**हरदोई, (हि. स.)।** अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य अफरोज खान ने कस्बे के स्वर्गीय हसन ताहिर के आवास पर बैठक की। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और योगी मोदी सरकार की योजनाओं का बखान किया। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री अफरोज खान ने लोगों से मुलाकात की। बैठक का आयोजन शौजब जैदीकी ओर से किया गया था। बैठक में कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याएं गिनाईं। इस पर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। लोगों ने प्राइवेट शिक्षा की व्यवस्था को लूट व्यवस्था, अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज आदि की समस्याओ से अवगत कराया। दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री अफरोज खान ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी व प्रदेश की योगी सरकार सभी के कल्याण की योजनाएं लागू कर रही हैं। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के डाक्टर मुसाफिर हुसैन जैदी, इस्माइल खान, भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता, सैफ हसन जैदी ,मिशम मिर्जा, बब्बे मियां के छोटे भाई अरशद जैदी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव : झारखंड की सबसे हॉट सीट बनी खूंटी, अर्जुन मुंडा की प्रतिष्ठा दांव पर

**खूंटी, (हि.स.)।** अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित खूंटी संसदीय सीट लोकसभा चुनाव में झारखंड की सबसे हॉट सीट बन गई है। यहां से जनजातीय मामलों और कृषि एवं किसान मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा दूसरी बार भाजपा के टिकट पर चुनावी मैदान में हैं। झारखंड के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अर्जुन मुंडा की प्रतिष्ठा एक बार फिर दांव पर लग गई है। राजनीति के जानकारों का मानना है अर्जुन मुंडा के खिलाफ संभवतः काली चरण मुंडा ही विपक्ष के उम्मीदवार होंगे। 019 के लोकसभा चुनाव में भी इन्हीं दोनों राजनीतिक योद्धाओं के बीच कांटे का मुकाबला हुआ था और अर्जुन मुंडा 1445 वोटों के अंतर से बाजी मार ले गये थे।हर ओर एक ही चर्चा है कि क्या भाजपा अपनी परंपरागत सीट को बचा पाएगी या कांग्रेस की हार का सिलसिला टूटेगा। आनेवाला लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। ऐसा इसलिए क्योंकि यही चुनाव देश की दशा और दिशा तय करने वाला साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अबकी बार चार सौ पार का नारा देकर पार्टी के समक्ष एक लंबी लकीर खींच दी है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भाजपा कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखना चाहती। इसके लिए पार्टी स्तर से हर संभव प्रयास शुरू कर दिए गए हैं, लेकिन भाजपा में व्याप्त गुटबाजी किसी से छिपी नहीं है। एक ओर पद्मभूषण कड़िया मुंडा का वरदहस्त प्राप्त केंद्रीय मंत्री का गुट है, तो दूसरी ओर वर्तमान विधायक और पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा का गुट है। इसके कारण कार्यकताओं में हमेशा ऊहापोह की स्थिति बनी रहती है। भाजपा की गुटबाजी उस समय भी सामने आ गई, जब पार्टी प्रत्याशी घोषित करने के बाद गत बुधवार को जब पहली बार अर्जुन मुंडा संसदीय क्षेत्र के मुख्यालय खूंटी पहुंचे, लेकिन उनकी अगवानी और स्वागत के लिए परिसदन में भाजपा जिला कमेटी की ओर से सिर्फ जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता और वैसे कार्यकर्ता ही नजर आए, जो अमूमन अर्जुन मुंडा के हर कार्यक्रम में शामिल होते रहे हैं। प्रत्याशी घोषित होने के बाद खूंटी पहुंचने पर अर्जुन मुंडा की अगवानी के लिए विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के समर्थक भाजपा संगठन से जुड़ा कोई भी नेता-कार्यकर्ता परिसदन में नजर नहीं आया।

**मतदाताओं पर नहीं पड़ेगा असर –** भाजपा नेताओं में व्याप्त गुटबाजी के बारे में पार्टी समर्थकों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर उत्पन्न इस गुटबाजी का मतदाताओं में कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि भाजपा समर्थक यहां के मतदाता हमेशा से केंद्रीय नेताओं के प्रभाव में अपना मत का प्रयोग करते रहे हैं, लेकिन फिर भी इस गुटबाजी का कहीं ना कहीं थोड़ा बहुत असर पड़ने की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा रहा है। ऐसे में गुटबाजी को पाटने के लिए भाजपा नेताओं के उदासीन रवैये पर भी सवाल उठने लगे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी पार्टी में गुटबाजी की चर्चा जारों पर थी। भाजपा की प्रचंड लहर के बाद भी अर्जुन मुंडा हरत-हारते 1445 मतों से जीत गये। उस समय भी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा पर अपने सगे भाई और कांग्रेस प्रत्याशी को अप्रत्यक्ष समर्थन देने के आरोप लगे थे। अर्जुन मुंडा को खरसावां और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी की तुलना में अच्छी खासी बढ़त मिल गई और वे किसी प्रकार चुनाव जीत गए, अन्यथा छह में से चार विधानसभा क्षेत्रों सिमडेगा, कोलेबिरा, तोरपा और खूंटी में तो कांग्रेस प्रत्याशी भाजपा प्रत्याशी से अच्छी खासी बढ़त हासिल कर जीत की दहलीज पर पहुंच गए थे। हालांकि विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने अपने ऊपर उठे सवाल का हर मंच पर पुरजोर खंडन किया था। उसके बावजूद सांसद और विधायक समर्थकों की गुटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है और इसका असर आसन्न लोकसभा चुनाव पर पड़ सकता है।

## नहाने के दौरान अजगैविनाथ उत्तरवाहनी गंगा में डूबा युवक, खोजबीन जारी



**भागलपुर, (हि.स.)।** जिले के सुलतानगंज के अजगैविनाथ धाम में महाशिवरात्रि के दिन शुक्रवार को अपने दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने गया युवक डूबकर लापता हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोग, पुलिस प्रशासन, एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और नगर परिषद के द्वारा उपलब्ध कराए गए नाव से लापता युवक की खोजनबीन में जुट गई है। परिजन ने बताया कि मसदी पंचायत के शिवनंदनपुर के रहनेवाले किशोर यादव के 20 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार अपने चार दोस्तों के साथ महाशिवरात्रि के दिन दोपहर गंगा स्नान करने आये हुए थे। इस दौरान छोटू कुमार गंगा में डुबने पर लापता हो गया है। लापता युवक की खोजनबीन की जा रही है। इस तरह की घटना यहां बराबर होती रहती है। इसलिए अजगैविनाथ गंगा घाट पर 24 घंटा तैराक दल, नाव की व्यवस्था और डूबे युवक के परिजन को सरकार के द्वारा सहायता राशि दी जाए।

## कर चोरी मामले में राजद एमएलसी विनोद जायसवाल के घर इनकम टैक्स की रेड



**पटना, (हि.स.)।** राजद सुप्रीमो लालू यादव के करीबी माने जाने वाले राजद एमएलसी के घर इनकम टैक्स की रेड शुक्रवार हुई है। फिलहाल यह मामला कर चोरी का बताया जा रहा है। राजद एमएलसी विनोद जायसवाल के ठिकाने पर आज सुबह- सुबह आयकर विभाग की टीम छापेमारी करने पहुंची है। आयकर की टीम उनके पटना के बोरिंग स्थित आवास पर छापेमारी करने पहुंची है। छापेमारी कोलकाता से आई आईटी की टीम कर रही है। राजद के विधान पार्षद शराब के कारोबार से भी जुड़े हुए हैं। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले ही राजद एमएलसी विनोद जायसवाल ने शराबबंदी का विरोध करते हुए कहा था कि - जब से शराबबंदी लागू हुई है तब से हजारों करोड़ रुपये बिहार सरकार को राजस्व का घाटा हो रहा है। इसलिए इस शराबबंदी को तत्काल खत्म कर बिहार में शराब खोल देना चाहिए। बिहार के हित मे शराबबंदी खत्म होनी चाहिए।

संपादकीय

# हिमाचल में रेल के सपने

अंब अंदौरा के बाद एक और वंदे भारत ट्रेन हिमाचल के नजदीक पहुंच रही है। दरअसल वैष्णो देवी दौड़ रही वंदे भारत अब पठानकोट कैंट में रुकेगी, तो पंख फैलाए हिमाचल को दूर से ही सही इसमें बैठने का मौका मिल जाएगा। हम इसमें भी खुश हैं कि पठानकोट से ही देश के साथ कदमताल का अवसर मिल गया, वरना सपनों की ट्रेन तो आज भी कम चौड़ी पटरियों पर जगह तलाश रही है। वंदे भारत का पठानकोट में रुकना हिमाचल को कितना समृद्ध कर रहा है, इसको लेकर शाबाशियों और आत्म शाघा का एक दौर जरूर चलेगा, लेकिन हिमाचल की असली ट्रेन है कहां। अब अंब-अंदौरा की वंदेभारत ज्यादा व्यावहारिक होगी या पठानकोट कैंट की, इस पर यात्रीगण जरूर ध्यान देंगे, लेकिन राहत यह कि दिल्ली का सफर सीधा होने जा रहा है। पर्यटन और ट्रेन के बीच घनिष्ठता उन संभावनाओं को ढोती है, जो भविष्य की आर्थिकी का समाधान है। विडंबना यह है कि हिमाचल के आसपास जम्मू-कश्मीर की पटरियां बिछती गईं और हम अंग्रजों की विरासत में नैरो गेज ट्रेन के शहतीर बनकर धंसते गए। कम से कम कांगड़ा की तरफ तो रेलवे विस्तार की दिशा में सिर्फ यही खबर आई कि ब्रिटिश पीरियड में निर्मित बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास होगा, वरना वही पटरियां और वही गति। बारिश की आपदा ने रोकी, तो महीनों रुक गई कांगड़ा घाटी की रेलगाड़ी। यह दीगर है कि बिलासपुर की ट्रेन करवट ले रही है और ऊना की पटरियां फैल रही हैं, लेकिन रेलवे का इतिहास कांगड़ा-मंडी और चंबा में शर्मिंदा है। ऐसे में वंदे भारत के नखरे में सवार होना भी गनीमत है, भले ही पठानकोट या अंब-अंदौरा पहुंचते-पहुंचते खासी मेहनत करनी पड़े। बेशक वंदे भारत के दो विकल्प पर्यटन के रास्तों को सरल कर देंगे और अगर इनके साथ एचआरटीसी के रूट समाहित कर दें, तो दिल्ली से अंब-अंदौरा या अब पठानकोट से आगे डेस्टिनेशन टूरिज्म तक पहुंचना सुविधाजनक होगा। बावजूद इसके हिमाचल के हिस्से में भी कुछ पटरियां चाहिएं। पठानकोट से जोगिंद्रनगर की एक सदी पुरानी ट्रेन भले ही धरोहर बन जाए, लेकिन इसके आसपास कुछ तो निगाह चाहिए। हमारा मानना है और यही एक मात्र विकल्प साबित होगा कि अंब-अंदौरा तक पहुंची रेल लाइन का एक रुख ज्वालाजी मंदिर की ओर मोड़ दिया जाए। ज्वालाजी मंदिर तक ट्रेन का आना धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से, क्रांतिकारी प्रयास होगा, क्योंकि इसके कारण चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, दियोटसिद्ध, कांगड़ा, चामुंडा व बैजनाथ तक पहुंचना बेहद आसान हो जाएगा। ज्वालाजी मंदिर तक रेलवे मार्ग बिछे तो इसे आसानी से कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, चंबा और बिलासपुर की ओर बढ़ाया जा सकता है। आश्चर्य यह कि हिमाचल की प्राथमिकताएं कागजी नक्शों पर सियासत की अपनी-अपनी गोटियां फिट करके भविष्य की रूपरेखा को सुदृढ़ नहीं कर पातीं। यह तय है कि पठानकोट से अब मंडी की ओर नई ब्रॉडगेज लाइन नहीं बिछेगी। यह इसलिए भी कि भानुपल्ली-बिलासपुर रेल मार्ग ही इस दृष्टि से आगे मंजिल देखेगा। ऐसे में अंब-अंदौरा से ज्वालाजी मंदिर रेल मार्ग को धार्मिक पर्यटन से जोडक़र देखना होगा। रेलवे के साथ फिफ्टी-फिफ्टी पार्टनरशिप पर मंदिर रेल परियोजना बनाकर हिमाचल कोंकण रेलवे की तरह आगे बढ़ सकता है। बहरहाल वंदे भारत ट्रेन का अंब अंदौरा तक आगमन हमीरपुर, ऊना व कांगड़ा के लिए सुखद अनुभव रहा है। ऐसे में वाया पठानकोट वंदे भारत ट्रेन के साथ हिमाचल का जुडऩा वरदान साबित होगा। इन दोनों ट्रेनों की क्षमता में हिमाचल की जनता को सुविधाजनक तरीके से जोडऩे के लिए एचआरटीसी को ऐसी बुकिंग व्यवस्था करनी चाहिए जो हमीरपुर, कांगड़ा, ऊना, मंडी व चंबा के यात्रियों को नियमित रूप से इन ट्रेनों से जोड़ दे। इसी तरह के प्रयास उड़ान के तहत धर्मशाला-शिमला हवाई यात्रा के साथ भी होने चाहिएं। खास तौर पर शिमला एयरपोर्ट पर आने वाली फ्लाइट्स को सफल बनाने के लिए एचआरटीसी ऐसी बस सेवाएं दे, जो यात्रियों की उड़ान की जमीनी स्तर तक पैरवी करे।

> वैष्णो देवी दौड़ रही वंदे भारत अब पठानकोट कैंट में रुकेगी, तो पंख फैलाए हिमाचल को दूर से ही सही इसमें बैठने का मौका मिल जाएगा। हम इसमें भी खुश हैं कि पठानकोट से ही देश के साथ कदमताल का अवसर मिल गया, वरना सपनों की ट्रेन तो आज भी कम चौड़ी पटरियों पर जगह तलाश रही है। वंदे भारत का पठानकोट में रुकना हिमाचल को कितना समृद्ध कर रहा है, इसको लेकर शाबाशियों और आत्म शाघा का एक दौर जरूर चलेगा, लेकिन हिमाचल की असली ट्रेन है कहां। अब अंब-अंदौरा की वंदेभारत ज्यादा व्यावहारिक होगी या पठानकोट कैंट की, इस पर यात्रीगण जरूर ध्यान देंगे, लेकिन राहत यह कि दिल्ली का सफर सीधा होने जा रहा है। पर्यटन और ट्रेन के बीच घनिष्ठता उन संभावनाओं को ढोती है, जो भविष्य की आर्थिकी का समाधान है। विडंबना यह है कि हिमाचल के आसपास जम्मू-कश्मीर की पटरियां बिछती गईं और हम अंग्रजों की विरासत में नैरो गेज ट्रेन के शहतीर बनकर धंसते गए।

### बसपा से निकाले जाने के बाद सांसद दानिश अली की कांग्रेस से दोस्ती बढ़ गई है

# क्या मायावती खुद ही अपनी पार्टी को धीरे-धीरे खत्म करने पर तुली हैं?

अजय कुमार

> मायावती के इस फैसले पर नेतागण अपने हिसाब से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ को लगता है कि मायावती ने काफी सोच समझकर बसपा में अपने आप को सीमित किया है। संभवत: वह नहीं चाहती होंगी कि देश जीतने के चक्कर में कहीं उनका मजबूत किला यूपी और उत्तराखंड हाथ से नहीं निकल जाये। जहां उनके लिये हमेशा संभावनाएं बनी रहती हैं। कहा यह जा रहा है कि बहनजी चुनाव की तारीख घोषित होते ही यूपी में अपनी जनसभाएं शुरू कर देंगी। पहले वह मंडलवार सभाएं करेंगी। बीएसपी के लिये मजबूत समझी जाने वाली सीटों पर विशेष तौर पर फोकस रहेगा। मजबूत समझी जाने वाली सीटों के लिये वह जनसभाएं भी ज्यादा करेंगी।

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने अपनी कुछ राजनैतिक जिम्मेदारियां अपने भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय को-ऑडिनेटर आकाश आनंद को सौंप कर क्या संदेश दिया है, कोई नहीं जानता। मायावती ने अपने आप को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड तक समेट कर बाकी राज्यों की जिम्मेदारी आनंद को दे दी है। मायावती के इस फैसले पर नेतागण अपने हिसाब से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ को लगता है कि मायावती ने काफी सोच समझकर बसपा में अपने आप को सीमित किया है। संभवतः वह नहीं चाहती होंगी कि देश जीतने के चक्कर में कहीं उनका मजबूत किला यूपी और उत्तराखंड हाथ से नहीं निकल जाये। जहां उनके लिये हमेशा संभावनाएं बनी रहती हैं। कहा यह जा रहा है कि बहनजी चुनाव की तारीख घोषित होते ही यूपी में अपनी जनसभाएं शुरू कर देंगी। पहले वह मंडलवार सभाएं करेंगी। बीएसपी के लिये मजबूत समझी जाने वाली सीटों पर विशेष तौर पर फोकस रहेगा। मजबूत समझी जाने वाली सीटों के लिये वह जनसभाएं भी ज्यादा करेंगी। चुनाव की बेला में मायावती ने जो कदम उठाया है उससे बसपा को कितना नफा-नुकसान होगा यह तो समय ही बतायेगा, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि बसपा सुप्रीमो ने जो भी फैसला लिया है, वह काफी सोच समझकर लिया होगा। मायावती एक परिपक्व नेत्री हैं। उन्होंने बसपा को इस बुलंदी तक पहुंचाने में पूरा योगदान दिया था। दलित चिंतक स्वर्गीय कांशीराम की राजनैतिक विरासत को आगे बढ़ाने वाली मायावती की पहचान एक बड़ी नेत्री के रूप में होती है। मायावती पर दलित पूरा विश्वास करते हैं। दलित वोटरों ने कभी भी बहनजी का साथ नहीं छोड़ा जबकि मायावती अपनी सियासी जरूरतों को पूरा करने के लिए अक्सर गैर दलित वोटरों को भी बसपा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देती रहीं। बसपा की सियासी प्रयोगशाला से मायावती ने कभी दलित-मुस्लिमों को एक छतरी के नीचे खड़ा किया तो कभी सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की राजनीति को अमली जामा पहनाया। मायावती ने दलित नेताओं की बड़ी लीडरशिप तैयार की तो कई क्षत्रिय, ब्राह्मण, पिछड़ों और मुस्लिम चेहरों को भी राजनीति में उभरने का पूरा मौका दिया, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी रहा कि बसपा सुप्रीमो ने भले ही नये नेताओं की 'फौज' तैयार की थी, लेकिन यह नेता मायावती के साथ लम्बे समय तक रह नहीं पाये। इसमें से ज्यादातर को बहनजी



ने स्वयं पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया था तो कुछ ने मौके की नजाकत को भांप कर स्वयं पार्टी छोड़ने में देरी नहीं की। वैसे यह यह बताना भी गलत नहीं होगा कि मान्यवर कांशीराम ने सिर्फ मायावती को ही आगे नहीं बढ़ाया था। अलग-अलग समाज के लोगों को चुनकर उन्हें नेता बनाया था। ओमप्रकाश राजभर, सोनेलाल पटेल, आरके चौधरी और मसूद अहमद ऐसे ही नेताओं में शामिल रहे हैं लेकिन सभी बिछड़ते गए। राजभर ने 2002 में, दिवंगत सोनेलाल पटेल ने 1995 में और आरके चौधरी ने 2016 में बसपा छोड़ दी थी। आरके चौधरी तो राजनीति में कोई जगह हासिल नहीं कर पाए लेकिन ओमप्रकाश राजभर और सोने लाल पटेल की पार्टी आज भी अच्छी खासी राजनीतिक ताकत रखती हैं। बसपा को जमीन से उठाकर आसमान तक ले जाने वाली मायावती की राजनीति पिछले दस वर्षों से काफी उतार पर नजर आ रही है। 2007 के विधानसभा चुनाव में वह अंतिम बार बड़े अंतर से सपा से जीती थीं। आज की तारीख में बसपा सुप्रीमो मायावती पार्टी के कई दिग्गजों को बाहर का रास्ता दिखा चुकी हैं। इनमें कई ऐसे भी नाम हैं, जिन्हें एक समय मायावती का सबसे करीबी नेता माना जाता था। इनमें लालजी वर्मा न सिर्फ विधानमंडल दल के नेता थे बल्कि वर्मा वह नेता हैं, जिनके प्रदेश अध्यक्ष रहते 2007 में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार यूपी में बनी थी। राम अचल राजभर भी मायावती के खासम खास माने जाते रहे हैं। 13 सालों में बसपा 206 विधायकों से महज एक विधायक पर आ टिकी है। बसपा के जिन नेताओं को प्रदेश स्तर पर पहचान हासिल हुई थी वह एक-एक करके बसपा से अलग हो गए हैं। 2007 में जब प्रदेश में बसपा की बहुमत की सरकार बनी थी तब मायावती ने जितने विधायकों को कैबिनेट मंत्री बनाया था, उनमें से आज एक्का-दुक्का ही बसपा के साथ खड़े हैं। 2007 में 206 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली मायावती ने नकुल दुबे, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, लालजी वर्मा, रामवीर उपाध्याय, ठाकुर जयवीर सिंह, सुधीर गोयल, स्वामी प्रसाद मौर्य, वेदराम भाटी, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राकेश धर त्रिपाठी, बाबू सिंह कुशवाहा, फागू चौहान, दद्दू प्रसाद, राम प्रसाद चौधरी, धर्म सिंह सैनी, राम अचल राजभर, सुखदेव राजभर और इंद्रजीत सरोज को बड़े पोर्टफोलियो दिए थे, लेकिन आज इसमें से कोई भी बसपा में नहीं है। सबने अपनी अलग राह पकड़ ली है। 2012 में समाजवादी पार्टी चुनाव जीती और मुलायम ने अपने बेटे अखिलेश को सीएम की कुर्सी पर बैठा दिया। उसके पश्चात 2017 में बीजेपी की सरकार बनी और योगी आदित्यनाथ सीएम की कुर्सी पर विराजमान हुए। 2022 में भी उनको जीत हासिल हुई और एक बार फिर वह सीएम बने। लेकिन मायावती का कहीं से कोई भला नहीं हुआ। 2007 में चुनाव जीतकर सरकार बनाने के बाद से उनकी सत्ता में वापसी भी नहीं हुई है जबकि अपनी ताकत बढ़ाने के लिये मायावती ने 2019 में अपनी धुर विरोधी समाजवादी पार्टी तक से हाथ मिला लिया। परिणाम स्वरूप उनके दस सांसद चुनाव जीते थे, लेकिन अब यह सांसद भी बसपा से दूरी बनाने लगे हैं। लोकसभा चुनाव से पहले बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर ली है। उन्होंने कहा, "पार्टी बदलना मेरे लिए समय की जरूरत थी। मैं समाजवादी पार्टी का हिस्सा बन गया हूं और अब यह मेरा कर्तव्य है कि पार्टी को मजबूत करूँ और अखिलेश यादव का समर्थन करूँ। मुझे यकीन है कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन अच्छा प्रदर्शन करेगा। हम सेक्युलर लोगों के साथ रहना चाहते हैं।" गुड्डू जमाली आजमगढ़ की मुबारकपुर सीट से साल 2012 और 2017 में बीएसपी के विधायक रह चुके हैं। ऐसा माना जाता है कि इस क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है। उन्होंने 2014 और 2022 का लोकसभा उपचुनाव क्रमशः सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव और धर्मेंद्र यादव के खिलाफ बसपा के टिकट पर लड़ा था। इसके अलावा अन्य सांसद रितेश पांडेय ने गत दिनों पार्टी से इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल होने की घोषणा की तो इसको लेकर चर्चा भी छिड़ गई। बड़ी बात यह है कि वह अकेले नहीं हैं।

दृष्टि कोण

# वायु की तरह मुक्त हों महिलाएं

पितृसत्ता पूंजीवाद और उपभोक्तावाद महिलाओं के शोषण को जिम्मेदार हैं। ये सब मिलकर महिलाओं के उत्पीडऩ को बढ़ा रहे हैं और उनके जीवन को दूभर कर रहे हैं। महिलाएं इन्हीं से टकराने के लिए अब आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं के प्रति मानवीय दृष्टिकोण यह होना चाहिए कि एक तो महिलाओं के अस्तित्व को स्वीकार करना तथा वह भी अच्छाई-बुराई के साथ। उन पर हावी होना, हमदर्दी करना और दया बरसाना छोड़ देना चाहिए। उन्हें अच्छाई और बुराई के साथ विकसित होते देखना और असली महिला को जगह देनी होगी। महिलाओं को वायु की तरह मुक्त रहने देना चाहिए। उन पर कोई पाबंदी नहीं होनी चाहिए, वे भी पुरुषों की तरह मुक्त घूमें। दोनों के लिए एक धर्म, भाव और कार्य एक जैसे हों। इससे पुरुष के अभाव में महिला स्वयं उसका स्थान अधिकृत कर लेगी। इसके लिए शिक्षा परमावश्यक है। शिक्षा से सब कमियों को दूर किया जा सकता है, और तभी ये देवियां अपना दिव्य रूप पहचानेंगी तथा दुनिया भी उनकी शक्ति को जानेगी। महिलाओं का शोषण पूरे विश्व में ही था। इसलिए 15000 महिलाओं ने शोषण से



टकराने के लिए 1909 में न्यूयॉर्क में प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कम काम के घंटे, बेहतर मुआवजा और वोट देने का अवसर के लिए था। 1910 में एक साल के बाद कोपनहेगन में कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए एक विश्वव्यापी सम्मेलन आयोजित किया गया। यह बैठक महिला दिवस के वार्षिक उत्सव के विचार के लिए उत्प्रेरक थी। वर्ष 1911 में डेनमार्क, स्विटजरलैंड, ऑसट्रिया, जर्मनी ने प्रथम अतंरराष्ट्रीय महिला दिवस सेलिब्रेट किया था। 8 मार्च 1975 को महिला दिवस को आधिकारिक तौर पर मान्यता दी गई, वह भी तब, जब यूनाइटेड नेशन ने इसे वार्षिक तौर पर एक स्पैशल थीम के तहत मनाना शुरू किया। पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का थीम था 'सेलिब्रेटिंग दि पास्ट, प्लानिंग फार दि फ्यूचर'। उसके बाद, हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक नए थीम के साथ मनाया जाता है और इस थीम के अनुसार महिलाओं का सशक्तिकरण किया जाता है। आठ मार्च का दिन महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों के जश्न मनाने का अंतरराष्ट्रीय स्तर का दिवस होता है। यह लैंगिक समानता की दिशा में हुई प्रगति का आकलन करने और शेष चुनौतियों के समाधान के लिए आगे की कार्रवाई का आह्वान करता है। भारत में महिलाओं की स्थिति का आकलन करने के लिए कुछ संकेतक हैं, जैसे- कार्य का रूप एवं सीमा, राजनीतिक भागीदारी, शिक्षा का स्तर, स्वास्थ्य की स्थिति, निर्णयकारी निकाओं में प्रतिनिधित्व, संपत्ति तक पहुंच आदि। इन कारकों तक महिलाओं की एक समान पहुंच नहीं रही है और यह उनके पिछड़ेपन का कारण है। महिलाओं की आज की स्थिति को, पहले के दौर में जो स्थिति थी, उससे तुलना करें तो आज महिलाओं की सफलता का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसका श्रेय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाए जाने वाले महिला दिवस तथा भिन्न-भिन्न देशों की सरकारों की सकारात्मक सोच, जो महिलाओं के प्रति है, को दिया जाता है। भारत का संविधान महिलाओं को लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाना (अनुच्छेद 15) और विधि के समक्ष समान संरक्षण (अनुच्छेद 14) का मूल अधिकार देता है तथा संविधान राज्यों को महिलाओं के पक्ष में भेदभाव को खत्म करने के उपायों को करने के लिए भी शक्ति प्रदान करता है ताकि उनकी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक असमानता की स्थिति को कम किया जा सके। इन्हीं प्रावधानों तथा सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के परिणामस्वरूप महिलाओं ने सामाजिक क्षेत्र, पर्यावरण, रक्षा, खेल, अंतरराष्ट्रीय संगठन, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, शिक्षा, शासन आदि क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां प्राप्त की हैं। महिलाओं को आर्मी, एयर फोर्स और नेवी में परमानेंट कमिशन दिलवाने में माननीय उच्चतम न्यायालय ने अहम भूमिका निभाई है जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं ने सशस्त्र बलों में बुलंदियों को छुआ।

कुछ अलग

# प्रदेश के पर्यटन का भविष्य

'डेस्टिनेशन वेडिंग' के नाम पर गुजरात के जोड़े ने स्पीति के मोरंग गांव में माइनस 25 डिग्री सेल्सियस के तापमान में सात फेरे लेकर जहां अपने सपनों को हकीकत में बदल दिया, वहीं साधारण लोगों के लिए यह 'डेस्टिनेशन वेडिंग' (गंतव्य शादी) शब्द कौतूहल का विषय भी बन गया। साधारण शब्दों मे डेस्टिनेशन वेडिंग वह शादी है जो घर से दूर किसी प्रसिद्ध स्थान में चुनिंदा मेहमानों के साथ आयोजित की जाती है। तेजी से लोकप्रिय होती जा रही इस तरह की शादियों का मुख्य कारण है कि हर किसी का सपना होता है कि वह अपने होने वाले जीवन साथी के साथ किसी ऐसे सुंदर स्थान पर शादी के बंधन मे बंधे, जिससे वह इन पलों को जीवन भर के लिए यादगार बना सके। कोरोना की समाप्ति के पश्चात भारत में डेस्टिनेशन शादियों का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ा है, आंकड़े यह बताते हैं। भारत में डेस्टिनेशन वेडिंग जड़ें उस परम्परा से खोजी जा सकती हैं, जब दो परिवारों के घर दूर शहरों में होने के चलते वर या वधु पक्ष में से कोई एक पक्ष दूसरे के शहर में आकर शादी की रस्मों को निभाते थे। इसके विपरीत विदेशों में डेस्टिनेशन वेडिंग का प्रचलन बहुत पहले से शुरू हो गया था। खासकर अमरीका में जहां के युवा जोड़े मैक्सिको या बहमास के समुद्री तटों पर शादियों का आयोजन करके रोमांचित महसूस करते थे। भारत में भी डेस्टिनेशन वेडिंग ने 60 और 70 के दशक में अपने पांव पसारे, पर ज्यादातर यह उच्च वर्गीय लोगों में ही लोकप्रिय थी। धीरे-धीरे आगे बढ़ रही इसकी लोकप्रियता को सोशल मीडिया के जमाने में पंख लग गए जब कुछ मशहूर हस्तियों के डेस्टिनेशन वेडिंग की तस्वीरें लोगों के सामने आने लगी और उनकी देखादेखी मध्यमवर्गीय परिवारों ने भी इसे अपना लिया। भारत में शादियां कितना बड़ा व्यवसाय बन चुकी हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 'कन्फेडेरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेड्स' के अनुसार नवम्बर 2023 और जून 2024 के बीच भारत में 38 लाख शादियां होंगी जिनमें करीब पौने चार लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे और इनमें से बहुत बड़ा हिस्सा डेस्टिनेशन शादियों का है। इन शादियों में एक वे लोग हैं जो देश में ही किसी प्रसिद्ध गंतव्य स्थान में शादी को प्राथमिकता देते हैं, दूसरी श्रेणी में वे आते हैं जो विदेशों में शादियां रचाते हैं। वर्ष 2023 में करीब 5000 भारतीयों ने थाईलैंड, तुर्कीए, वियतनाम, अबुधाबी और श्रीलंका जैसे विदेशी गंतव्यों में डेस्टिनेशन शादियों पर करीब 50000 करोड़ रुपए खर्च कर दिए जिसका भारतीय अर्थव्यवस्था को कोई लाभ नहीं हुआ, उल्टे विदेशी मुद्रा कोश की ही हानि हुई। इस बात की चिंता माननीय प्रधानमंत्री भी 'मन की बात' के एक एपिसोड में जता चुके हैं। देश की अर्थव्यवस्था बढऩे से लोगों की आय और खर्च करने की क्षमता में तेजी से वृद्धि हुई है। भारतीय लोग शादियों में पैसा खर्च करने के लिए दुनिया भर में विख्यात हैं। इस बढ़ी हुई क्षमता का सीधा असर शादियों के आयोजन में देखने को मिल रहा है। एक सर्वे के अनुसार एक उच्च वर्गीय परिवार शादी पर औसतन डेढ़ से दो करोड़ और मध्यमवर्गीय परिवार 20 से 50 लाख रुपए के बीच खर्च करता है। एक शादी के आयोजन में मैरिज पैलेस से लेकर टैंट, केटरिंग, बैण्ड से लेकर कई तरह की तैयारियां करनी पड़ती हैं, पर अगर ये सारी सुविधाएं एक ही स्थान, विशेषकर किसी प्रसिद्ध स्थान पर तय बजट से थोड़े से ज्यादा पैसा खर्च करके मिल रही हों तो लोग ज्यादा पैसा खर्च करने में गुरेज नहीं करते हैं।

देश दुनीया से

# सूचकांकों के आईने में बिहार के विकास में अंतिम व्यक्ति

> शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद में 2011-12 में बिहार का सकल घरेलू उत्पाद गुजरात का 43, कर्नाटक का 41 और तमिलनाडु का 34 फीसदी था; 2021-22 में बिहार के सकल घरेलू उत्पाद का हिस्सा घटकर गुजरात का 35, कर्नाटक का 33 और तमिलनाडु का 32 फीसदी रह गया। बिहार की प्रति व्यक्ति आय भारत में सबसे कम है। 1960-61 में बिहार की प्रति व्यक्ति एनएसडीपी राष्ट्रीय औसत का 70 फीसदी थी; जो 2005 तक घटकर राष्ट्रीय का 33 फीसदी हो गई, जब जेडीयू सरकार सत्ता में आई। 2005 से आज तक नीतीश कुमार की ही सरकार रही। 2020-21 में, बिहार की प्रति व्यक्ति एनएसडीपी राष्ट्रीय औसत का 33 फीसदी थी। इस प्रकार, उनकी सत्ता में लगभग दो दशकों के बाद भी राष्ट्रीय औसत के सापेक्ष बिहार का अभिसरण के बजाय थोड़ा विचलन ही हुआ है। दूसरा मुद्दा बिहार के भीतर प्रति व्यक्ति उत्पाद में स्थानिक असमानता का है।

यदि कोई राज्य सरकार लगभग दो दशकों से सत्ता में है, तो एक अपरिहार्य प्रश्न उठता है कि उसने आर्थिक विकास, मानव विकास और शासन के मानकों में कैसा प्रदर्शन किया? 2011-12 से 2021-22 तक, बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 5.9 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा, जो राष्ट्रीय औसत के काफी करीब है। लेकिन बिहार के जीएसडीपी का स्तर प्रमुख राज्यों में सबसे कम है, बावजूद इसके कि निचले आधार पर उच्च वृद्धि हासिल करना आसान होता है। शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद में 2011-12 में बिहार का सकल घरेलू उत्पाद गुजरात का 43, कर्नाटक का 41 और तमिलनाडु का 34 फीसदी था; 2021-22 में बिहार के सकल घरेलू उत्पाद का हिस्सा घटकर गुजरात का 35, कर्नाटक का 33 और तमिलनाडु का 32 फीसदी रह गया। बिहार की प्रति व्यक्ति आय भारत में सबसे कम है। 1960-61 में बिहार की प्रति व्यक्ति एनएसडीपी राष्ट्रीय औसत का 70 फीसदी थी; जो 2005 तक घटकर राष्ट्रीय का 33 फीसदी हो गई, जब जेडीयू सरकार सत्ता में आई। 2005 से आज तक नीतीश कुमार की ही सरकार रही। 2020-21 में, बिहार की प्रति व्यक्ति एनएसडीपी राष्ट्रीय औसत का 33 फीसदी थी। इस प्रकार, उनकी सत्ता में लगभग दो दशकों के बाद भी राष्ट्रीय औसत के सापेक्ष बिहार का अभिसरण के बजाय थोड़ा विचलन ही हुआ है। दूसरा मुद्दा बिहार के भीतर प्रति व्यक्ति उत्पाद में स्थानिक असमानता का है। 2020-21 में प्रति व्यक्ति सकल जिला घरेलू उत्पाद पटना में 1,15,239 रुपये, जबकि बेगूसराय और मुंगेर में क्रमशः 45,497 और 42,793 रुपये था, यानी पटना के आधे से भी कम। 2020-21 में बिहार का प्रति व्यक्ति घरेलू उत्पाद मात्र रुपये 31,522 था, जो पटना (1,15,239 रुपये) के एक-तिहाई से भी कम है। इसके अलावा, बिहार ने संरचनात्मक परिवर्तन के चिंताजनक उलटफेर का भी अनुभव किया है। 2017-18 और 2022-23 के बीच कृषि में कार्यबल 50 फीसदी बढ़कर 125 लाख से 190 लाख हो गया है; जबकि 2020 और 2023 के बीच कृषि में भारत के कार्यबल में छह करोड़ की वृद्धि हुई है, बिहार में यह वृद्धि बहुत अधिक है। नीति आयोग की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग (2019) में बिहार 29 में से 26वें स्थान पर है। 2021 में बिहार को भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का सिर्फ 0.29 फीसदी प्राप्त हुआ। बुनियादी मानव पूंजी की सक्षमता के बिना बिहार विदेशी निवेश आकर्षित करने में विफल रहा है। बिहार की 2025 तक राष्ट्रीय निर्यात में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 10 फीसदी करना चाहता है, हालांकि, वर्तमान हिस्सेदारी सिर्फ 0.52 फीसदी है। यहां तक कि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सामाजिक प्रगति सूचकांक 2022 के संदर्भ में भी बिहार में 'बहुत कम सामाजिक प्रगति' हुई है, और इसमें 36 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में वह 35वें स्थान पर है। स्वास्थ्य प्रदर्शन सूचकांक (2019-20) में बिहार 19 राज्यों में 18वें स्थान पर है। बिहार में नवजात मृत्युदर केरल की तुलना में पांच गुना और राष्ट्रीय औसत से 3.5 गुना अधिक है। इसका मुख्य कारण यह है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में जरूरी कार्यबल के मुकाबले स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं की कमी के मामले में बिहार देश के राज्यों में शीर्ष पर है। इसी तरह, शिक्षा के मामले में, नीति आयोग के स्कूल शिक्षा गुणवत्ता सूचकांक 2019 में बिहार 20 बड़े राज्यों में 19वें स्थान पर है। फिर स्कूलों और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार कैसे हो सकता है? स्कूलों में 2.2 लाख शिक्षकों की कमी है, विश्वविद्यालयों में कर्मचारियों, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में डॉक्टरों और पैरा-मेडिक्स की कमी है। सुशासन सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण घटक होता है। सुशासन सूचकांक में बिहार का नीचे के कुछ राज्यों में आना 'सुशासन' की वास्तविक कहानी बताता है। कुल मिलाकर, जब तक हम आर्थिक या सामाजिक परिवर्तन के बिना आर्थिक विकास का पीछा करते हैं, हम गांधी जी की नसीहत से दूर चले जाते हैं कि 'विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए!'



आप का नजरीया

# कैफे में आतंकी विस्फोट

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू भारत की 'सिलिकॉन वैली' है। वहां के लोकप्रिय 'रामेश्वरम कैफे' में बीते शुक्रवार को ऐसा विस्फोट हुआ, जिसकी नीयत और ताकत आतंकी हमले से कम नहीं थी। विस्फोट में 9 लोग घायल हुए। उनमें 45 साल की एक महिला पहचानी गई, जो सेमीकंडक्टर की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में लेखापाल के पद पर कार्यरत है। वह विस्फोट में झुलस गई है और फिलहाल जख्मों से लड़ रही है। शुरुआती जांच के संकेत हैं कि एक अनजान व्यक्ति ने विस्फोट से कुछ मिनट पहले ही उस लोकप्रिय कैफे में बैग रखा था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, ताकि संदिग्ध की पहचान की जा सके। संभवतः आईईडी विस्फोटक उपकरण उसी बैग में रखा गया था। खान-पान के ऐसे लोकप्रिय स्थलों पर भी सुरक्षा में सुराख देखे गए हैं। वहां पर्याप्त सुरक्षा-व्यवस्था नहीं होती। जबकि ऐसे स्थल ही आतंकी या किसी अन्य हमले के 'आसान लक्ष्य' होते हैं। जांच की कुल 8 टीमें काम कर रही हैं। पुलिस 2022 से उन आतंकी हमलों के साथ इस विस्फोट के संपर्क की संभावनाओं को भी खंगाल रही है, जहां ऐसे ही विस्फोटक उपकरणों का इस्तेमाल किया गया था। राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच का आश्वासन दिया है और अपेक्षा की है कि इस घटना का राजनीतिकरण न किया जाए। विपक्षी भाजपा ने इसे कानून-व्यवस्था की नाकामी करार दिया है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने कर्नाटक विधानसभा में पाकिस्तान-समर्थक नारों से इस विस्फोट को जोड़ा है। सवाल है कि क्या यह माना जाए कि बेंगलुरू में भी पाकिस्तान के दहशतगर्द तत्त्व और खुफिया एजेंसी आईएसआई पहुंच गए हैं, जिन्होंने ऐसे विस्फोट को अंजाम दिया? वैसे माहौल को गरम और उग्र बनाने में सत्तारूढ़ कांग्रेस का भी योगदान कम नहीं रहा है। उपमुख्यमंत्री ने विस्फोट को 2022 के मंगलूरु विस्फोट से जोड़ दिया, जब राज्य में भाजपा सरकार थी। उपमुख्यमंत्री जैसा जिम्मेदार शख्स यह आरोप किस आधार पर लगा सकता है? उन्होंने इसके विपरीत ही बयान दिया था और राजनीतिकरण न करने का आग्रह किया था। ऐसा दोगलापन ही आतंकी घटनाओं का राजनीतिकरण करता है। राज्य और केंद्र सरकार की अपनी-अपनी एजेंसियां हैं, जिनके दायरे परिभाषित हैं। जांच दलों को अपना काम करने दें। वे ही किसी निष्कर्ष की ओर संकेत कर सकते हैं। दरअसल 'रामेश्वरम कैफे' में यह विस्फोट ज्यादा भयावह इसलिए है, क्योंकि यह वहां स्थित है, जहां आईबीएम, एसएपी सरीखी आईटी कंपनियां और कई स्टार्टअप मौजूद हैं। यह देश का प्रौद्योगिकी केंद्र है। इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पेशेवरों के लिए यह कैफे एक लोकप्रिय ठिकाना है। खान-पान के पकवानों के लिए यह विख्यात है। जब दोपहर एक बजे के करीब विस्फोट हुआ, तो कई पेशेवर वहां लंच कर रहे थे। घायलों में वेल्डर, मैकेनिक, बिजली वाले, मिस्त्री आदि 'ब्लू कॉलर' प्रवासी कामगार भी शामिल थे। बेंगलुरू के रेस्टॉरेंट क्षेत्र को अब खुद महसूस करना पड़ेगा कि वे सावधान हो जाएं। अपने ग्राहकों पर निगरानी रखें। एक मजबूत सुरक्षा व्यवस्था तैयार करें।



# नेपाल ने रूसी सेना में तैनात अपने नागरिकों को लौटाने की मांग की, पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का आग्रह

**काठमांडू ।**
नेपाल ने रूस से मांग की है कि वह रूसी सेना में सेवारत नेपाली नागरिकों की वापसी सुनिश्चित करें। नवनियुक्त उप-प्रधानमंत्री और विदेश मामलों के मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से नेपालियों के शवों को वापस भेजने में तेजी लाने, मृतकों के परिवार को मुआवजा देने और रूसी सेना में सेवारत नेपाली नागरिकों की वापसी की सुविधा प्रदान करने का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री श्रेष्ठ ने टेलीफोन पर बातचीत के दौरान रूसी मंत्री से ऐसा अनुरोध किया। श्रेष्ठ ने मुआवजा प्रक्रिया शुरू करने के लिए लावरोव को धन्यवाद दिया और रूस से इसे जल्द से जल्द पूरा करने का अनुरोध किया। रूसी विदेश मंत्री ने उन्हें नेपाल सरकार की चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार के समर्थन का आश्वासन दिया। बयान में कहा गया है कि बातचीत के दौरान रूस के विदेश मंत्री ने श्रेष्ठ को पदभार संभालने पर बधाई दी और शुभकामनाएं दीं। बयान में कहा गया है, रूस के विदेश मंत्री ने नेपाली पक्ष के साथ व्यापार, पर्यटन और संस्कृति समेत विभिन्न मोर्चों पर सहयोग करने की इच्छा जताई। इससे पहले नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने जानकारी दी थी कि नेपाल रूसी सेना में भर्ती किए गए, घायल हुए लोगों को वापस भेजने और मारे गए लोगों के शव भेजने के लिए रूस के साथ राजनयिक वार्ता कर रहा है। प्रचंड ने यह भी कहा कि अब किसी नेपाली नागरिकों को रूस जाने से पहले सरकार से अनापत्ति पत्र लेना होगा। इससे सिर्फ छात्रों और कारोबारियों को छूट मिलेगी।

**रूस जाने पर अनापत्ति पत्र अनिवार्य** – वहीं. प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल ने कहा है कि रूसी सरकार को सूचित किया गया है कि रूसी सेना में नेपालियों की भर्ती अवैध है और रूस जाने पर अनापत्ति पत्र अनिवार्य है। संसद में बृहस्पतिवार उठाए गए अहम मुद्दों पर जवाब देते हुए प्रधानमंत्री प्रचंड ने साफ किया कि नेपाली नागरिकों को रूसी सेना में भर्ती न करने और भर्ती किए गए लोगों को नेपाल वापस करने के लिए कूटनीतिक दबाव बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री प्रचंड ने बताया कि रूसी सेना में शामिल होकर मारे गए नेपाली नागरिकों के शवों को वापस लाने, मृतकों और घायलों के परिवारों को मुआवजा देने और यूक्रेनी सेना द्वारा पकड़े गए नागरिकों को वापस लाने के संबंध में संबंधित देशों के अधिकारियों से बातचीत की जा रही है। प्रधानमंत्री प्रचंड ने कहा, हाल ही में रूसी सरकार नेपाली दूतावास के खाते में मुआवजा और बीमा राशि जमा करने और कांसुलर सेवा विभाग के माध्यम से पीड़ित परिवार को प्रदान करने पर सहमत हुई है। उन्होंने कहा, अध्ययन छात्रवृत्ति और व्यवसायों को छोड़कर रूस की यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए अनापत्ति पत्र अनिवार्य कर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सुना है कि चीन आगे जा रहा, लेकिन मामला उल्टा है, भारत जैसे सहयोगियों के साथ साझेदारी मजबूत होने पर बाइडन



**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे अपने सहयोगियों के साथ अमेरिका अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहा है। इसके साथ ही उनका देश अनुचित आर्थिक व्यवहार, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए चीन के खिलाफ खड़ा है । इस साल अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होना है। इससे पहले अपने आखिरी 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन में बाइडन ने कहा कि अमेरिका, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव। अपनी साझेदारी को मजबूत बना रहे बाइडन ने अमेरिकियों को बताया कि देश बीजिंग के खिलाफ 21वीं सदी में प्रतिस्पर्धा जीतने के लिए मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा, 'हम चीन के अनुचित आर्थिक कदमों और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए उसके खिलाफ खड़े हैं और साथ ही सहयोगियों और प्रशांत क्षेत्र के देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान तथा दक्षिण कोरिया के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बना रहे हैं।' कई अन्य लोगों से सुना है... बाइडन ने कहा, 'वर्षों से, मैंने अपने रिपब्लिकन मित्रों और कई अन्य लोगों से सुना है कि चीन आगे बढ़ रहा है और अमेरिका पीछे जा रहा है लेकिन यह उल्टा है। अमेरिका आगे बढ़ रह है।' उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे अच्छी है। हमारा व्यापार घाटा सबसे निचले स्तर पर बाइडन ने कहा, 'मेरे सत्ता में आने के बाद से हमारा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढ़ा है। पिछले एक दशक में चीन के साथ हमारा व्यापार घाटा सबसे निचले स्तर पर है। मैंने यह सुनिश्चित किया है कि सबसे उन्नत अमेरिकी प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल चीन के हथियारों में न किया जा सके। सच कहूं तो, चीन पर सख्त बातचीत के बावजूद मेरे पूर्ववर्ती के मन में ऐसा विचार कभी नहीं आया।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'हम चीन या किसी भी अन्य देश के खिलाफ 21वीं सदी की प्रतिस्पर्धा को जीतने के लिए मजबूत स्थिति में हैं।' अमेरिका में लोकतंत्र खतरे में राष्ट्रपति जो बाइडन ने देश के नाम संबोधन (स्टेट ऑफ द यूनियन स्पीच) में डोनाल्ड ट्रंप पर भी तीखा हमला बोला और चेतावनी दी कि अमेरिका में लोकतंत्र खतरे में है। अपने संबोधन की शुरुआत में ही बाइडन ने कहा कि मैं कांग्रेस और अमेरिका के लोगों को खतरे को लेकर अलर्ट करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति लिंकन और सिविल वॉर से अब तक देश और दुनिया में लोकतंत्र और आजादी कभी इतने खतरे में नहीं थी, जितनी आज है। लोकतंत्र पर हमले हो रहे हैं।

### पिता की पार्टी में भी जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी, पंजाब की सीएम मरयम नवाज का बयान

**इस्लामाबाद ।** मरयम नवाज ने हाल ही में पाकिस्तान के पंजाब की सीएम बनकर इतिहास रच दिया।



महिला दिवस के मौके पर उन्होंने बताया कि अपने पिता की ही पार्टी में भी जगह बनाने के लिए उन्हें दशक भर तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर वह सफल हुई है तो कोई भी महिला सफल हो सकती है। मरयम नवाज पाकिस्तान में किसी भी राज्य की सीएम बनने वाली पहली महिला हैं। नवाज शरीफ की उत्तराधिकारी मानी जाती हैं मरयम नवाज पाकिस्तानी मीडिया से बात करते हुए मरयम नवाज ने कहा कि उनके पिता की पार्टी पीएमएल-एन हमेशा से एक पुरुषों के प्रभाव वाली पार्टी रही है। मैंने भी पार्टी में अपनी जगह बनाने के लिए 12-13 साल कड़ी मेहनत की है, लेकिन अगर मैं यहां तक पहुंची हूं तो इसमें हर महिला, मां और बेटी के लिए संदेश है कि अगर आप कुछ करना चाहती हैं तो महिला होना आपके रास्ते की रुकावट नहीं बन सकता। मरयम नवाज को नवाज शरीफ का उत्तराधिकारी माना जाता है। बीती 26 फरवरी को ही मरयम नवाज ने पंजाब की सीएम पद की शपथ ली है। मरयम नवाज (50 वर्षीय) पहले राजनीति में सक्रिय नहीं थी और साल 2011 में राजनीति में सक्रिय हुईं। अब मरयम नवाज को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। साल 2017 में मरयम नवाज ने पाकिस्तानी आर्मी के खिलाफ अभियान चलाया था, जिससे मरयम नवाज पाकिस्तान में लोकप्रिय हुईं। ऐसा माना जाता है कि पाकिस्तान आर्मी के साथ हुई डील के तहत मरयम नवाज को पंजाब सीएम का पद मिला है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तानी आर्मी ने नवाज शरीफ को विकल्प दिया था कि अगर उनके भाई शहबाज शरीफ पीएम बनते हैं तो पंजाब के सीएम पद पर मरयम नवाज की ताजपोशी हो सकती है। पंजाब पाकिस्तान का सबसे अहम और सबसे ज्यादा आबादी वाला सूबा है। पंजाब, नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन का गढ़ रहा है। शरीफ परिवार से नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं और अब एक बार फिर शहबाज शरीफ पाकिस्तान के नए पीएम चुने गए हैं।

# भारत ने सुरक्षा परिषद में इन बदलावों की सिफारिश की, बताया किन देशों को और कैसे मिलना चाहिए प्रतिनिधित्व

**वॉशिंगटन ।**
भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए विस्तृत योजना पेश की है। भारत ने जी4 देशों की तरफ से यह योजना संयुक्त राष्ट्र में रखी, जिसमें कई ऐसे सुधारों की सिफारिश की गई है, जिन्हें लागू करने पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ज्यादा लोकतांत्रिक और समावेशी बन सकेगी। भारत की तरफ से संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज इंटरगवर्नमेंटल नेगोसिसएशन ऑन सिक्योरिटी काउंसिल रिफॉर्म कार्यक्रम में शामिल हुईं।



### भारत ने दिए ये सुझाव

इस कार्यक्रम में रुचिरा कंबोज ने जी4 देशों ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की तरफ से प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद के सदस्यों की संख्या मौजूदा 15 से बढ़ाकर 25-26 करने की सिफारिश की गई है। साथ ही इसमें छह स्थायी सदस्यों और चार या पांच अस्थायी सदस्यों को शामिल करने की सलाह दी गई है। भारत ने सुझाव दिया है कि छह नए स्थायी सदस्यों में से दो अफ्रीकी राज्यों और एशिया प्रशांत के देशों, एक लैटिन अमेरिकी देशों और कैरेबियाई देशों और एक पश्चिमी यूरोपीय देशों और अन्य देशों की तरफ से प्रस्तावित किया जाना चाहिए।

### मौजूदा व्यवस्था में सुधार की जरूरत


रुचिरा कंबोज ने कहा कि सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था में स्थायी और अस्थायी दोनों वर्गों में प्रतिनिधित्व की कमी है। इससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद उतनी प्रभावी नहीं है और वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए इसमें तुरंत सुधार की जरूरत है। कंबोज ने कहा कि कोई भी सुधार प्रतिनिधित्व की कमी को नजरअंदाज करके संभव नहीं है और खासकर स्थायी कैटेगरी में भारी असंतुलन है और इसी वजह से सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने में अक्षम साबित हो रही है। कंबोज ने कहा कि सुधार के लिए जो सिफारिशें की गई हैं, उनमें किसी देश विशेष को सदस्य बनाने को नहीं किया गया है बल्कि इन्हें लोकतांत्रिक और समावेशी तरीके से चुनाव से तय किया जाएगा।

भारत द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में वीटो को लेकर भी सुझाव दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि नए स्थायी सदस्यों के पास भी मौजूदा सदस्यों की तरह जिम्मेदारी और अधिकार होंगे, लेकिन वे किसी मुद्दे पर पूरी समीक्षा के बाद ही वीटो का फैसला कर पाएंगे। अभी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिर्फ पांच देशों चीन, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका के पास ही वीटो पावर है। वहीं दो अन्य सदस्य अस्थायी होते हैं, जिनका दो साल के लिए चुनाव होता है और उनके पास वीटो पावर नहीं होती। फ्रांस और अमेरिका ने भी भारत को सुरक्षा परिषद में शामिल करने का समर्थन किया है।

### सऊदी अरब के पहले मेल रोबोट ने सरेआम कर दी ये हरकत, अब हो रही थू-थू; कैमरे में रिकॉर्ड हुई घटना

**सउदी अरब ।** आज दुनिया तेजी से विकास कर रही है। नए-नए उपयोग किए जा रहे हैं। इंसानों के जैसे दिखने वाले रोबोट बनाए जा रहे हैं। लेकिन रोबोट को लेकर अब पूरी दुनिया में सवाल खड़े हो गए हैं कि क्या इसे तैयार करना इंसानों के लिए वाकई में सही है या नहीं। दरअसल, हाल ही में सऊदी अरब ने अपना पहला मेल एंड्रायड रोबोट लॉन्च किया। इस रोबोट का नाम मुहम्मद रखा गया है। लॉन्च होते ही इस रोबोट ने कुछ ऐसी हरकत कर दी, जिसका सोशल मीडिया पर जमकर वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में रोबोट एक महिला रिपोर्टर को गलत तरीके से छूता दिख रहा है। चार मार्च की घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो रही घटना चार मार्च की बताई जा रही है। लॉन्च के बाद एक महिला रिपोर्टर जब इस रोबोट के पास खड़ी होकर रिपोर्टिंग कर रही थी, तो रोबोट उन्हें गलत तरीके से छूता दिखाई दिया। अचानक रोबोट के छूने से महिला रिपोर्टर डर गई। हालांकि, इसके बाद भी उन्होंने अपनी रिपोर्टिंग जारी रखी, लेकिन कुछ लोगों के कैमरे में रोबोट की यह हरकत रिकॉर्ड हो गई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि रोबोट ने कैसे और क्यों रिपोर्टर को छूने की कोशिश की। कहीं इसमें कोई गलती तो नहीं है या रोबोट को हैंडल करने वाले ने कोई शरारत तो नहीं की है। सोशल मीडिया पर इस पर तमाम लोगों के कमेंट्स आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर आए कमेंट्स एक ने लिखा कि इस रोबोट को किस मकसद से बनाया गया है एक ने लिखा कि वाकई जांच होनी चाहिए कि आखिर रोबोट ने ऐसा क्यों किया कैसे वह किसी को गलत तरीके से छू सकता है एक ने लिखा कि हो सकता है कि इसमें किसी की शरारत हो। एक यूजर ने लिखा, हे भगवान। सच में ऐसा हुआ है। वहीं एक अन्य ने लिखा, अजीब रोबोट।

# पीएम शरीफ बोले- जरदारी पाकिस्तान के राष्ट्रपति बनेंगे; मुल्क की मुसीबतों की तुलना हिमालय से की



**इस्लामाबाद ।**
पाकिस्तान में प्रधानमंत्री पद की रस्साकस्सी के बाद अब राष्ट्रपति पद के लिए चर्चाएं शुरू हो गईं हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रपति पद के लिए आसिफ अली जरदारी का नाम सुझाया है। उनका कहना है कि जरदारी अगर राष्ट्रपति बनेंगे तो दोनों के बीच मजबूत समन्वय होगा। सहयोगी दलों के सम्मान में आयोजित रात्रिभोज कार्यक्रम में शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ही पाकिस्तान के राष्ट्रपति बनेंगे। अर्थव्यवस्था पर जताई चिंता कार्यक्रम में शरीफ ने पाकिस्तान की समस्याओं की तुलना हिमालय से की। हालांकि, उनका कहना है कि अगर मजबूत प्रतिबद्धता और ईमानदारी हो तो इन समस्याओं को दूर किया जा सकता है। उन्होंने अर्थव्यवस्था पर चिंता भी जाहिर की। शरीफ ने कहा कि गैस और बिजली संबंधित सर्कुलर ऋण की राशि पांच ट्रिलियन रूपये है। वहीं, पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस पर 825 अरब रुपये का बकाया है। वहीं, बिजली चोरी 500 अरब रुपये तक पहुंच गई है। इन समस्याओं से निपटने के लिए वह देश के कर आधार को बढ़ाना चाहते हैं। जरदारी ने समस्याओं को हल करने के लिए पीएम के साथ काम करने का किया वादा इन सबके बीच, जरदारी ने समस्याओं को हल करने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ काम करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में पर्याप्त प्रगति से पाकिस्तान की समस्याएं काफी हद तक कम हो सकती हैं। वहीं, बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि राष्ट्रपति के रूप में उनके पिता देश को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने अठारहवें संशोधन की प्रशंसा की करते हुए कहा कि यह देश के संवैधानिक इतिहास की एक बड़ी उपलब्धि है। पाकिस्तानी संसद की जानें स्थिति पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के गठबंधन के बाद शहबाज शरीफ ने प्रधानमंत्री के रूप में पाकिस्तान की सत्ता संभाली। 336 सदस्यीय सदन में गठबंधन को 201 वोट मिले, जो सदन का नेता बनने के लिए आवश्यक मतों से 32 अधिक हैं।

# भारतीय राजनयिक सिंह और अफगान विदेश मंत्री मुत्तकी के बीच वार्ता, इन मुद्दों पर हुई चर्चा

**काबुल ।**
भारत के वरिष्ठ राजनयिक जेपी सिंह ने अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार में विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के साथ बातचीत की। इस दौरान सुरक्षा, व्यापार और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के तरीकों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। अफगानिस्तान की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई।



जेपी सिंह विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान क्षेत्र के राजनयिक हैं। चर्चा के दौरान सिंह ने अफगानिस्तान के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने और चाबहार बंदरगाह से व्यापार बढ़ाने में भारत की रुचि से अवगत कराया। हालांकि बयान में इस बात का जिक्र नहीं है कि यह वार्ता कहां हुई। माना जा रहा है कि अफगानिस्तान मामलों के प्रभारी राजनयिक सिंह ने काबुल में मुत्तकी के साथ वार्ता की।

बयान में कहा गया है कि तालिबान के विदेश मंत्री मुत्तकी ने मानवीय सहायता के लिए भारत का आभार जताया। मुत्तकी ने कहा कि अफगान सरकार भारत के साथ राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना चाहती है। मुत्तकी ने अफगान व्यापारियों, मरीजों और छात्रों के लिए भारत की तरफ से वीजा जारी करने की सुविधा प्रदान करने का अनुरोध किया।

काबुल में समावेशी सरकार के पक्ष में भारत

बता दें, भारत ने अभी तक अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। भारत काबुल में समावेशी सरकार के गठन की वकालत कर रहा है और इस बात का आश्वासन चाहता है कि अफगान धरती का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए न हो। हालांकि, भारत शुरू से ही मानवीय संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान को निर्बाध सहायता जारी रखने के पक्ष में है।

भारत ने जून 2022 में काबुल में अपने दूतावास में तकनीकी टीम तैनात करके अफगानिस्तान में फिर से अपनी राजनयिक उपस्थिति स्थापित की है। अगस्त 2021 में तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा करने के बाद सुरक्षा पर चिंताओं के कारण भारत ने दूतावास से अपने अधिकारियों को वापस बुला लिया था।

# अगर सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश को यूएन से बाहर रखा गया तो..., निक्केई फोरम में बोले जयशंकर

**टोक्यो ।**
भारतीय विदेश मंत्री जापान दौरे पर हैं। एस जयशंकर निक्केई फोरम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि अगर दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश और कुछ बड़े संसाधन मुहैया कराने वालों को संयुक्त राष्ट्र से बाहर रखा जाता है तो यह सयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के लिए अच्छा नहीं होगा।



भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर जयशंकर ने कहा कि परिषद में भारत और जापान को वैसा ही स्थान देने की जरूरत है, जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने कहा, अगर दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश और कुछ बड़े संसाधन मुहैया कराने वालों को संयुक्त राष्ट्र से बाहर रखा जाता है तो यह संगठन के लिए अच्छा नहीं होगा। इसलिए हम चाहते हैं कि इसका जल्दी अहसास हो।

### संयुक्त राष्ट्र में बदलाव की जरूरत

भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर छह से आठ मार्च तक जापान दौरे पर हैं। वह अपने जापानी समकक्ष योको कामिकावा के साथ 16वीं भारत-जापान विदेश मंत्री रणनीतिक वार्ता के लिए यहां पहुंचे हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र की जब स्थापना हुई थी, तब करीब 50 सदस्य देश थे। जबकि आज 200 सदस्य देश हैं। इसलिए अधिकतर इस बात को समझते हैं कि संयुक्त राष्ट्र में सुधार की बहुत आवश्यकता है।

### चार गुना सदस्य बढ़े

उन्होंने कहा, अगर किसी संगठन में चार गुना सदस्य बढ़ जाते हैं तो उस संगठन का नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता समान नहीं रह सकती है। उन्होंने आगे कहा कि आज दुनियाभर में कई जरूरी मुद्दे हैं, लेकिन इनमें संयुक्त राष्ट्र वह भूमिका नहीं निभा रहा है जो इसे निभानी चाहिए।

### पहले भी हो चुका है बदलाव

जयशंकर ने जोर देकर कहा कि सुरक्षा परिषद में पहले भी बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि पहले कभी बदलाव नहीं हुए। यहां बदलाव हो चुका है। सुरक्षा परिषद का एक बार विस्तार किया गया ताकि अधिक से अधिक अस्थायी सदस्यों को लाया जा सके। उन्होंने आगे कहा, हम जानते हैं कि बदलाव आएगा। हम जानते हैं कि सुरक्षा परिषद में बदलाव होगा। असली मुद्दा यह है कि यह कब आता है, इसमें कितना समय लगेगा और यह किस रूप में होगा।

विदेश मंत्री ने कहा कि अगर आप देखें कि यह क्या रूप लेगा तो भी इसके कुछ हिस्से काफी स्पष्ट हैं। यहां कोई एक भी अफ्रीकी सदस्य नहीं है। एक भी लैटिन अमेरिकी सदस्य नहीं है। अफ्रीका के पास 50 से अधिक देशों का एक महाद्वीप है, लेकिन कोई भी सदस्य नहीं है।

एशिया के मामले में हां यहां एक सदस्य है। लेकिन अगर आप आज एशिया की गतिशीलता, एशिया की जनसांख्यिकी और राष्ट्रों के आकार को देखते हैं, तो मुझे लगता है कि यह एक बहुत मजबूत मामला भी है। उन्होंने कहा कि ये चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि, कई मायनों में चर्चाएं आगे नहीं बढ़ी हैं क्योंकि जो लोग बदलाव का विरोध कर रहे हैं, उन्होंने इसमें देरी करने के तरीके ढूंढ लिए हैं।

# दो साल के इंतजार के बाद नाटो में हुई स्वीडन की एंट्री, 32वां सदस्य बना, क्या रूस अब फंस गया है

**ब्रुसेल्स ।**

**स्वीडन, नाटो का 32वां सदस्य देश बन गया। इसके साथ ही करीब दो दशकों तक गुट निरपेक्ष रहा स्वीडन नाटो के गुट में शामिल हो गया है। स्वीडन के पीएम उल्फ क्रिस्टीरसन ने देश के नाटो में शामिल होने को स्वतंत्रता की जीत बताया। उन्होंने कहा कि स्वीडन ने लोकतांत्रिक तरीके से, निष्पक्ष, संप्रभु और एकमत होकर नाटो में शामिल होने का फैसला किया है। एक कार्यक्रम के दौरान स्वीडिश पीएम ने ये बात कही और इस दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भी मौजूद रहे।**

स्वीडन को भी अब सुरक्षा की गारंटी मिलेगी

स्वीडन के नाटो में शामिल होने पर, नाटो के सचिव जनरल जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने बयान जारी कर कहा कि यह एक ऐतिहासिक दिन है। स्वीडन को अब नाटो में एक अधिकारपूर्वक जगह मिलेगी और उसकी बात का भी नाटो की नीतियों और फैसलों में ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि 200 वर्षों ज्यादा समय तक गुट निरपेक्ष रहने के बाद स्वीडन को भी अब अनुच्छेद 5 के तहत सुरक्षा की गारंटी मिलेगी। स्वीडन सरकार की एक विशेष बैठक हुई और इस बैठक के बाद स्वीडन के नाटो में शामिल होने का एलान किया गया। स्वीडन के नाटो का सदस्य बनने के बाद अब ब्रुसेल्स में नाटो मुख्यालय के बाहर इसका झंडा भी दिखना शुरू हो जाएगा।

### रूस की बढ़ेगी परेशानी

रूस यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही रूस का पड़ोसी देश स्वीडन और फिनलैंड नाटो का



सदस्य बनने की कोशिश कर रहे थे। फिनलैंड बीते साल नाटो का सदस्य बन गया और अब स्वीडन की भी नाटो में एंट्री हो गई है। इसका मतलब ये है कि रूस को छोड़कर बाल्टिक सागर से घिरे सारे देश अब नाटो का हिस्सा बन गए हैं। यह रूस के लिए झटका है। रूस ने भी स्वीडन के नाटो में शामिल होने पर बयान जारी कर कहा है कि वह भी इसके जवाब में कदम उठाएगा और अगर स्वीडन में नाटो के सैनिकों की तैनाती होती है तो रूस भी इसके खिलाफ कदम उठाएगा।

रूस ने जिस तरह से यूक्रेन पर हमला किया, उसके बाद से ही फिनलैंड और स्वीडन रूस के खिलाफ अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित थे। हालांकि स्वीडन को नाटो में शामिल करने के खिलाफ तुर्किए ने मोर्चा खोला हुआ था। तुर्किए स्वीडन में कथित तौर पर शरण लिए हुए कुर्दिश उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा था।

साथ ही स्वीडन में इस्लाम के खिलाफ होने वाले विरोध प्रदर्शनों से भी नाराज था। हालांकि अमेरिका ने तुर्किए को मनाया और आखिरकार स्वीडन की नाटो में एंट्री हो गई। स्वीडन की नाटो में एंट्री को समर्थन देने के लिए तुर्किए को अमेरिका से 23 अरब डॉलर की फाइटर जेट की डील हासिल हुई।

### क्या है नाटो

नॉर्थ अटलांटिक संधि संगठन का गठन 1949 में हुआ था, जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और फ्रांस समेत 12 देश थे। अब नाटो के सदस्यों की संख्या 32 हो गई है। नाटो का उद्देश्य सोवियत संघ के विस्तार को रोकना था। नाटो के किसी भी सदस्य पर हमला सभी सदस्य देशों पर हमला माना जाएगा। नाटो की कोई सेना नहीं है, लेकिन सभी सदस्य देश एकजुट होकर संकट में कार्रवाई कर सकते हैं। नाटो देश संयुक्त सैन्य अभ्यास भी करते हैं। अब नाटो में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्पेन और तुर्किए, अल्बानिया, बुल्गारिया, हंगरी, पोलैंड, द चेक रिपब्लिक, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, पुर्तगाल, नॉर्वे, नॉर्थ मैसेडोनिया, नीदरलैंड्स, मोनटेग्रो, लक्जमबर्ग, आइसलैंड, ग्रीस, डेनमार्क, क्रोएशिया, बेल्जियम, रोमानिया, लिथुआनिया, लातविया, एस्टोनिया के साथ अब फिनलैंड और स्वीडन भी सदस्य देश हैं।

# पीएम के नेतृत्व में महिला सशक्तीकरण के लिए अनेक निर्णय : दिया कुमारी



**जयपुर ( हिंस )।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के विशिष्ट आतिथ्य में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जैन श्वेतांबर तेरापंथ महिला मंडल जयपुर शहर की ओर से शुक्रवार को मालवीय नगर स्थित अणुविभा केंद्र पर एंपावरमेंट वूमेनहुड कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी का सम्मान करना हमारे देश की सदियों पुरानी परंपरा है। देश का विकास महिलाओं के विकास के बिना संभव नहीं है। राष्ट्र निर्माण में महिलाएं पुरुषों के समान बराबरी से कंधे से कंधा मिलाकर अपना महत्वपूर्ण और समुचित योगदान दे रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं के विकास के अनेकों निर्णय लिए गए हैं। महिलाओं की प्रगति में सहयोगी योजनाएं व कार्यक्रम चलाए गए हैं। उन्होंने शासन गौरव कनक श्री साध्वी जी का अभिनंदन किया और आशीर्वाद भी लिया। शासन गौरव कनक साध्वी ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि यह गौरव का विषय है कि दिया कुमारी जैसी महत्वपूर्ण महिला उप मुख्यमंत्री के रूप में राजस्थान राज्य की सेवा समर्पित भाव से कर रही हैं। इससे प्रदेश निश्चित रूप से प्रगति की ओर अग्रसर होगा। साध्वी जी ने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि महिलाओं की लीडरशिप जहां होती है वह सफल होती है। महिलाओं की लीडरशिप में कहीं कोई संदेह की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि तेरापंथ महिला मंडल की ओर से राष्ट्र जागरण का कार्य किया जा रहा है। तेरापंथ महिला मंडल की महिलाएं राष्ट्र सेवा का कार्य कर रही है। यह भी एक गौरव की बात है कि भारत देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भी एक महिला है। महिलाएं हर क्षेत्र में विकास की वाहक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के निर्देशन में संसार का संचालन हो रहा है। महिलाएं अपनी अगली पीढ़ी को शिक्षित और दीक्षित कर राष्ट्र के निर्माण के लिए कार्य करें। कार्यक्रम में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष सरिता डागा ने कहा कि तेरापंथ महिला मंडल की ओर से स्वच्छ भारत का निर्माण और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए प्लास्टिक रिसायकल मशीनों का वितरण किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए सिलाई मशीन और आटा चक्की और इसी तरह के उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

## राज्यपाल ने शिव-शक्ति से सबके कल्याण व मंगल की कामना की

**जयपुर( हिंस )।** राज्यपाल कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर राजभवन स्थित राज राजेश्वर शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना की। राज्यपाल मिश्र ने भगवान शिव की पूजा पश्चात उनकी आरती करते हुए सभी के लिए कल्याण और मंगल की कामना की। उन्होंने इस पावन पर्व पर परमपिता परमेश्वर और जगजननी से प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

## वेदों को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करवाने के लिए मंत्री को सौंपा प्रधानमंत्री के नाम पत्र

**हिसार ( हिंस )।** स्वैच्छिक सामाजिक संस्था सजग व यज्ञ-हवन विश्व कल्याण ने वेदों को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करवाने के लिए प्रधानमंत्री के नाम लिखा पत्र शुक्रवार को शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता को सौंपा। दोनों संस्थाओं के अध्यक्ष वास्तु आर्किटेक्ट सत्यपाल अग्रवाल के साथ सजग प्रतिनिधियों सत्यप्रकाश आर्य, रतन बंसल खेड़ा वाले, दुनीचंद गोयल, अनिल सिंगला मंगाली वाले, वेद प्रचार मंडल अध्यक्ष रामकुमार आर्य, स्त्री आर्य समाज की अध्यक्षा सिम्मी काठपाल व अन्य पदाधिकारी शामिल



रहे। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री को सौंपे गए पत्र में वेदों के संदर्भ में लिखा है कि मनुष्य की उत्पत्ति के साथ ही उनके कल्याण और ब्रह्मांड के सुव्यवस्थित संचालन के लिए परमात्मा प्रदत्त सृष्टि की प्रथम पुस्तक वेद दुनिया का एकमात्र ऐसा ग्रंथ है जिसमें ज्ञान का अथाह भंडार हैं। प्राचीन ज्ञान विज्ञान का मुख्य स्रोत है। कहा जाता है कि वेद अनंत हैं और वेदों के ज्ञान का न आदि है और न अंत है। वेद भगवान का निश्वास हैं, ये श्रुति ग्रंथ है मनुष्य द्वारा रचित नहीं हैं, इसलिए अपौरुषेय कहलाते हैं। वेदों का किसी भी काल में नाश नहीं होता और वेद का समस्त ज्ञान-विज्ञान सत्य होने के साथ-साथ देश, काल तथा जाति बंधनों से रहित है। इसमें मानव की हर समस्या का समाधान है जो कि मानव मात्र के जीवन में घटित होनी सम्भव हैं।

# माता सावित्री बाई फूले का जीवन प्रेरक: दुष्यंत चौटाला

## डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने सावित्री बाई फूले की मूर्ति का किया अनावरण

**सोनीपत ( हिंस )।** खरखौदा में शुक्रवार को उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने मटिण्डू रोड़ स्थित सावित्री बाई फूले पार्क में 21 फूट ऊंची सावित्री बाई फूले की मूर्ति का अनावरण किया। महाशिव रात्रि व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फूले देश की पहली शिक्षिका होने के साथ-साथ महिला स्वतंत्रता सेनानी थी। उनका जीवन प्रेरक है। डिप्टी सीएम चौटाला ने कहा



कि माता सावित्री ने शिक्षा प्राप्त करने के लिए संघर्ष किया। जब महिलाओं को पढने् के लिए स्कूल में जाने और घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं थी। सघर्ष करते-करते सन 1948 में देश की पहली महिला शिक्षिका बनी। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि सावित्री फूले हमेशा कहती थी कि शिक्षा वो चाबी है, जिसके दम पर आपके भविष्य के उत्थान के तालों को खोल सकते हैं। इधर गठबंधन सरकार ने महिलाओं को पंचायती राज में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य किया। चौक को सावित्रीबाई फूले के नाम से बनाने की मांग किए जाने पर चौटाला ने कहा कि प्रस्ताव भेजे इस चौक का नाम सावित्री बाई फूले के नाम से रखवाएंगे। पार्क में चल रहे कार्यों को पूरा करवाने के लिए मुख्यमंत्री ने दिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की है। ओलावृष्टि से खराब फसलों के लिए किसान को 15 हजार प्रति एकड़ मुआवजा मिलेगा। मारूति प्लांट के निर्माण से इस क्षेत्र के गांवों की तकदीर व तस्वीर बदलेगी। यहां की जमीन की कीमतों के रेट 10 गुणा बढ़ गए हैं। प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा को सड़कों के निर्माण के लिए सरकार ने 25 करोड़ रुपए दिए है।

## लोकसभा चुनाव : अर्द्धसैनिक बलों की 25 कंपनियां पंजाब पहुंची

### लोकसभा चुनाव से पहले जिलों में होगी तैनाती

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से करवाने और सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए केंद्रीय हथियारबंद पुलिस बलों (सीएपीएफ) की 25 कंपनियां पंजाब राज्य में पहुंच चुकी हैं। इन 25 कंपनियों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की पांच कंपनियां, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 15 कंपनियां और इंडो-तिब्बत बार्डर पुलिस (आईटीबीपी) की पांच कंपनियां शामिल हैं। पंजाब के स्पेशल पुलिस महानिदेशक कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि आम लोगों में विश्वास पैदा करने के साथ-साथ संवेदनशील और अति-संवेदनशील क्षेत्रों में दबदबा बनाने के लिए राज्य के संवेदनशील जिलों में इन सुरक्षा बलों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों की मैपिंग भी की जा रही है जिससे आम चुनाव से पहले किसी भी स्थिति से बचाव के लिए अन्य बलों को तैनात किया जा सके। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्रों में समाज विरोधी तत्वों पर पैनी नजर रखने और आम लोगों में विश्वास पैदा करने के लिए फ्लैग मार्च निकालने के लिए कहा गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कई आयोजन

# रोडवेज बसों में उमड़ी महिलाओं की भीड़



**जोधपुर ( हिंस )।** शहर में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर में महिलाओं का सम्मान समारोह हुआ तो दूसरी तरफ संगोष्ठियों सहित कई अन्य आयोजन दिनभर चलते रहे। सुबह से ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया, वहीं राजस्थान राज्य परिवहन निगम की तरफ से आज रोडवेज बसों में नि:शुल्क यात्रा के आदेश की पालना भी हुई। रोडवेज बसों में रात से ही महिला यात्रियों का जमघट रोडवेज बस स्टैंड पर देखने को मिला। आज सुबह रोडवेज बसें ठसाठस भरी देखी गई। नार्थ वेस्टर्न रेलवे एंप्लाइज यूनियन जोधपुर के मंडल सचिव मनोज कुमार परिहार ने बताया कि सुबह 11 बजे महिला कर्मचारियों द्वारा मंडल कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। सहायक मंडल सचिव आशा कंवर व केंद्रीय कार्यकारी सदस्य विजया व्यास ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। साथ ही साथ महिला कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल पर आने वाली समस्याओं से निजात पाने के लिए नियमों के बारे में भी जानकारी दी गई। मंडल अध्यक्ष महेन्द्र व्यास ने सभी महिला रेल कर्मचारियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पुष्प वर्षा द्वारा शिव महोत्सव भी मनाया गया।

## नेकां ने नहीं बल्कि परिस्थिति ने पीडीपी को बाहर रखा है : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर ( हिंस )।** नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को पीडीपी पर निशाना साधते हुए कहा कि नेकां ने नहीं बल्कि परिस्थिति ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को बाहर रखा है। श्रीनगर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि एनसी आगामी संसदीय चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा तब करेगी जब यह पार्टी के अनुकूल होगा। उन्होंने कहा कि हमने (नेकां) पीडीपी को बाहर नहीं किया बल्कि परिस्थिति ने उन्हें बाहर रखा है। गठबंधन की पवित्रता बनाए रखना हर घटक दल का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि अकेले नेकां को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पीडीपी दुर्भाग्य से अपने पार्टी कार्यक्रमों में एनसी को निशाना बना रही है। चाहे उनके भाषण हों या सोशल मीडिया पोस्ट वे लगातार एनसी को निशाना बना रहे हैं। पिछले दो वर्षों से पीडीपी अपने स्थापना दिवस समारोहों में एनसी को किसी न किसी तरह से गाली देती रही है। इसका क्या मतलब है। यहां तक कि वे 1987 की धांधली का हवाला देकर हमें पाकिस्तान चुनावों में भी घसीटते हैं और इस तरह पूरी गड़बड़ी के लिए हमें दोषी ठहराते हैं। वे डॉ. फारूक अब्दुल्ला को भी निशाना बनाते हैं। उन्होंने सवाल किया कि नेशनल कांफ्रेंस दक्षिण कश्मीर को पीडीपी के लिए कैसे छोड़ सकती है, जो पिछले लोकसभा चुनाव में तीसरे स्थान पर रही थी। उमर ने कहा कि वे (पीडीपी) गठबंधन की बात करते हैं लेकिन रैलियों और ट्वीट में केवल नेकां को निशाना बनाते हैं।

# भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर पाक घुसपैठिया को मार गिराया

**श्रीगंगानगर/जयपुर ( हिंस )।** सीमा सुरक्षा बल ने गुरुवार देर रात भारत-पाकिस्तान सीमा पर एक पाक घुसपैठिया को मार गिराया। घुसपैठिया पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहा था। उस दौरान उसे चेतावनी दी गई लेकिन नहीं मानने पर उससे सीमा प्रहरियों ने मार गिराया। सूचना मिलने पर शुक्रवार सुबह बीएसएफ और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटना श्रीगंगानगर जिले के केसरीसिंहपुर थाना क्षेत्र के सुंदरपुरा बीओपी में बीती रात एक बजे की है। रात को बीएसएफ के जवान गश्त कर रहे थे। पाकिस्तानी घुसपैठिया खेतों के बीच में से होकर भारत की सीमा की तरफ आ रहा था। जवानों को हलचल महसूस होने पर उसे रोकने का प्रयास किया और चेतावनी दी गई लेकिन वह नहीं माना। वह फैंसिंग लांघने का प्रयास कर रहा था तभी बीएसएफ के जवानों ने गोली चला दी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। देर रात



बल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। इसके साथ पाकिस्तान सेना को भी इसके बारे में जानकारी दी गई। केसरीसिंहपुर थाना प्रभारी जितेंद्र स्वामी का कहना है कि रात करीब डेढ़ बजे बीएसएफ से घटना की जानकारी मिली थी। इस पर दलबल सहित तुरंत मौके पर पहुंचे। शुक्रवार दोपहर तक बीएसएफ की आगामी कार्रवाई जारी थी।

## शिवरात्रि पर मंदिरों में हुआ महारूद्र का जलाभिषेक, निकली शिवजी की बारात

**कैथल ( हिंस )।** जिला भर में महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने शिव का जलाभिषेक किया। शहर में जगह-जगह शिवरात्रि के उपलक्ष कार्यक्रम आयोजित कर भंडारे लगाए गए थे। शुक्रवार को महाशिवरात्रि का पर्व शुरू होते ही सुबह चार बजे से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। चंदाना गेट पर स्थित श्री ग्यारह रुद्री मंदिर, शिव शक्ति धाम, हनुमान वाटिका, श्री अंबकेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि की धूम रही। श्री ग्यारह रुद्री मंदिर में पूजा करने के लिए महिलाओं की लंबी कतारें लगी रही। अशोका गार्डन की कॉलोनीवासियों की ओर से भगवान की झांकियों की शोभा यात्रा निकाली। यह यात्रा दुर्गा भवानी मंदिर से शुरू होकर करनाल रोड व पिहोवा चौक होते हुए कमेटी चौक पर संपन्न हुई। इस शोभायात्रा में भगवान शिव की बारात आकर्षण का केंद्र रही। मणिमहेश मंडल द्वारा मासिक शिव



त्रयोदशी पर कोठी गेट पर भंडारा लगाया। जिसमें व्रत के सामान, खीर व पकौड़े वितरित किया गया। बर्फानी सेवा मंडल की ओर से हिंद सिनेमा के पास मंडल कार्यालय के बाहर विशाल भंडारा आयोजित किया। शुक्रवार को प्रताप गेट की शिव वाटिका में शिवरात्रि पर हवन यज्ञ किया गया। हनुमान वाटिका में बने शिव मंदिर में भी लोगों ने महाशिव का जलाभिषेक किया। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा महारुद्राभिषेक का शुभारंभ गणेश पूजा के बाद हुआ। राजौंद क्षेत्र के गांवों में शिवरात्रि का पर्व श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया। दुर्गा मंदिर में स्थित शिव मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को जल अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए पूजा अर्चना की। दुर्गा मंदिर के पुजारी रामपाल कौशल ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिर में स्थित शिव लिंग पर जल चढ़ाने से 16 सोमवार जल चढ़ाने के समान पुण्य लगता है। वहीं क्षेत्र के गांव जाखौली, किठाना के शिव मंदिर में भी शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कलायत के निकटवर्ती गांव खंडालवा में श्रद्धालुओं ने महाकाल का जलाभिषेक कर मन्नत मांगी। मंदिर के मुख्य महंत गिरजा गिरी ने बताया कि जिस भी श्रद्धालु की मन्नत पूरी होती है। वह यहां आकर गुड़ की भेली शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। गांव बड़सीकरी के आदि शक्ति महाकाली शक्ति पीठ में स्थित महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं ने कांवड़ चढ़ाई।

# पृष्ठ तीन का शेष

### विकास का उपहार...

विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शुभारंभ करेंगे। वे 1957 के बाद विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करने और इसकी सुंदरता को देखने वाले पहले प्रधानमंत्री भी होंगे। मुगल आक्रमण के खिलाफ लाचित बरफूकन की वीरतापूर्ण रक्षा की स्थायी विरासत का सम्मान करने के लिए प्रधानमंत्री जोरहाट के हॉलोंगापार में लाचित की 125 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा *स्टैच्यू ऑफ वेलोर* राष्ट्र को समर्पित करेंगे। कल प्रधान मंत्री भारत में अब तक के सबसे बड़े गृह प्रवेश समारोह में शामिल होंगे, जब 5.5 लाख गौरवान्वित घर मालिक 8478 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित अपने पीएमएवाई-जी घरों में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही असम में रिकॉर्ड 18 लाख पीएमएवाई आवास वितरित किए गए हैं। 3992 करोड़ रुपए की बरौनी-गुवाहाटी पाइपलाइन, भारत की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि यह पूर्वोत्तर को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ती है। इसका भी लोकार्पण प्रधानमंत्री करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री भारत की पंपिंग और रिफाइनिंग क्षमता को बढ़ाने के लिए दो अन्य परियोजनाओं की भी शुरुआत करेंगे। असम को 21 मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के हमारे लक्ष्य के करीब ले जाते हुए, प्रधानमंत्री तिनसुकिया मेडिकल कॉलेज राष्ट्र को समर्पित करेंगे। शिवसागर मेडिकल कॉलेज और एक बाल चिकित्सा ऑन्कोलॉजी सेंटर की नींव रखेंगे जिसकी कुल लागत 1415 करोड़ रुपए है। रेल कनेक्टिविटी को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए, प्रधानमंत्री धूपधारा-छायगांव और न्यू बंगाईगांव-सोरभोग तक 1328 करोड़ रुपए लागत की दो रेलवे लाइन दोहरीकरण परियोजनाएं का भी शुभारंभ करेंगे। यह उस 10,000 करोड़ रुपए का हिस्सा है जो मोदी सरकार 2024-25 में पूर्वोत्तर में रेल इन्फ्रा के लिए निवेश कर रही है। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ते हुए, प्रधानमंत्री पूरे असम में कई सुविधाओं में घरेलू तेल शोधन क्षमता को बढ़ाने के लिए 1555 करोड़ की लागत वाली 3 परियोजनाओं की नींव रखेंगे। ये 13 परिवर्तनकारी परियोजनाएं विकसित असम को पंख लगा देंगी।

### प्रधानमंत्री अरुणाचल को ...

सुरंग का उद्घाटन करेंगे और फिर वह इटानगर में कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वह कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। अरुणाचल प्रदेश में प्रधान मंत्री मोदी के दौरे को देखते हुए अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) ने कुछ बातें रखीते हुए उन पर ध्यान केंद्रित करने का अनुरोध किया। कांग्रेस ने दावा किया है कि भारत में ईसाइयों और अल्पसंख्यकों पर हमला हो रहा है जिसे केंद्र सरकार से रोकने की अपील की है। असम की भाजपा सरकार द्वारा तंत्र-मंत्र विरोधी कानून के पारित होने का विरोध करते हुए इसे ईसाइयों के विरूद्ध बताया। इसको समाप्त करने की भी मांग की।

### शिवरात्रि के मौके ...

राज्य के अन्य सभी शिव मंदिरों के साथ-साथ आहोम काल के दौरान रानी अंबिका द्वारा निर्मित शिवसागर के शिवदौल, तेजपुर में बाणासुर द्वारा पूजित शिव मंदिर महाकालेश्वर, गुवाहाटी शहर के पश्चिमी भाग में स्थित भीमशंकर ज्योतिर्लिंग, उमानंद, शुक्रेश्वर आदि समेत राज्य भर में मौजूद सैकड़ों ऐतिहासिक शिव मंदिरों में लाखों भक्त महादेव का दर्शन करने पहुंचे रहे हैं। सन् 1733 में रानी अंबिका द्वारा निर्मित शिवदौल में आहोम वंश के बाद से शिव पूजा पारंपरिक रूप से चल रही है। शिवरात्रि का आयोजन हर साल की तरह इस साल भी शिवदौल में छह दिनों तक किया जा रहा है। आज पांचवा दिन है। इस दिन ऐतिहासिक शिवरात्रि उत्सव में लाखों भक्तों की भीड़ उमड़ती है। पिछली रात से शिववंदना के लिए अनगिनत भक्त कतार में खड़े हैं। आयोजन समिति ने पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग व्यवस्था की है। जब शिवसागर में शिवरात्रि का संदर्भ आता है, तो आध्यात्मिक वातावरण के साथ ही एक उत्सव का माहौल बन जाता है। कल अंतिम दिन है और महाशिवरात्रि उत्सव के समापन के कल अंतिम दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### बर्नीहाट भारत का ...

बक्सर, ग्रेटर नोएडा और छपरा क्रमशः दूसरे से दसवें स्थान पर शामिल हैं। विशेष बात यह है कि शीर्ष 10 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में, केवल दो शहर ही अब तक राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) का हिस्सा हैं, अन्य आठ शहरों में खतरनाक वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए कोई कार्य योजना या नीति भी नहीं है।

### मणिपुर : जेसीओ का ...

चारंगपत ममांग लेइकाई निवासी कोनसम खेड़ा सिंह छुट्टी पर था। कुछ लोग सुबह तकरीबन नौ बजे उनके घर में घुस आए और बंधक बनाकर गाड़ी में डालकर भाग गए। अपहरण के कारण की जानकारी नहीं हो सकी है। हालांकि प्रारंभिक जांच के अनुसार उनके परिवार को पहले धमकियां मिल चुकी हैं। ऐसे में यह फिरौती का मामला हो सकता है। गत तीन मई को मणिपुर में जातीय संघर्ष शुरू होने के बाद सुरक्षा बलों अथवा उनके रिश्तेदारों को निशाना बनाने का चौथा मामला है। बता दें कि मणिपुण में जातीय संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक 219 लोगों की मौत हो चुकी है।

### करंट की चपेट में ...

दोपहर करीब 12:30 बजे यह घटना हुई। इससे मौके पर हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने घायल बच्चों को तुरंत एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर्स उनका इलाज कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि 18 घायल बच्चों में से कुछ की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

### अमृतपाल के सेल...

चाचा भी शामिल हैं। यह पिछले साल 19 मार्च से डिब्रूगढ़ की जेल में बंद हैं, जब उन्हें संगठन पर कार्रवाई के बाद पंजाब के विभिन्न हिस्सों से एनएसए के तहत गिरफ्तार किया गया था। पंजाब से कट्टरपंथी संगठन के सदस्यों को यहां लाए जाने के बाद जेल में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और सभी खराब कैमरे या तो बदल दिए गए या उनकी मरम्मत कर दी गई। डिब्रूगढ़ जेल पूर्वोत्तर की सबसे पुरानी और सबसे उच्च सुरक्षा वाली जेलों में से एक है।

### महिला कैदियों के ...

डाल रही है, यह समझा जा सकता है। पहले तो वे महिलाएं जेल में बंद हैं और उसके बाद उनके साथ इस तरह का आचरण उनकी मानसिकता पर किस तरह का प्रभाव डाल रहा होगा, यह समझा जा सकता है। उन्होंने राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि इसमें विस्तृत रिपोर्ट चाहिए कि आखिर यह सब हुआ कैसे।

### लोस चुनाव : कांग्रेस ...

हासन से श्रेयस पटेल, मांड्या से एस.पी. मुद्दाहनुमेगौड़ा वेंकटरामेगौड़ा (स्टार चंद्रू), बेंगलुरु ग्रामीण डीके सुरेश, कासरगोड से राजमोहन उन्नीथन, कन्नूर से के. सुधाकरन, वडकारा से शफी परम्बिल का नाम है। वायनाड से राहुल गांधी कोझिकोड से एम.के. राघवन, पलक्कड़ से वी.के. श्रीकंदन, अलाथुर (एससी) से राम्या हरिदास, त्रिशूर से के. मुरलीधरन, चलाकुडी से बेनी बेहनन, एर्नाकुलम से हिबी ईडन, इडुक्की से डीन कुरियाकोस, अलप्पुझा से के.सी. वेणुगोपाल, मावेलिककारा (एससी) से कोडिकुन्निल सुरेश, पथानमथिट्टा से एंटो एंटनी, अट्टिंगल से अदूर प्रकाश तिरुवनंतपुरम से डॉ. शशि थरूर, लक्षद्वीप (एसटी) से मो. हमदुल्लाह सईद, शिलांग (एसटी) से विंसेंट एच. पाला, तुरा (एसटी) से सालेंग ए. संगमा, नगालैंड से एस. सुपोंगमेरेन जमीर, सिक्किम से गोपाल छेत्री, जहीराबाद से सुरेश कुमार शेटकर, नलगोंडा से रघुवीर कुंडुरु, महबूबनगर से चल्ला वामशी चंद रेड्डी, महबुबाबाद (एसटी) से बलराम नाइक पोरिका और त्रिपुरा पश्चिम आशीष कुमार साहा का नाम है।

### जम्मू-कश्मीर में टूटा ...

रहा है एक बड़ी चुनौती है और इसलिए हमें सामूहिक प्रयास करना चाहिए था। हमने (पीडीपी) बहुत प्रयास किए, लेकिन उन्होंने (उमर अब्दुल्ला) हमसे बिना किसी परामर्श के घोषणा कर दी कि वे तीनों सीटों पर चुनाव लड़ेंगे...।

### शाहजहां के आवास ...

कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है। उसे पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर भीड़ द्वारा उस समय हमला किए जाने संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया, जब अधिकारी कथित राशन घोटाले से जुड़े मामले के सिलसिले में उसके आवास परिसर गए थे।

### सड़क पर नमाज...

का प्रयास किया। घटना के एक वीडियो में उनमें से एक को उन लोगों को लात मारते और मारते हुए दिखाया गया जो नमाज के लिए घुटनों के बल झुक रहे थे। इस कार्रवाई से भारी आक्रोश फैल गया, भीड़ ने पुलिसकर्मी को घेर लिया और उसके व्यवहार पर आपत्ति जताई। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने इस घटना का वीडियो शेयर करते हुए कहा कि नमाज पढ़ते समय एक व्यक्ति को लात मारने वाला दिल्ली पुलिस का यह सिपाही शायद मानवता के बुनियादी सिद्धांतों को नहीं समझता है। यह कौन सी नफरत भरी हुई है इस सिपाही के दिल में ?

# पहली बार स्कूल में पढ़ाती नजर आएंगी एआई टीचर



**नई दिल्ली।** पूरी दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। अब भारत में एजुकेशन के फील्ड में भी एआई का यूज हो रहा है। एआई का फील्ड लगातार तरक्की कर रही है, आए दिन इस फील्ड में नए-नए बदलाव हो रहे हैं। अब भारत में एजुकेशन के फील्ड में भी एआई का यूज हो रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एआई की मदद से स्कूल के छात्रों को पढ़ाया जा रहा है। यह वीडियो केरल राज्य का है। जिसे एकेरलैब ऑफिशियल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। केरल पहला प्रदेश बन गया है जहां एआई की मदद से पढ़ाई कराई जा रही है। इसके लिए ह्यूमनॉइड रोबोट का इस्तेमाल किया जा रहा है। जेनेरेटिव एआई स्कूल टीचर को पिछले महीने ही स्कूल में शामिल किया गया था जोकि अब विद्यार्थियों के बीच काफी लोकप्रिय हो गई है। वीडियो में केरल के जेनेरेटिव एआई स्कूल में एक महिला एआई टीचर साड़ी पहनकर बच्चों से मिलते हुए नजर आ रही हैं। वह स्कूल के बच्चों से हाथ मिलाते हुए भी नजर आई। इस ह्यूमनॉइड रोबोट का नाम आइरिस रखा गया है। एआई टीचर आइरिस 3 विषय में बात कर सकती हैं। इसके साथ आइरिस किसी भी कठिन से कठिन सवाल का मिनटों में आसान तरीके से जवाब भी दे सकती हैं ताकि उनके सवाल बच्चों को आसानी से समझ में आ सकें। एआई रोबोट को लाने वाली कंपनी मेकरलैब्स एडुटेक के मुताबिक आइरिस केरल में नहीं बल्कि देश में पहली जेनेरेटिव एआई टीचर है। एआई टीचर आइरिस का नॉलेज बेस चैटजीपीटी जैसे प्रोग्रामिंग से बनाया गया है। आपको बता दें कि इस रोबोट को नीति आयोग के अटल टिंकरिंग लैब (ेझरु) प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया है।

# अब नेपाल में भी भारतीय यूपीआई के जरिए कर सकेंगे भुगतान

**मुंबई ( हि.स. )।** नेपाल घूमने और कारोबार करने जाने वालों को अब भारतीय मुद्रा रुपया लेकर जाने की जरूरत नहीं होगी। वह यूपीआई से नेपाल में भी आसानी से पेमेंट कर पाएंगे। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) अब पड़ोसी देश नेपाल में भी उपलब्ध है। एनपीसीआई ने एक्स पोस्ट पर जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यूपीआई उपयोगकर्ता नेपाली व्यापारियों को क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान कर सकते हैं। बयान के अनुसार पहले चरण में भारतीय उपभोक्ता यूपीआई-सक्षम ऐप का इस्तेमाल कर नेपाल के विभिन्न व्यावसायिक दुकानों में तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यूपीआई भुगतान कर सकेंगे। फोनपे नेटवर्क में शामिल व्यापारी भारतीय ग्राहकों से यूपीआई भुगतान ले सकते हैं। एनपीसीआई के बयान के मुताबिक इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) पेमेंट सर्विस लिमिटेड ने घोषणा की है कि यूपीआई अब भारत और नेपाल के बीच सीमा पार लेन-देन के लिए लाइव है। यह साझेदारी भारतीय उपभोक्ताओं को यूपीआई-सक्षम





ऐप्स का उपयोग करके नेपाल में चुनिंदा व्यापारी स्थानों पर त्वरित, सुरक्षित और सुविधाजनक क्यूआर कोड आधारित यूपीआई भुगतान करने में सक्षम बनाएगी। एनपीसीआई ने कहा कि यह मील का पत्थर न केवल दो भुगतान प्रणाली ऑपरेटरों के बीच एक सफल साझेदारी का प्रतीक है, बल्कि दो मित्र देशों के बीच डिजिटल कनेक्शन और सहयोग के एक नए युग का भी प्रतीक है। दरअसल पिछले साल सितंबर में एनपीसीआई अंतर्राष्ट्रीय भुगतान (एनआईपीएल) और नेपाल के सबसे बड़े भुगतान नेटवर्क फोनपे पेमेंट सर्विस के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत ही पड़ोसी देश नेपाल में यूपीआई से भुगतान शुरू हुआ है।

## कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार,दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर दर पर उपलब्ध है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.50 डॉलर यानी 0.60 फीसदी उछलकर 83.46 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) भी क्रूड 0.60 डॉलर यानी 0.76 फीसदी की बढ़त के साथ 79.53 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# स्पेक्ट्रम नीलामी 20 मई से होगी शुरू 96 हजार करोड़ रुपये का होगा बेस प्राइस



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** दूरसंचार विभाग स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी 20 मई से शुरू करेगा। कंपनियां इस नीलामी में हिस्सा लेने के लिए 22 अप्रैल, 2024 तक आवेदन कर सकती हैं। स्पेक्ट्रम का बेस प्राइस 96 हजार करोड़ रुपये का होगा। दूरसंचार विभाग को इस नीलामी से करीब 10 हजार करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। दूरसंचार विभाग ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि अगली स्पेक्ट्रम नीलामी 20 मई, 2024 को शुरू होगी। दूरसंचार विभाग ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी का आवेदन आमंत्रित करने से संबंधित एक नोटिस आमंत्रण दस्तावेज (एनआईए) जारी किया है। अधिसूचना के मुताबिक सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए 96,317.65 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। विभाग के मुताबिक दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही कुछ कंपनियों के पास मौजूद स्पेक्ट्रम के साथ ही इस साल खत्म होने वाली फ्रीक्वेंसी को भी नीलामी में रखा जाएगा। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि वार्षिक स्पेक्ट्रम नीलामी कैलेंडर एक बड़ा सुधार है। इससे अब दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पारदर्शी तरीके से नियमित रूप से स्पेक्ट्रम खरीदने का अवसर मिलेगा।

# शेयर बाजार में शिवरात्रि की छुट्टी, 11 को होगा कारोबार



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** महाशिवरात्रि की छुट्टी होने की वजह से आज घरेलू शेयर बाजार में कोई कारोबार नहीं हो रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के साथ आज इक्विटी डेरिवेटिव्स, इंटरेस्ट रेट डेरिवेटिव्स और करेंसी डेरिवेटिव्स मार्केट भी बंद रहेंगे। हालांकि कमोडिटी डेरिवेटिव सेगमेंट आज सिर्फ दिन के पहले सत्र में ही बंद रहेगा, दूसरे सत्र में सामान्य कारोबार होगा। आज शिवरात्रि होने और इसके बाद शनिवार और रविवार की छुट्टी होने की वजह से अब शेयर बाजार में 11 मार्च को कारोबार होगा। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को शेयर बाजार में रिकॉर्ड तोड़ तेजी रही। गुरुवार को सेंसेक्स ने 74,245.17 अंक तक पहुंच कर ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया। इसी तरह निफ्टी भी 22,525.65 अंक तक पहुंच कर मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाने में सफल रहा। गुरुवार को पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 33.40 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 74,119.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 19.50 अंक यानी 0.09 प्रतिशत मजबूत होकर 22,493.55 अंक के स्तर पर गुरुवार के कारोबार का अंत किया था।

# घरेलू रसोई गैस सिलेंडर 100 रुपये हुआ सस्ता



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 100 रुपये की छूट देने का ऐलान किया है। इस कटौती के बाद राजधानी दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 903 रुपये से घटकर 803 रुपये हो गई है। भोपाल में अब यह 808.50 रुपये, जयपुर में 806.50 रुपये और पटना में 901 रुपये में मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा है कि महिला दिवस के अवसर पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रक्षाबंधन के मौके पर केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस 14.2 किलोग्राम सिलेंडर के दाम में 200 रुपये की कटौती की थी।

# पांच गुना बढ़कर 60 अरब डॉलर पहुंचेगा मोबाइल निर्यात : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली।** देश में बने मोबाइल फोन की मांग दुनियाभर में तेजी से बढ़ रही है। आने वाले समय में भारत 50-60 अरब डॉलर तक के मूल्य का मोबाइल फोन निर्यात करेगा। यह आंकड़ा पिछले साल के 11 अरब डॉलर के मोबाइल फोन निर्यात की तुलना में पांच गुना से अधिक है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मोबाइल फोन निर्यात बढ़ने के साथ आने वाले दिनों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार के 15 लाख अवसर पैदा होंगे। अभी इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में 10 लाख लोगों को रोजगार मिला है, जिनकी संख्या बढ़कर 25 लाख पहुंचने की उम्मीद है। वैष्णव ने एक कार्यक्रम में कहा कि 10 साल पहले भारत 98 फीसदी मोबाइल फोन आयात करता था। अब 99 फीसदी मोबाइल फोन भारत में ही बनते हैं। इसमें मेक इन इंडिया के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र पर जोर देने के साथ मोबाइल फोन निर्माता कंपनियों को प्रोत्साहन देने की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 2013 तक दुनियाभर में भारत को लेकर नकारात्मक चर्चा होती थी। हर कोई कहता था...यह नाजुक अर्थव्यवस्था है। चारों ओर अनिश्चितता है। लेकिन, आज का भारत बदल गया है। जब आप भारत को कहीं भी देखते हैं तो हर कोई कहता है कि यह पूरी दुनिया का विकास इंजन बन गया है। देश के इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग ने एक दशक पहले तय किया गया लक्ष्य सफलता से पूरा कर लिया है। भारत ने इन 10 वर्षों में 4.1 लाख करोड़ रुपये के कुल 245 करोड़ मोबाइल फोन बनाए हैं। ?इसके साथ ही, यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता बन गया है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के मुताबिक, यह क्षेत्र 2014 में जहां 78 फीसदी आयात पर निर्भर था, अब यह 97 फीसदी तक आत्मनिर्भर हो गया है। उस समय उद्योग ने अगले 10 वर्षों में 20 लाख करोड़ रुपये के मोबाइल फोन उत्पादन का लक्ष्य तय किया था। ?आज 19.45 लाख करोड़ रुपये के कुल मोबाइल उत्पादन का लक्ष्य हासिल कर लिया है। आईसीईए के मुताबिक, 2014-15 में भारत सिर्फ 1,556 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन निर्यात करता था। 2023-24 में यह आंकड़ा 1.2 लाख करोड़ पहुंचने की उम्मीद है, जो 7,500 फीसदी वृद्धि दर्शाता है। 2014-24 के दौरान मोबाइल फोन निर्यात बढ़कर 3.22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। उधर, वैष्णव ने बृहस्पतिवार को नीति आयोग के मंच नीति फॉर स्टेट्स की शुरुआत की। यह नीति और शासन के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा है। साथ ही, मंत्री ने नीति आयोग की इमारत में विकसित भारत रणनीति कक्ष का भी उद्घाटन किया। नीति फॉर स्टेट्स मंच पर उपलब्ध सूचनाएं 10 विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हैं। इनमें कृषि, शिक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य, आजीविका व कौशल, विनिर्माण, एमएसएमई, पर्यटन, शहरी मामले, जल संसाधन और स्वच्छता शामिल हैं।

## देश में बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार मार्च के पहले हफ्ते में 6.55 अरब डॉलर की हुई बढ़त

**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक मार्च को समाप्त सप्ताह में 6.55 अरब डॉलर बढ़कर 625.63 अरब डॉलर हो गया। इससे एक सप्ताह पहले कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619.07 अरब डॉलर रहा था। अक्टूबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

पिछले साल से वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को रोकने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया, जिससे मुद्रा भंडार प्रभावित हुआ।

आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, एक मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.04 अरब डॉलर बढ़कर 554.23 अरब डॉलर हो गई।

## अर्थ जगत की महिलाओं ने दिए टिप्स

# वित्तीय स्वतंत्रता के लिए आधी आबादी चुने निवेश का विकल्प

**नई दिल्ली।** निवेश केवल पैसा कमाने का मामला नहीं है, बल्कि वित्तीय स्वतंत्रता, सुरक्षा और सशक्तिकरण प्राप्त करने का एक तरीका भी है। भारत में महिलाएं पारंपरिक रूप से पुरुषों की तुलना में निवेश में कम शामिल रही हैं। ऐसा विभिन्न कारणों जैसे जागरूकता, आत्मविश्वास, पहुंच या सामाजिक मानदंडों की कमी के कारण है।

मॉर्निंगस्टार इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, म्यूचुअल फंड उद्योग के 473 फंड मैनेजरों में से केवल 42 महिलाएं हैं, ये लगभग 6.66 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति का प्रबंधन करती हैं। इससे पता चलता है कि महिलाओं को अभी भी निवेश क्षेत्र में कम प्रतिनिधित्व मिला है। हालांकि ये आंकड़े यह भी बताते हैं कि उनके पास बड़ी रकम का प्रबंधन करने की क्षमता है। हालांकि, यह परिदृश्य तेजी से बदल रहा है, क्योंकि अधिक से अधिक महिलाएं अपने निवेश की मुख्य धारा से जुड़ रही हैं और विभिन्न निवेश विकल्पों की खोज कर रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के बीच निवेश के प्रति




रुझान और आर्थिक स्वतंत्रता से जुड़े मुद्दों पर अर्थ जगत की महिला जानकारों ने कुछ अहम बातें साझा की। आइए जानें।

फिनवासिया की चीफ ग्रोथ ऑफिसर रमणीक सिंह घोत्रा के अनुसार भारतीय महिलाओं ने हर क्षेत्र में बाधाओं को पार किया है। यह महत्वपूर्ण है कि उनके पास वित्तीय साधनों और ज्ञान तक समान पहुंच हो। आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना महिलाओं के लिए सिर्फ एक वाक्य नहीं है। यह अपने भविष्य को सुरक्षित करने का एक साधन है। ज्ञान महत्वपूर्ण है, और वित्तीय साक्षरता एक स्वतंत्र भविष्य की ओर पहला कदम है। महिलाओं के लिए चक्रवृद्धि ब्याज, ऋण प्रबंधन और बजट के बारे में जानना जरूरी है। यह जरूरी है कि अपने लक्ष्यों से मेल खाने वाले निवेश विकल्पों की तलाश की जाए।

घोत्रा के अनुसार पीपीएफ (पब्लिक प्रोविडेंट फंड) सुरक्षित, कर-लाभ वाले रिटर्न प्रदान करता है। म्यूचुअल फंड विकास क्षमता और विविधीकरण दोनों प्रदान करता है। निवेश एक ऐसे भविष्य की बीज बो रहा है जिसमें आप न केवल सुरक्षित रहेंगे, बल्कि आर्थिक रूप से भी समृद्ध होंगे। महिलाओं को अपनी महाशक्ति के रूप में वित्तीय स्वतंत्रता को अपनाना चाहिए। घोत्रा कहती हैं, महिलाएं सीखें, निवेश करें और अपनी इच्छाओं को बिना किसी बंधन के सच होते देखें।

इकोफाय की सह-संस्थापक, एमडी और सीईओ राजश्री नांबियार के अनुसार वित्तीय बाजारों में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। वह कहती हैं, भारत में वित्तीय रुझानों के लंबे समय से पर्यवेक्षक के रूप में, मैंने महिलाओं के बीच वित्तीय सशक्तिकरण की बढ़ती भावना देखी है। महिलाओं के लिए वित्तीय बारीकियों को पहचानना महत्वपूर्ण है। महिलाएं अपने और अपने परिवार के लिए सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैं, और इसी सुरक्षा के कारण महिलाएं फिक्स्ड डिपॉजिट और सोने जैसे कम जोखिम वाले उपकरणों को निवेश के लिए चुनती हैं। हालांकि, निवेश के लिए दीर्घकालिक उपायों को चुनना जरूरी है क्योंकि पारंपरिक उपकरण स्थिरता तो प्रदान करते हैं पर वे हमेशा मुद्रास्फीति मात नहीं दे पाते जिससे धन सृजन में बाधा आती है।

वह आगे कहती हैं, सरकार ने भी महिलाओं के लिए विभिन्न छूट और योजनाएं शुरू की हैं। होम लोन के लिए महिला उधारकर्ताओं की संख्या बढ़ी है। कई वित्तीय संस्थान महिलाओं के लिए कई योजनाओं के साथ आ रहे हैं। इन सुविधाओं में आसान वित्त, उदार पात्रता मानदंड, कम ब्याज दर, कम प्रसंस्करण शुल्क, त्वरित अनुमोदन आदि शामिल हैं। जैसे-जैसे महिलाएं वित्तीय आत्मविश्वास हासिल करती हैं, उनकी ओर से निवेश विकल्पों की खोज अविश्वसनीय रूप से सशक्त हो सकती हैं। वित्तीय मामलों की जानकारी महिलाओं को आर्थिक रूप से सुरक्षित बनाने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य को आकार देता है।


महक श्रीवास्तव जो एक प्रमुख गोल्ड लोन एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म, साहीबंधु में मार्केटिंग प्रमुख हैं, का मानना है कि भारतीय महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता के लिए वित्तीय साक्षरता की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारतीय महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता महत्वपूर्ण है ताकि वे उचित वित्तीय निर्णय ले सकें। महिलाओं की ओर से किए जाने वाले शीर्ष निवेश परिसंपत्तियों में इक्विटी, म्यूचुअल फंड और पारंपरिक पीली धातु और सोना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सोना एक महिला के लिए वित्तीय आत्मनिर्भरता का प्रतीक हो सकता है। सोना आंतरिक मूल्य रखता है और अन्य परिसंपत्तियों की तरह इसमें मूल्यह्रास नहीं होता है। पैसों की जरूरत पड़ने पर इसे बेचा या गिरवी रखा जा सकता है तो वित्तीय सुरक्षा और स्वतंत्रता प्रदान करता है। दूसरे, सोना वित्तीय नियंत्रण की भावना प्रदान करके महिलाओं को सशक्त बना सकता है। तीसरा, आपात स्थिति में, सोने को आसानी से लिक्विडेट किया जा सकता है और गोल्ड लोन जैसे विकल्प से तत्काल वित्तीय राहत हासिल की जा सकती है। महक कहती हैं, सोने में निवेश ना के केवल महिलओं को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और आपात स्थितियों से निपटने में सक्षम बनाता है। डिजिटल गोल्ड, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड , और गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड महिलाओं के लिए सोने के निवेश के सबसे प्रमुख विकल्पों में से हैं। इन नए उत्पादों में निवेश कर महिलाएं वित्तीय स्वतंत्रता हासिल कर सकती हैं।

## एनवीसीसी उधमपुर ने स्काई रेंजर्स हिमाचल प्रदेश की टीम को हराकर अगले दौर में किया प्रवेश

**कटरा ( हि.स. )।** कटड़ा प्रीमियर लीग के चलते शुक्रवार बाद दोपहर एनवीसीसी उधमपुर तथा स्काई रेंजर्स हिमाचल प्रदेश की टीम के बीच मैच हुआ। एनवीसीसी उधमपुर की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एनवीसीसी की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट होकर 149 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज गोकुल ने 36 गेंद में 51 रन बनाए जिसमें 7 चौके और छक्के शामिल थे वही रॉकी ने 12 गेंद में 23 रन का योगदान दिया जिसमें एक छक्का शामिल था। स्काई रेंजर्स हिमाचल प्रदेश की टीम की ओर से गेंदबाज राहुल ने चार ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट हासिल किए जबकि महेश ने चार ओवर में आठ रन देखकर दो विकेट हासिल किए। दूसरी ओर शानू तथा भावेश ने एक-एक विकेट हासिल किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्काई रेंजर्स हिमाचल प्रदेश की टीम 19 ओवर में 113 रन ही बना सकी। इसी तरह एनवीसीसी उधमपुर की टीम ने यह मैच 36 रन से जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। स्काई रेंजर्स हिमाचल प्रदेश की टीम की ओर से बल्लेबाज विजय ने 35 गेंद में 33 रन बनाए जिसमें दो चोके शामिल थे तो वहीं अर्जुन ने 21 गेंद में 24 रन बनाए जिसमें दो चौके और एक छक्का शामिल था।

# धर्मशाला टेस्ट में भारत की पकड़ मजबूत

## इंग्लैंड पर बनाई 255 रनों की बढ़त



**धर्मशाला ( हि.स. )।** धर्मशाला टेस्ट में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ अपन स्थिति मजबूत बना ली है। शुक्रवार को मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने आठ विकेट पर 473 रन बनाकर इंग्लैंड पर पहली पारी के आधार पर 260 रनों की बड़ी बढ़त बना ली है। भारत की ओर से कुलदीप यादव 27 और जसप्रीत बुमराह 19 रन बनाकर नाबाद हैं। इन दोनों ने सूझबूझ के साथ बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 45 रनों की साझेदारी की है। शुक्रवार को भारत ने मैच के दूसरे दिन बेशक सात विकेट खोए हैं मगर बल्लेबाजों ने तेजी से रन बनाकर आठ विकेट में 473 रन बना लिए हैं जबकि अभी उसकी दो विकेट बाकी हैं। उधर इससे पहले आज सुबह भारतीय बल्लेबाजों ने बीते दिन के 135 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। रोहित और शुभमन गिल ने तेजी से रन बनाते हुए शतक लगाए। कप्तान रोहित शर्मा 103 रन बनाकर इंग्लैंड के कप्तान तेज गेंदबाज बेन स्टोक्स का शिकार बने हैं। उन्होंने 13 चौके और तीन छक्के लगाए। उनके बाद शुभमन गिल 150 गेंदों में 110 रन बनाकर जेम्स एंडरसन का शिकार बने। उन्होंने अपनी इस पारी में 12 चौके और पांच छक्के लगाए। वहीं सरफराज खान ने 60 गेंदों पर 56 रन बनाए जिनमें आठ चौके और एक छक्का शामिल था। अपने कैरियर का पहला टेस्ट खेल रहे देवदत्त पाडिकल ने धर्मशाला में ब ?िया बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक ज ?ा है। पाडिकल ने 103 गेंदों पर 65 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। इनके अलावा रविंद्र जडेजा और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने 15-15 रन बनाए जबकि रविचंद्रन अश्विन बिना कोई रन बनाए आउट हो गए। उधर गेंदबाजी में इंग्लैंड की ओर से स्पिनर शोएब बशीर ने सबसे अधिक चार विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा दूसरे स्पिनर टॉम हार्टली ने दो जबकि तेज गेंदबाज बेन स्टोक्स और जेम्स एंडरसन को एक-एक विकेट मिला। गौरतलब है कि मैच के पहले दिन वीरवार को भारत ने इंग्लैंड के 218 रनों के स्कोर के मुकाबले एक विकेट खोकर 135 रन बना लिए थे। भारत की एक मात्र विकेट बीते दिन ओपनर यशस्वी जायसवाल के रूप में गिरी थी जिन्होंने महज 58 गेंदों पर 57 रन बनाए थे।

## भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरिज में ऐतिहासिक पलों का गवाह बना एचपीसीए स्टेडियम : अरूण धूमल




**धर्मशाला ( हि.स. )।** आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा कि भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरिज के आखिरी मैच के दौरान एचपीसीए स्टेडियम ऐतिहासिक पलों का गवाह बना है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में यह ऐतिहासिक मैच हो रहा है क्योंकि 11 साल पूर्व जब यहां पहला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच हुआ था। वह भी भारत और इंग्लैंड के बीच ही खेला गया था। वहीं अब धर्मशाला में यह 25वां मैच है जोकि फिर भारत और इंग्लैंड के बीच ही खेला जा रहा है। गौरतलब है कि एकदिवसीय मैच के रूप में पहला अंतराष्ट्रीय मैच वर्ष 2013 में भारत और इंग्लैंड के बीच ही खेला गया था। उन्होंने कहा कि यह मैच इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि आर. अश्विन और जॉनी बेयरेस्टो यहां अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं। वहीं सबको उम्मीद है कि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन यहां अपने 700 टेस्ट विकेट पूरे कर सकते हैं। अरुण धूमल ने कहा कि आज इस मैच को देखने इंगलिश फ्रेंड्स भी काफी ज्यादा संख्या में यहां आये हुये हैं और सभी यहां की खूबसूरत वादियों और स्टेडियम की खूब सराहना भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे यहां के पर्यटन को निश्चित तौर पर पंख लगेंगे। अरुण धूमल ने कहा कि आगामी अंतर्राष्ट्रीय मैचों के जब भी शैड्यूल तय होंगे। उनके प्रयास रहेंगे कि धर्मशाला में जरूर और मैच आएं। उनका मुख्य मकसद क्रिकेट फैन को हर लिहाज से सुविधा देना और संतुष्ट करना है। उन्होंने कहा कि चुनावों के मद्देनजर धर्मशाला में अभी आईपीएल मैच तय नहीं हो पाये हैं मगर यहां मैच जरूर करवाये जाएंगे। वहीं धूमल ने कहा कि आज 25वां अंतर्राष्ट्रीय मैच यहां हो रहा है। पहले मैच से लेकर यहां आज के मैच तक देशी विदेशी पर्यटकों व क्रिकेट प्रशंसकों को कुछ न कुछ नया जरूर एचपीसीए स्टेडियम में देखने को मिला है।

## अंतर सचिवालय टी-20 चैंपियंस ट्रॉफी : हरिकेन और लायंस ने दर्ज की जीत

**देहरादून ( हि.स. )।** अंतर सचिवालय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता (चैंपियंस ट्रॉफी) के तहत शुक्रवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में सचिवालय हरिकेन ने सचिवालय सुपरकिंग्स को 10 रन से हरा दिया, जबकि दूसरे मैच में लायंस ने डेंजर्स को 4 रन से हरा दिया। देहरादून के अश्मित क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए पहले मैच में टीम हरिकेन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 08 विकेट के नुकसान पर कुल 154 रन बनाए। टीम के लिए सुनील ने 33, रवि और अनुज ने 31-31 रन बनाए। सचिवालय सुपरकिंग्स की तरफ से गेंदबाजी में अमीन ने 3 और शैलेंद्र राणा ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपरकिंग्स की टीम कुल 20 ओवरों में 9 विकेट पर 144 रन ही बना सकी और 10 रन से मैच हार गई।

### बिष्णुराम मेधी सरकारी विधि महाविद्यालय की जिला स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित

## मजबूत समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम : मयूर बोरा





**गुवाहाटी ( विभास )।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा देशभर में शुरू किए गए मेरा भारत विकसित भारत 2047 युवा संसद कार्यक्रम के तहत कामरूप महानगर जिला नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में आज बिष्णुराम मेधी सरकारी विधि महाविद्यालय के सहयोग से जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. बिष्णुराम मेधी सरकारी विधि महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. भूपेन मल्ल बुजरबरूवा ने किया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में निबंधकार व आलोचक मयूर बोरा ने भाग लिया और बिष्णुराम मेधी सरकारी विधि महाविद्यालय के प्रोफेसर लोहित सरकार, डॉ. संगीता रानी कलिता, डॉ. डैजी चांगमाई मौजूद थी। अपने संबोधन में श्री बोरा ने कहा कि एक स्वस्थ समाज और सशक्ति राज्य गठन की दिशा में महिलाओं की भूमिका अहम हैं। शिक्षित महिलाएं अब सशक्त समाज का निर्माण करेंगी और जनसंख्या नियंत्रण पर अग्रणी भूमिका निभाएंगी। महिलाओं को मजबूत और अधिक शिक्षित बनाने के लिए सभी को पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल भारत में डिजिटल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से नई पीढ़ी गुमराह भी हो सकती है। इसका उचित उपयोग से हम व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ वास्तविक लाभ उठाकर समाज के साथ-साथ देश को भी समृद्ध बना सकते हैं। इस क्षेत्र में नई पीढ़ी को आगे आना होगा। वहीं अन्य अतिथियों के भाषण ने उपस्थित युवा प्रतिनिधियों को प्रभावित किया। सभी युवा प्रतिनिधियों के जरिए स्पीकर, प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता, कैबिनेट सांसद, पहली सीट पर बैठे विपक्षी सांसद के लिए संसद की एक तस्वीर मॉक पार्लियामेंट परिदृश्य को एक अद्वितीय स्तर की कार्रवाई उपस्थित लोगों को आकर्षित किया। उपस्थित युवा प्रतिनिधियों को मॉक पार्लियामेंट के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अत्यधिक प्रोत्साहित किया गया। नेहरू युवा केंद्र कामरूप महानगर जिला युवा अधिकारी सयन शुक्लवैद्य ने कार्यक्रम का उद्देश्य व्याख्या किया और कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। युवा संसद कार्यक्रम के सफल समापन के लिए नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार और कार्यक्रम पर्यवेक्षक जीवन चंद्र दलै की टीम का आभार व्यक्त किया।

## डब्ल्यूपीएल 2024 : मुंबई इंडियंस ने यूपी वॉरियर्स को 42 रनों से हराया

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 का 14वां मैच मुम्बई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स के बीच खेला गया। मैच में मुम्बई ने यूपी वॉरियर्स को 42 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुम्बई इंडियंस ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 160 रन बनाए। जवाब में यूपी की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर सिर्फ 118 रन ही बना सकी। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी वॉरियर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम के कुल 15 रन पर ही तीन विकेट गिर गए। कप्तान एलिसा हेली 3 रन, किरण नवगिरे 7 रन और चमारी अटापट्टू 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। टीम का चौथा विकेट ग्रेस हैरिस के रूप में गिरा। हैरिस ने 15 रन बनाए। टीम के लिए ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने जरूर बल्ले से अच्छी पारी खेली और छह चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 53 रन बनाए। दीप्ति के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज रन नहीं बना सका। श्वेता सहरावत ने 17 रन, उमा क्षेत्री ने आठ रन, पूनम खेमनार ने 7 रन का योगदान दिया। टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर केवल 118 रन ही बना सकी। मुंबई के लिए साइका इशाक ने तीन विकेट झटके, जबकि नैट साइवर ब्रंट को दो विकेट मिले। शबनिम इस्माइल, हेली मैथ्यूज, पूजा वस्त्रकार और सजीवन सजना को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 160 रन बनाए। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन नैट साइवर ब्रंट ने बनाए। ब्रंट ने 31 गेंदों में 8 चौकों की मदद से 45 रन बनाए। ब्रंट के अलावा अमेलिया कर ने 39 रन, कप्तान हरमनप्रीत कौर 33 रन और सजीवन सजना ने नाबाद 22 रन बनाए। यूपी के लिए चमारी अटापट्टू ने दो विकेट लिए, जबकि राजेश्वरी गायकवाड़, दीप्ति शर्मा और साइमा ठाकुर के खाते में एक-एक विकेट आया।

## शिवम ने की धुआंधार बल्लेबाजी, एलडीए ने जीता मैच

**लखनऊ ( हि.स. )।** सुबोध मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में एलडीए ने यूथ क्रिकेट क्लब को 188 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच में एलडीए के शिवम पांडेय ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 82 बाल पर 101 रन बनाये। निर्धारित 40 ओवर के मैच में एलडीए ने मात्र दो विकेट गंवाकर 325 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज शिवम पांडेय ने 14 चौकों और दो छक्कों की मदद से 82 बाल पर 101 रन बनाये। वहीं आदित्य पांडेय मात्र एक रन बनाकर आउट हो गये, जबकि मो. अल्ताफ ने101 बाल पर 105 रन बनाये। वहीं अक्षदीप ने छह चौका और आठ छक्का की मदद से 53 बाल पर 99 रन का योगदान दिया। यूथ क्रिकेट की पूरी टीम मात्र 137 रन बनाकर पवेलियन लौट गयी और एलडीए ने 188 रन से मैच को जीत लिया। सलामी बल्लेबाज सार्थक दीक्षित ने 45 रन का योगदान दिया।






# सोमी खान से दूसरी शादी रचाने के बाद आदिल खान ने तोड़ी चुप्पी



राखी सावंत के पूर्व पति आदिल खान दुरार्नी दूसरी बार शादी के बंधन में बंध गए हैं। उन्होंने पॉपुलर एक्ट्रेस और "बिग बॉस 12" फेम सोमी खान से जयपुर में शादी की है। उन्होंने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। उन्होंने 3 मार्च को अपने परिवार की मौजूदगी में सोमी से शादी की। आदिल खान ने अपनी शादी को लेकर प्रतिक्रिया दी है। आदिल ने कहा, 'यह मेरी पहली शादी है। हम इस वक्त बेंगलुरू में हैं। जल्द ही मुंबई आऊंगा, हम दोनों जल्द ही शादी को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट करने वाले हैं। मैं जल्द ही सबकुछ शेयर करूंगा। आदिल खान और राखी सावंत ने 2022 में शादी कर ली लेकिन उन्होंने इस शादी को छिपाकर रखा। दिसंबर में राखी ने शादी की तस्वीरें शेयर कर खुलासा किया था कि उन्होंने इस्लाम धर्म अपना लिया है और आदिल से शादी कर ली है। इतना ही नहीं उन्होंने उसका नाम भी फातिमा रखा। शादी की जानकारी सार्वजनिक होने के बाद आदिल और राखी में झगड़े होने लगे।

राखी ने आदिल के खिलाफ मारपीट और धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने आदिल को गिरफ्तार कर लिया। छह महीने बाद आदिल को रिहा कर दिया गया। जेल से बाहर आने के बाद आदिल ने राखी पर गंभीर आरोप लगाए थे। राखी ने दावा किया था कि उन्होंने आदिल को तलाक दे दिया है। इसके बाद अब आदिल ने सोमी से शादी कर ली है। वह जयपुर से हैं और अब मुंबई में रहती हैं। सोमी ने "न्याय", "केसरिया बालम" और "हमारा हिंदुस्तान" जैसे कई टीवी शोज में काम किया है।

# 15 मार्च को रिलीज होगी बस्तरः द नक्सल स्टोरी



फिल्म निमार्ता विपुल अमृतलाल शाह अब बस्तरः द नक्सल स्टोरी लेकर आ रहे हैं जिसके दोनों टीजरों और पोस्टर्स ने पहले ही खूब सुर्खियां बनाई है और दर्शकों से प्यार पाया है। अब, मेकर्स ने नीरजा माधवन के रूप में अदा शर्मा का एक आकर्षक ही नहीं बल्कि दमदार लगने वाला पोस्टर रिलीज कर दिया है। विपुल अमृतलाल शाह की सनशाइन पिक्चर्स द्वारा निर्मित और आशिन ए शाह द्वारा सह-निर्मित, बस्तरः द नक्सल स्टोरी सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित हैं और इसमें अदा शर्मा मुख्य भूमिका में होंगी। यह फिल्म 15 मार्च 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर अदा शर्मा के आईपीएस नीरजा माधवन के रूप में एक दिलचस्प पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में अदा शर्मा एक नक्सलियों लड़ने वाली फाइटर और आईपीएस ऑफिसर के रूप ने नजर आ रही हैं, जो साहस और लचीलापन दिखाते हुए नक्सलियों से लड़ रही हैं। उन्होंने अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित होकर इस लड़ाई में खड़ी हैं। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है - कर्तव्य या प्रतिज्ञाः अंत तक प्रतिबद्ध, नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में अथक। फिल्म में अदा शर्मा को आईपीएस नीरजा माधवन के रूप में पेश किया गया है और टीजर में उनकी झलक ने सबको रोमांच से भर दिया है। द केरला स्टोरी की टीम से एक और रोंगटे खड़े कर देने वाली और असल जीवन पर आधारित फिल्म देखने का उत्साह जनता में बहुत ज्यादा है। इस फिल्म में निमार्ताओं ने बताया है कि कैसे हमारे देश में सूडो इंटेलेक्चुअल्स चीन के पैसे से देश को तोड़ने के लिए प्रोपेगेंडा चला रहे हैं। साथ ही, फिल्म का मकसद उस महत्वपूर्ण आंदोलन पर प्रकाश डालना है जिसका इरादा देश को नक्सल फ्री भारत बनाना है।

# एक्ट्रेस डॉली सोही कैंसर से हारी जंग, पीलिया पीड़ित बहन ने भी दुनिया को कहा अलविदा






हिंदी टीवी सीरियल जगत से बेहद दुखद खबर सामने आई है। दो सगी अभिनेत्री बहनों का 48 घंटों के भीतर निधन हो गया। एक बहन पीलिया से पीड़ित थी, जबकि दूसरी सर्वाइकल कैंसर पीड़ित थी। दोनों बहनों का नाम अमनदीप सोही और डॉली सोही है। दोनों की मौत की जानकारी परिजनों ने दी है। डॉली सोही (48) का आज सुबह सर्वाइकल कैंसर के कारण निधन हो गया। जबकि उनकी बहन अमनदीप सोही की गुरुवार को पीलिया से मौत हो गई। अमनदीप की मौत के कुछ ही घंटों बाद डॉली ने दुनिया को अलविदा कह दिया। दोनों बहनों की मौत से परिवार सदमे में है। परिवार ने जानकारी दी, 'हमारी प्यारी डॉली आज सुबह हम सबको छोड़ कर चली गई। हम सब हैरान हैं। आज दोपहर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।'

एक्ट्रेस के भाई मनु ने कहा था कि उनकी बहन और टीवी एक्ट्रेस अमनदीप सोही का निधन हुआ और इसके कुछ ही घंटों बाद डॉली सोही की मौत की खबर भी आ गई। डॉली ने अपने दो दशक के टीवी करियर के दौरान कई धारावाहिकों में अभिनय किया। "बदतमीज दिल" में अपने किरदार से खूब लोकप्रियता मिली। डॉली की तरह उनकी छोटी बहन भी एक्ट्रेस थीं।

# आरसी 16 में स्टार राम चरण के साथ काम करेंगी जान्हवी





बालीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर पैन-इंडिया फिल्म आरसी 16 में स्टार राम चरण के साथ काम करेंगी। एक्ट्रेस साउथ फिल्म इंडस्ट्री में जूनियर एनटीआर के देवरा के साथ डेब्यू करने जा रही हैं। इस बीच एक और अनाउंसमेंट कर दी गई है। एक्ट्रेस अब पैन-इंडिया फिल्म आरसी 16 में स्टार राम चरण के साथ अभिनय करती नजर आएंगी।


प्रोडक्शन कंपनी माइथ्री मूवी मेकर्स ने एक्स पर एक्ट्रेस जान्हवी कपूर का स्वागत किया और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। फिल्म का निर्देशन उप्पेना से अपनी शुरूआत करने वाले बुच्ची बाबू सना करेंगे। यह वृद्धि सिनेमाज और सुकुमार राइटिंग्स के बैनर तले बनाई गई है। इसका संगीत एआर रहमान ने दिया है। जाह्नवी के पास पाइपलाइन में आरसी 16 के अलावा मिस्टर एंड मिसेज माही, उलझ, देवरा और सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी हैं। बता दें कि जान्हवी अपना 27वां जन्मदिन मना रही हैं। इस अवसर पर उन्होंने यह महत्वपूर्ण घोषणा की है।

# महाशिवरात्रि के दिन तमन्ना भाटिया ने फिल्म "ओडेला 2" से शेयर किया अपना पहला लुक




एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से महाशिवरात्रि के अवसर पर अपने फैंस और फॉलोअर्स के लिए बेहतरीन उपहार पेश किया। उन्होंने अपनी आगामी फिल्म "ओडेला 2" से बहुप्रतीक्षित फर्स्ट लुक शेयर किया। लुक से पता चलता है कि एक्ट्रेस भगवान शिव की अनुयायी का किरदार निभा रही हैं, जिसका नाम "शिव शक्ति" है। फर्स्ट लुक शेयर करते हुए उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, हर हर महादेव! हैप्पी महाशिवरात्रि!" जैसे ही उन्होंने यह लुक शेयर किया, फैंस ने एक्ट्रेस के कमेंट सेक्शन में प्यार की बाढ़ ला दी। नेटीजन्स इस पोस्टर और आगे फिल्म देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। इसके साथ ही दर्शकों के बीच यह देखने की उत्सुकता बढ़ गई है कि तमन्ना भाटिया फिल्म "ओडेला 2" में कैसा प्रदर्शन करने वाली हैं। निर्देशक अशोक तेजा द्वारा निर्देशित यह फिल्म डी. मधु ने प्रोड्यूस और संपत नंदी ने क्रिएट की है। "ओडेला 2" के अलावा तमन्ना भाटिया जॉन अब्राहम के साथ फिल्म "वेदा" में भी नजर आएंगी।

# सादगी भरे लुक में नजर आई नोरा फतेही



अक्सर वेस्टर्न आउटफिट में दिखने वाली एक्ट्रेस नोरा फतेही की कुछ तस्वीरें सामने आईं जिसमें उनका सादगी भरा लुक देखने को मिल रहा है। सामने आई तस्वीरों में नोरा को ट्रेडिशनल लुक में देखा जा सकता है। दरअसल, नोरा को हाल ही में एक ज्वेलरी शॉप के बाहर देखा गया। इस दौरान नोरा व्हाइट प्लाजो सूट में बला की खूबसूरत लग रही हैं। लुक की बात करें तो नोरा ने व्हाइट कुर्ता पेयर किया था जिसके गले पर कढाई की थी। इसके साथ उन्होंने मैचिंग प्लाजो और दुपट्टा कैरी किया था। लाइट मेकअप, ग्लोसी लिप्स और स्ट्रेट हेयर नोरा के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। ज्वेलरी शाप के बाहर नोरा स्टाइलिश अंदाज में पोज दे रही हैं। फैंस नोरा की इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं।

# फिल्म प्रमोशन के दौरान हुआ हादसा, सारा का पेट जला





फिल्म प्रमोशन के दौरान बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान हादसे का शिकार हो गई हैं। इस हादसे में सारा का पेट जल गया। यह जानकारी खुद सारा अली खान ने एक वीडियो शेयर कर दी। शेयर की वीडियो में सारा ने कहा-एक साथ दो-दो फिल्मों का प्रमोशन कर रही हूं और इस दौरान मेरा पेट जल गया है। हालांकि एक्ट्रेस ने इस बात की जानकारी नहीं दी है कि उनके साथ ये हादसा कैसे हुआ है। इस खबर के बाद से ही सारा के फैंस काफी परेशान हैं हालांकि, एक्ट्रेस को देखने के बाद ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन्हें ज्यादा गंभीर चोटे नहीं आई हैं। काम की बात करें तो सारा अली खान इन दिनों अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं।

# मोहिना कुमारी दूसरी बार बनने वाली है मां

छोटे परदे की एक्ट्रेस मोहिना कुमारी दूसरी बार मां बनने वाली है। मोहिनी के घर एक बार फिर नन्हें बच्चे की किलकारी गूंजने वाली है। यह जानकारी मोहिना ने तो नहीं दी लेकिन उनकी एक वीडियो वायरल हो रही है जिससे ये अंदाजा लगाया जा रहा है कि मोहिना दूसरी बार मां बनने जा रही हैं। सामने आए वीडियो में मोहिना लाइट पिंक साड़ी में दिख रही हैं। उन्होंने मिनिमल मेकअप,चोकर से अपने लुक को पूरा किया है। वीडियो में मोहिना का क्यूट सा बेबी बंप दिख रहा है। वहीं बैक ग्राउंस में मोहिना बेबी शावर लिखा है। इतना ही नहीं इस वीडियो का कैप्शन भी मोहिना की दूसरी प्रेग्नेंसी की तरफ इशारा कर रहा है। कैप्शन में लिखा है-जल्द ही सबसे अच्छे दोस्त बनने के लिए बड़े भाइयों श्रेयांश रावत और अयांश रावत (मोहिना का बेटा) को विशेष शुभकामनाएं और एंड सिंह परिवार में रावत को बहुत-बहुत बधाई। बता दें कि मोहिनी कुमारी को टीवी के लोकप्रिय सीरीयल ये रिश्ता क्या कहलाता है से एक नई पहचान मिली है।





# ऐ वतन मेरे वतन में अभिनेत्री उषा की भूमिका निभा रहीं सारा






बालीवुड फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में अभिनेत्री सारा अली खान रेडियो के जरिये आजादी का बिगुल फूंकने वाली 22 साल की एक लड़की उषा की भूमिका निभाती नजर आएंगी। उषा ने 1942 में क्विट इंडिया मूवमेंट में एक रेडियो स्टेशन चलाकर देश के प्रति अपनी सच्ची निष्ठा दिखाई थी। प्राइम वीडियो के साथ करण जौहर ने इस फिल्म की कहानी बताते हुए एक टीजर भी पेश किया है। ये टीजर एक मिनट 32 सेकंड का है। करण जौहर एक पुराने संग्रहालय में खड़े नजर आ रहे हैं जहां एक बोर्ड भी दिखाई दे रहा है जिस पर ऐ वतन मेरे वतन लिखा हुआ है। टीजर में एक पुराने रेडियो रिसीवर को भी देखा जा सकता है। वीडियो में निर्देशक-निमार्ता को यह कहते हुए दिखाया गया है, 1942 में अंग्रेज क्विट इंडिया मूवमेंट को बेरहमी से कुचल रहे थे। लेकिन फिर आईं उषा, 22 साल की उम्र में उषा ने हमारी जंग में एक नई जान भरी, अंग्रेजों को चकमा देते हुए अपनी जान पर खेलकर एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाया। ऐ वतन मेरे वतन में मिलिए उषा से जिनके रेडियो ने अंग्रेजों को हिलाकर रख दिया था। उषा की कहानी मुझे हमारे कई युवा, गुमनाम नायकों की याद दिलाती है। फिर हमें खादी साड़ी पहने और लाल बिंदी लगाए सारा की एक झलक मिलती है। उषा मेहता की बहादुरी की प्रेरक कहानी के बारे में बताते हुए करण ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की कहानी राजी में आलिया भट्ट द्वारा अभिनीत भूमिका के बारे में भी बात की। इसके साथ ही करण ने शेरशाह में सिद्धार्थ मल्होत्रा द्वारा अभिनीत कैप्टन विक्रम बत्रा (पीवीसी) का भी जिक्र किया, जिन्होंने दुश्मन के दिलों में डर पैदा किया और कारगिल युद्ध के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। कन्नन अय्यर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सारा के अलावा सचिन खेडेकर, स्पर्श श्रीवास्तव, अभय वर्मा, एलेक्स ओ नील और आनंद तिवारी मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही इसमें इमरान हाशमी भी नजर आएंगे।

# एक ही दिन रिलीज होंगी 'मैदान' और 'बड़े मियां छोटे मियां', क्लैश को लेकर बोले अजय देवगन





बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन स्टारर 'मैदान' जल्द ही पर्दे पर आएगी। 7 मार्च को फिल्म के निमार्ताओं ने मुंबई में एक ट्रेलर लॉन्च इवेंट का आयोजन किया। इस इवेंट में डायरेक्टर अमित शर्मा, अजय देवगन, प्रियामणि और गजराज राव मौजूद थे। बड़े बजट और बड़ी स्टारकास्ट वाली 'मैदान' और 'बड़े मियां छोटे मियां' दोनों एक ही दिन रिलीज होंगी। यह पहली बार नहीं है कि मनोरंजन उद्योग में फिल्मों की तारीखें टकराई हैं। जब अजय देवगन से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने पहली बार चुप्पी तोड़ी। अजय ने कहा, 'मैं इस सवाल का इंतजार कर रहा था। मैं इसे टकराव नहीं कहूंगा। क्योंकि-बॉक्स ऑफिस रेवेन्यू के लिहाज से मैं कभी नहीं सोचता कि दो फिल्में एक ही दिन रिलीज होनी चाहिए। लेकिन कुछ स्थितियां ऐसी होती हैं, जिसमें आपके पास अपनी फिल्म को दूसरी फिल्म के साथ रिलीज करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है।" अजय ने कहा, 'दोनों फिल्में अलग-अलग शैली की हैं। अक्षय, मैं और हम सभी एक परिवार की तरह हैं और हम अच्छे दोस्त हैं। हमारा दृष्टिकोण अलग है। हम इसे टकराव के तौर पर नहीं देखते। यह हमारे लिए एक बड़ा वीकेंड है, जिसका फायदा हमारी फिल्मों को जरूर मिलेगा। मुझे पूरा भरोसा है कि दोनों फिल्में अच्छा बिजनेस करेंगी।' इस बीच, अजय देवगन फिल्म 'मैदान' में फुटबॉल कोच की भूमिका निभाएंगे।

फिल्म में प्रियामणि, गजराज राव और बंगाली अभिनेता रुद्रनील घोष भी प्रमुख भूमिका में हैं। 'मैदान' अप्रैल में ईद के समय सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जानकारी के मुताबिक, फिल्म की रिलीज डेट 12 अप्रैल बताई जा रही है, लेकिन अभी तक मेकर्स की ओर से तारीख की घोषणा नहीं की गई है।

## सूडोकु नवताल- 6726

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6725 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल- 7473

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कृ | श | मु | श | सी | क | हो | ना | प्या | र | हैं |
| ष | क्रि | ल | ना | तु | म | जा | नो | ना | ह | म |
| य | के | या | हे | नि | ल | ना | न | व | टि | रू |
| इं | ट | दें | न | शा | वा | क्ष्य | क | ले | ज | क |
| प | दा | ह | मी | ने | तो | हो | थ | गो | भी | त |
| को | स | क | प | श | स | ए | व | खु | वॉ | व |
| द | ई | न | न | जी | न | ह | शी | गो | ली | द |
| क | र | मि | प | क्श | प | क | र | चो | आ | ख |
| र | व | त | ल | रा | भी | त | श्मी | अ | शा | अ |
| क | र | ल | प | ग | ज | ता | रे | र | ह | द |
| क | ह | रि | म | श | या | चि | मु | की | फि | जा |

शब्दजाल में ऋतिक रोशन की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

कृष, कोई मिल गया, कभी खुशी कभी गम, फिजा, कहोना प्यार है, मीशन कश्मीर, यादें, ना तुम जानो ना हम, लक्ष्य, आशा.

शब्दजाल - 7472 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | दि | ल | का | रि | श्ता | ज | ब | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | दी | वा | ग्री | द | इ | ह | ड |
| वा | व | ना | पू | वा | जी | थ | न | ग | क | र |
| दा | ची | न | ते | ना | ज | आँ | म | पा | त | ना |
| म | त | ई | ड | प | व | खें | न | ग | र्क | ज |
| र | ए | म | सु | न | दि | पू | न | डॉ | र | रु |
| ती | ज | क | मे | ता | क | ल | श | न | ज | री |
| क | ल | ग | अ | सं | भ | व | है | ली | न | है |
| ब्रे | बो | र्न | य | ज | चि | क | री | तु | प | ला |
| ऐ | ला | न | न | ज | न | त्र | ट | जी | म्हो | त |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | बी | र | रा | त | रा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6426

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | | 4 | | 7 | |
| | 30 | 3 | 21 | | 35 | |
| 7 | 5 | | | 4 | 2 | 6 |
| | 33 | 6 | 39 | | 31 | |
| 4 | | | 7 | 6 | 1 | |
| | 33 | 4 | 42 | | 26 | 1 |
| 3 | 1 | | 6 | | 5 | 4 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 6425 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 42 | 7 | 33 | 1 | 23 | 3 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 2 | 32 | 3 | 38 | 7 | 32 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 6 | 24 | 1 | 33 | 5 | 35 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# मधुमक्खी का डंक एड्स कैंसर जैसे रोग भगाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** मधुमक्खियां न केवल मीठा शहद देती हैं और बल्कि वे अनेक गंभीर बीमारियों के उपचार में भी मददगार हो सकती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि मधुमक्खियों के डंक (बी-वेनम) और उनके जरिये मिलने वाले पराग (पोलन) से कैंसर और एड्स सहित कई बीमारियों की दवाएं विकसित किए जाने की उम्मीद है। राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड की कार्यकारिणी के सदस्य देवव्रत शर्मा के अनुसार, मधुमक्खी के डंक, मोमी गोंद (प्रोपोलिस) और पोलन का इस्तेमाल आज दुनिया के तमाम देशों में कैंसर, एड्स, आर्थराइटिस आदि कई गंभीर रोगों के इलाज में किया जा रहा है। उन्होंने कहा, भारत मधुमक्खी पालन में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वह शहद के निर्यात के क्षेत्र में काफी आगे है। साथ ही मधुमक्खियों को पालने से मिलने वाले बी वेनम, पोलन और प्रोपोलिस से कई गंभीर रोगों की दवाएं विकसित करने की दिशा में भी तेजी से अग्रसर है। वर्तमान में इन उत्पादों का भारत में करीब एक हजार करो? रुपये का बाजार है, जिसमें अमेरिकी कंपनियों का वर्चस्व है। लेकिन बहुत जल्द देश उस दिशा की ओर बढ़ रहा



है जहां वह बाहरी कंपनियों के दबदबे को गंभीर चुनौती दे सकता है।

शर्मा ने कहा, देश में आज 90 हजार मीट्रिक टन शहद का उत्पादन हो रहा है, जो वर्ष 1991 में 200 टन से 400 टन के बीच होता था। आज भारत मधुमक्खीपालन में विश्व में पांचवें स्थान पर है। इसमें शहद निर्यात लगभग 500 करोड़ रुपये का होता है और देश से करीब 40 हजार टन का निर्यात होता है।

**खेती में भी सहायक :** मधुमक्खियां परागण का माध्यम बनकर खेती में सहायता करती हैं। मधुमक्खी पालन के जरिये खेती में परागण क्रिया की रफ्तार बढ़ाई जा सकती है, जिससे पैदावार में खासी बढ़ोतरी हो सकती है। इसके जरिये दलहन और तिलहन की कमी की स्थिति दूर की जा सकती है। भारत में आज हर राज्य में एकीकृत मधुमक्खीपालन विकास केंद्र की स्थापना की गई है, जिसका एक केंद्र दिल्ली के पूसा संस्थान में भी है।

स्वास्थ्य

# हेल्दी रहेगा आपका बच्चा, अगर खाना होगा ऐसा



बच्चे हरी सब्जियां, अंकुरित अनाज खाना ज्यादा पसंद नहीं करते हैं, लेकिन उनके स्वास्थय के लिए स्वस्थ आहार लेना बेहद जरूरी है, इसलिए उन्हें स्वास्थ्यप्रद भोजन इस तरह से परोसें कि देखने में यह अच्छा दिखे और वे खाने में दिलचस्पी लें. जिमपिक (ऑनलाइन फिटनेस प्लेटफॉर्म) की पोषण व आहार विशेषज्ञ सुजेता शेट्टी और डॉटर इंस्टा (टेली-मेडिसिन प्लेटफॉर्म) की आहार विशेषज्ञ ने बच्चों के मन में स्वस्थ आहार के प्रति रुचि जगाने के संबंध में सुझाव दिए हैं.

» चोकर सहित गेहूं के आटे की रोटी, दलिया, क्विन्वा या ब्राउन ब्रेड बच्चे को खिलाएं. चोकर या छिल्का युक्त अनाज विटामिन बी और फाइबर से भरपूर होते हैं, जो आपके बच्चे का पेट भरने के साथ ही उनके पाचन को सुधारने में भी मददगार होते हैं. बच्चों को अंकुरित अनाज, सोयाबीन, चना भी खिलाएं.

» प्रोटीन ऊतकों का मरेमत करने, हीमोग्लोबिन बनाने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, मांसपेशियों को विकसित करने में मदद करता है. सी फूड, अंडे, लीन मीट, मुर्गी, फलियां, मटर, दूध, दाल, सोया आदि प्रोटीन के स्रोत होते हैं.

» बच्चों के आहार में फल और सब्जियां शामिल करने में अेसर मां को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. अपने बच्चों को विभिन्न फलों को खाने के लिए प्रोत्साहित करें. फलों का जूस कभी-कभार ही दें, `योंकि चोकर युक्त अनाज के फाइबर को ये शरीर से निकाल देते हैं और अगर जूस देना है तो बाजार में डिबाबंद जूस में ढेर सारा चीनी होता है, इसलिए घर पर बिना चीनी मिलाए जूस ही बच्चे को दें.

» विभिन्न प्रकार की सब्जियां खिलाएं, मटर, बीन्स, ब्रोकली, हरी पौदार सब्जियां आपके बच्चे के सेहत के लिए काफी फायदेमंद हैं. ये विटामिन्स, मिनरल और आयरन से भरपूर होती हैं.

» कम वसा युक्त डेयरी उत्पाद जैसे दूध, दही, पनीर आदि कैल्शियम का अच्छा स्रोत होते हैं, जो शरीर की हड्डियों को मजबूत बनाते हैं. बच्चों के लिए गाय और बकरी के दूध का सेवन ज्यादा लाभदायक होता है.

### बच्चों के आहार में इन चीजों को नहीं करें शामिल

» एडेड सुगर बच्चों को नैचुरल खाद्य प्दार्थ और पेय पदार्थो की आदत डालते हैं. प्रसंस्कृत भोजन, चॉकलेट्स, कैंडी, ब्राउन सुगर को सीमित मात्रा में ही बच्चों के आहार में शामिल करें, क्योंकि इससे उनके दांतों में कैविटी होने की आशंका होती है और आगे चलकर सिर दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

» संतृप्त और ट्रांस फैट वाले भोज्य पादार्थ सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं, जैसे उच्च वसा वाले दूध, रेड मीट और मुर्गी आदि. संतृप्त वसा युक्त आहार के बजाय विटामिन ई और आवश्यक फैटी एसिड युक्त सब्जियों, नट ऑयल और सी फूड का सेवन करें. स्वास्थयपरक फैट नट्स, ऑलिव और एवोकैडो में पाए जाते हैं.

» गर्मियों में बच्चों को खूब तरल पदार्थो का सेवन कराएं, ताकि उनका शरीर हाइड्रेट रहे. उनके आहार में दही, पुदीना, खरबूज, तरबूज और गुलकंद शामिल करें.

# 5 अपने बच्चों को जरूर सिखाएं बेसिक टेबल मैनर्स

कहते हैं बच्चों का पहला स्कूल उनका घर होता है और यहीं से बच्चे जीवन की कई अहम बातों को सीखते हैं। ऐसे में बच्चों को मूलभूत शिष्टाचार और तहजीब सिखाने के साथ ही बेहद जरूरी है कि उन्हें कुछ बेसिक टेबल मैनर्स भी सिखाए जाएं ताकि उनका खाना खाने का एक्सपीरियंस भी बेहतरीन रहे-



### 1. स्थिर होकर बैठना

4-5 साल की उम्र आते-आते बच्चे को एक जगह पर कम से कम आधे घंटे स्थिर होकर बैठना सीखना चाहिए। यही वो समय है जब आपको बच्चे को अपने साथ डिनर टेबल पर बैठना सिखाना शुरू करना चाहिए। लेकिन ध्यान रखें कि बच्चे टेबल की लेवल तक पहुंच सकें और आराम से बैठें, इसके लिए या तो कुर्सी पर कुशन रख दें या फिर बच्चों के लिए खासतौर पर डिजाइन की गई कुर्सी का इस्तेमाल करें।

### 2. ढंग से खाना

अपने बच्चे को सिखाएं कि किस तरह उन्हें छोटे-छोटे टुकड़े तोड़कर, खाने को अच्छी तरह से चबाकर और मुंह बंद करके खाना खाना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी सिखाएं कि पानी पीते वक्त उन्हें ध्यान रखना है कि आवाज न हों। इसके अलावा बच्चों में ऐसी आदत भी डालें कि वह प्लेट में उतना ही खाना लें जितना खा सकें ताकि खाने को बर्बाद होने से बचाया जा सके।

### 3. बर्तनों का इस्तेमाल

किस बर्तन में या खाना है इसकी जानकारी भी शुरुआती उम्र से ही बच्चों को होनी चाहिए। उदाहरण के लिए- सूप के लिए बड़े चेमच और डिजर्ट के लिए छोटे चेमच या फिर दाल या किसी दूसरे लिक्विड के लिए कटोरी का इस्तेमाल। ये सारी बातें बच्चों को बचपन से ही सिखानी चाहिए।

### 4. तारीफ करना

बच्चों को यह भी सिखाएं कि अगर उन्हें खाने की कोई चीज टेस्टी लगती है तो उन्हें उसे बनाने वाली कि तारीफ किस तरह करनी चाहिए। साथ ही अगर कोई चीज उन्हें अच्छी न लगे तो किस तरह विनम्रतापूर्वक यह बताना है कि उन्हें वह डिश पसंद नहीं आयी।

### 5. खाने के बाद

बच्चों में बचपन से ही यह आदत डालें कि खाने के बाद उन्हें अपनी प्लेट खुद उठाकर सिंक में रखनी है। अगर बच्चे प्लेट उठाने में सक्षम नहीं हैं तो छोटे बर्तनों जैसे- कटोरी, ग्लास इन सबसे शुरुआत करें। साथ ही खाने के बाद हाथ और मुंह धोने की आदत डालना भी बेहद अहम है।

इन छुट्टियों में बच्चों के साथ

# वाइल्ड लाइफ सफारी का लें मजा

बच्चों की गर्मी की छुट्टि?यां आने वाली हैं। ऐसे में इस बार अपने बच्चे के साथ किसी हिल स्टेशन पर जाने की बजाए वाइल्ड लाइफ सफारी का मजा उठाएं। हम आपको बता रहे हैं देश के बेहतरीन बेस्ट वाइल्ड लाइफ सफारी के बारे में जहां जंगलों के बीच आप खूब इंजॉय भी करेंगे-



### 1. जिम कॉर्बेट नैशनल पार्क

उेराखंड में स्थित यह नैशनल पार्क देश का सबसे प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ पार्क है। यहां दुनियाभर से पर्यटक आते हैं। जिम कॉर्बेट जाने का बेस्ट टाइम मध्य नवंबर से जून और टाइगर देखने के लिए मार्च से मई के महीने में जाना सबसे अच्छा रहता है।

### 2. रणथंभोर नैशनल पार्क

यह नैशनल पार्क राजस्थान में है और यहां आप बड़ी आसानी से बाघों को घूमते हुए देख सकते हैं। अगर आप फोटोग्राफी के शौकीन हैं तो आपको यहां और भी कई खूबसूरत प्राकृतिक दृश्य देखने को मिलेंगे। रणथंभोर जाने का सबसे बेस्ट टाइम अेटूबर से जून तक का समय है।

### 3. बांधवगढ़ नेशनल पार्क


मध्यप्रदेश के उमड़िया जिले में स्थित बांधवगढ़ अेयारण्य बाघों के लिए प्रसिद्ध है। बंगाल टाइगर की जनसेंया घनत्व के मामले में बांधवगढ़ का स्थान दुनिया में पहला है। इसके अलावा यहां बड़ी सेंया में चीता और हिरण भी पाये जाते हैं।

### 4. पेरियार वाइल्ड लाइफ

पेरियार राष्ट्रीय उद्यान भारत का एक प्रमुख राष्ट्रीय उद्यान है जो वेस्टर्न घाट केरल में मौजूद है। यह राष्ट्रीय उद्यान बाघ और हाथी संरक्षित क्षेत्र है। यहां नदी के गहरे जल में हाथी तैरने का अेयास करते हैं। नीलगाय, सांभर, भालू, चीता और तेंदुआ जैसे कई जंगली जानवर भी यहां पाए जाते हैं। इस नैशनल पार्क में सितंबर से दिसंबर के बीच जाना बेस्ट रहता है।

स्वास्थ्य

# शरीर में कैल्शियम की कमी को न करें नजरअंदाज




कैल्शियम मजबूत हड्डियों के लिए जरूरी है, यह रक्त के थक्के (लड `लॉटिंग) में भी मदद करता है. शिशुओं के शुरुआती विकास और मांसपेशियां बनाने में भी सहायक होता है. कैल्शियम की कमी से कमजोर नाखून, दांत में दर्द, मासिक धर्म दर्द, धड़कन बढ़ना और नाड़ी की समस्याएं हो सकती हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक, 14 से 20 साल उम्र के ज्यादातर भारतीय से कैल्शियम की कमी से जूझ रहे हैं. सब्जियां, दही, बादाम और पनीर इसके स्रोत हैं.

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष डॉ. के.के. अग्रवाल ने बताया कि कैल्शियम की कमी जिसे हायपोकैल्शिमिया भी कहा जाता है, तब होता है जब आपको पूरा कैल्शियम नहीं मिलता. अच्छी सेहत के लिए कैल्शियम के महत्व के बारे में पता होना चाहिए.

उन्होंने कहा कि जिन लोगों में कैल्शियम की कमी हो, उन्हें अपने आप दवा नहीं लेनी चाहिए और ज्यादा मात्रा में सप्लीमेंट्स नहीं लेने चाहिए. डॉटर से सलाह लें और सेहतमंद खानपान के साथ सप्लीमेंट लें.

उन्होंने कहा कि उम्र के साथ कैल्शियम की कमी हो सकती है. शरीर का ज्यादातर कैल्शियम हड्डियों में संचित होता है. उम्र बढ़ने के साथ हड्डियां पतली और कम सघन हो जाती हैं जिससे कैल्शियम की मांग बढ़ जाती है.

भूखे रहने और कुपोषण, हार्मोन की गड़बड़ी, प्रिमैच्योर डिलीवरी और मैलऐब्सॉर्शन की वजह से भी कैल्शियम की कमी हो सकती है. मैलऐब्सॉर्शन तब होता है, जब हमारा शरीर खुराक से विटामिन और मिनरल नहीं सोख पाता.

### लक्षण

**मसल क्रैंपः** होमोग्लोबिन और पानी की उचित मात्रा लेने के बावजूद अगर आप नियमित रूप से मसल क्रैंप का सामना कर रहे हैं तो यह कैल्शियम की कमी का संकेत हैं.

**लो बोन डेनसिटीः** जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है कैल्शियम हड्डियों की मिनरलेजाईशन के लिए जरूरी होता है. कैल्शियम की कमी सीधे हमारी हड्डियों की सेहत पर असर करती है और ओस्टियोपोरोसिस और फ्रैक्च र का खतरा बढ़ा सकती है.

**कमजोर नाखूनः** नाखून के मजबूत बने रहने के लिए कैल्शियम की जरूरत होती है, उसकी कमी से वह भुरभुरे और कमजोर हो सकते हैं.

**दांत में दर्दः** हमारे शरीर का 90 प्रतिशत कैल्शियम दांतों और हड्डियों में जमा होता है उसकी कमी से दांतों और हड्डियों का नुकसान हो सकता है.

**मासिक धर्म दर्द :** कैल्शियम की कमी वाली महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान काफी तीव्र दर्द हो सकता है, `योंकि मांसपेशियों के काम करने में कैल्शियम अहम भूमिका निभाता है.

**ऐयूनिटी में कमीः** कैल्शियम सेहतमंद रोग प्रतिरोधक क्षमता बना के रखता है. कैल्शियम में कमी पैथगॉन अटैक से जूझने की क्षमता कम कर देता है.

**नाड़ी की समस्याएं :** कैल्शियम कमी से न्योरोलॉजिकल समस्याएं जैसे कि सिर पर दबाव की वजह से सीजर और सिरदर्द हो सकता है. इसकी कमी से डिप्रेशन, इनसोमेनिया, पर्सनैल्टी में बदलाव और डेंनिशिया भी हो सकता है.

**धड़कनः** कैल्शियम दिल के बेहतर काम करने के लिए आवश्यक है और कमी होने पर हमारे दिल की धड़कन बढ़ सकती है और बेचैनी हो सकती है. कैल्शियम दिल को रक्त पंप करने में मदद करता है.

डॉ. अग्रवाल की सलाह है कि अगर आप इनमें से किसी लक्षण का सामना कर रहे हैं तो अपने डॉटर से संपर्क करें.

# काम के प्रेशर को अपने रिश्ते पर हावी न होने दें

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में वर्कप्रेशर हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। लेकिन जब वर्कप्रेशर आपके रिश्ते पर हावी होने लगता है तो इसका रिश्ते पर बुरा प्रभाव पड़ता है। लिहाजा कुछ बातों का ध्यान रखकर आप अपने रिश्ते को बर्बाद होने से बचा सकते हैं-

### 1. काम को ऑफिस में ही छोड़ दें

काम की वजह से इन दिनों लोग गैजट्स के साथ कुछ ज्यादा ही वक्त बिताने लगे हैं। लेकिन आपको एक वक्त चुनना होगा जब आपको इनसे दूरी बनानी है। अपनी जॉब को बचाने और उसमें और बेहतर करने के लिए निरंतर कोशिश करते रहना अच्छा है। लेकिन खाने की टेबल पर ऑफिस की मेल्स चेक करना या फिर पार्टनर के साथ बात करते वक्त या बिस्तर पर भी ऑफिस के काम में ही व्यस्त रखना आपके और आपके रिश्ते की मुश्किलें बढ़ा सकता है।



### 2. अपने लिए समय निकालें

जब ऑफिस में आपका काम और माहौल तनाव से भरा हो तो ऑफिस से निकलते ही ऐसा महसूस होता है जैसे किसी जंग के मैदान से निकले हों। हो सकता है आपका पार्टनर आपकी इस समस्या को समझे लेकिन हर वक्त हैरान परेशान रहने वाले इंसान के साथ कोई भी नहीं रहना चाहेगा। इसलिए जब आप ऑफिस से बाहर निकलें तो अपने लिए कुछ समय निकालें, खुद को शांत करें और उसके बाद घर जाएं।

### 3. ऑफिस की हर बात न बताएं

कई बार ऐसा होता है कि अगर हम अपनी बात नहीं कहते तो हम अंदर ही अंदर परेशान होते रहते हैं लेकिन अगर बोल देते हैं तो हमें बेहतर महसूस होता है। बावजूद इसके अपने ऑफिस की हर बात पार्टनर को न बताएं। साथ ही हर वक्त अपनी बातें बोलते रहने की बजाए आपको कोशिश करनी चाहिए कि आप पार्टनर की बातें भी सुनें। उनसे भी पूछें कि उनका दिन कैसा रहा।

### 4. पॉजिटिव चीजों को बैलेंस करें

हो सकता है आपके लिए ऐसा करना मुश्किल हो लेकिन अपने रिश्ते की नेगेटिव और पॉजिटिव बातों को बैलेंस करना सीखें। पार्टनर के साथ क्वॉलिटी टाइम बिताएं, साथ में मस्ती करें। इससे आपके रिश्ते में खुशियों का लेवल बना रहेगा और आप दूसरे दिन एक बार फिर तरोताजा रहकर ऑफिस के काम के लिए तैयार रहेंगे।

रेसिपी

## स्पाईसी बाजरा पराठा



### सामग्री

1 कप बाजरा का आटा, 2 टेबल-स्पून गेहूं का आटा, नमक स्वादअनुसार, बाजरा का आटा , बेलने के लिए, 3 टी-स्पून तेल , पकाने के लिए, मिलाकर भरवां मिश्रण बनाने के लिए ,3/4 कप चूरा किया हुआ लो फैट पनीर, 1/2 कप बारीक कटी हुई मेथी, 3/4 कप बारीक कटे हुए टमाटर, 2 टी-स्पून बारीक कटी हुई हरी मिर्च, नमक स्वादअनुसार, परोसने के लिए: लो-फैट दही

### विधि

भरवां मिश्रण को 6 बराबर भाग में बांटकर एक तरफ रख दें।

बाजरे का आटा, गेहूं का आटा और नमक को एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें और जरुरत मात्रा में गरम पानी का प्रयोग कर नरम आटा गूंथ लें। आटे को 6 बराबर भाग में बांटकर एक तरफ रख दें।

थोड़े सूखे बाजरे आटा का प्रयोग कर, आटे के एक भाग को 125 मिमी (5) व्यास के गोल आकार में बेल लें। रोटी के आधे भाग में, भरवां मिश्रण के एक भाग को रखकर, चंद्राकार में मोड़ लें।

एक नॉन-स्टिक तवा गरम करें, और 1/2 टी-स्पून तेल का प्रयोग कर पराठे के दोनो तरफ सुनहरे दाग पड़ने तक पका लें। दोहराकर 5 और पराठे बना लें। लो-फैट दही के साथ तुरंत परोसें।

# मसालों को लंबे समय तक करना है स्टोर तो अपनाएं ये तरीके

मसाले, इनका इस्तेमाल तो हर घर में किया जाता है। `योंकि यह खाने का स्वाद चार गुना बढ़ा देते हैं। लेकिन इन्हें लंबे समय तक सुरक्षित रखना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। `योंकि कई मसाले ऐसे होते हैं जो सील जाते हैं या फिर उनकी महक खत्म हो जाती है। अगर आप भी अपने मसालों को लंबे समय तक सुरक्षित रखना चाहते हैं तो इस काम हम आपकी मदद कर सकते हैं। जी हां, आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे जो आपके मसालों को लंबे समय तर सुरक्षित रखेगें।

**1. नमी वाली जगह से दूर रखें :** सबसे पहले आप इस बात का जरूर ध्यान रखें कि आप जहां कहीं भी मसालों को रखने के लिए जगह बना रहे हैं वहां पानी ना हो। अगर पानी होगा तो ऐसे में मसालों में सीलन आ जाएगी जिससे कि मसाले खराब होने लगेंगे।

**2. रोशनी से रखें दूर :** रोशनी मसालों के अंदर होने वाले ऑयल को ऑसीडाइज कर देती है, जिसकी वजह से उनका वास्तविक जायका बेकार हो जाता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप रोशनी वाली जगह मसालों को ना रखें।

**3. खड़े मसालों को करें स्टोर :** पीसे हुए मसालों की जगह आप खड़े मसालों को स्टोर करें। फिर बाद में जब भी इनकी जरूरत पड़े तब इन्हें पीसकर इनका इस्तेमाल कर लें। एक तो यह खराब नहीं होते और दूसरा इससे आपको स्वाद भी लाजवाब मिलेगा।

**4. ज्यादा गहरे जार का इस्तेमाल न करें :** मसालों को ज्यादा गहरे जार में ना रखें। छोटे और आवश्यकतानुसार जार में ही रखें। `योंकि गहरे जार में नीचे के मसाले खराब हो सकते हैं।

# घर के इन कामों में मददगार है चॉक

बचपन के कुछ पल ऐसे होते हैं जिन्हें याद करके चेहरे पर एक प्यारी सी मुस्कान आ जाती है। जैसे की चॉक के साथ खेलना। बच्चे इंतजार करते हैं कि कब टीचर `लास से जाएं और हम चॉक उठाकर उससे खेलना शुरू करें। समय बदलने के साथ अब चॉक की जगह मार्कर का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन चॉक के कई ऐसे फायदे है जिसके बारे में अधिकतर लोग नहीं जानते। चॉक के साथ घर के कई कामों को किया जा सकता है।



### 1. दागों को करें दूर

अेसर कपड़ों पर ग्रीस के दाग लग जाते हैं जोकि आसानी से छूट नहीं पाते। वहीं, चॉक से इन दागों को आसानी से छुड़ाया जा सकता है।

### 2. चांदी के बर्तन को करें साफ

चांदी के बर्तनों का इस्तेमाल कम ही होता है लेकिन धीरे-धीरे इसकी चमक कम होने लगती है। अगर चांदी के बर्तनों के साथ चॉक के कुछ पीस रख दिए जाएं तो इनकी चमक बरकरार रहती है।

### 3. कपड़ों की बदबू को करें दूर

वर्किंग वूमन रोजाना कपड़े नहीं धो पाती। ऐसे में कपड़ों को इेट्ठा रखने से बदबू आने लगती है। लॉन्ड्री बैग में कुछ चॉक के स्टीस डाल दें। इससे बदबू दूर होगी।

### 4. चींटियों से छुटकारा

लोग अेसर क्रॉकरोच और चींटियों को भगाने के लिए लक्ष्मण रेखा का इस्तेमाल करते हैं। आप चॉक को यूज करके भी चींटियों से छुटकारा पा सकते है।

### 5. टूल बॉक्स

टूल बॉस के औजारों को जंग लगने से बचाने के लिए चॉक का इस्तेमाल करें। ऐसे में टूल बॉस में चॉक रख दें, इससे जंग नहीं लगेगा।

## चटपटा दहीवाला ब्रेड



### सामग्री

5 ब्रेड स्लाईस , टुकड़ो में कटे हुए, 1/2 कप दही, 1/4 टी-स्पून हल्दी पाउडर,
1/2 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर,
नमक स्वादअनुसार, 1/2 टी-स्पून ज़ीरा, 1/4 टी-स्पून हींग, 3 - 4 कड़ी पेाा,
1/2 टी-स्पून कसा हुआ अदरक, 1/4 कप पतले स्लाईस्ट प्याज,
2 टेबल-स्पून तेल, सजाने के लिए,
1 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया

### विधि

एक बाउल में 2 दही, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और नमक को 2 टेबल-स्पून पानी के साथ अच्छी तरह मिला लें। ब्रेड के टुकड़े डालकर अच्छी तरह मिला लें। एक तरफ रख दें।

एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन में तेल गरम करें और जीरा डाले। जब बीज चटकने लगे, हींग, कड़ी पेाा और अदरक डालकर मध्यम आंच पर कुछ सेकेन्ड तक भून लें।

प्याज़ के स्लाईस डालकर मध्यम आंच पर 1 से 2 मिनट तक या उनके हल्के सुनहरे होने तक भून लें। ब्रेड का मिश्रण डालकर धीमी आंच पर 1 से 2 मनट या ब्रेड के सुनहरा होने तक, बीच-बीच में हिलाते हुए भुन लें। धनिया से सजाकर गरमा गरम परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**